3 राजधानी
हनुमान जयंती पर उमड़ा हुजूम

6 अभिमत
घृणापूर्ण भाषण की काल्पनिक अवधारणा

10 विदेश
जापानी सेना का हेलीकॉप्टर लापता

11 राष्ट्रीय
ट्विटर पर भिड़े रमेश और ज्योतिरादित्य

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 151
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



विलियमसन को करानी होगी सर्जरी
स्पोर्ट्स-12

# लोस चुनावों में भाजपा को कोई नहीं हरा सकता

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**अगले** साल होने वाले लोकसभा चुनावों में जीत के प्रति आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि अगले साल (चुनावों में) पार्टी को कोई नहीं हरा सकता। उन्होंने कहा कि आत्म संदेह को खत्म करने के बाद भगवान हनुमान की तरह ही भारत अपनी क्षमता का एहसास कर रहा है। उन्होंने इस दौरान कार्यकर्ताओं से अति आत्मविश्वास से दूर रहने का भी आह्वान किया। उन्होंने बादशाही मानसिकता रखने तथा गरीबों एवं पिछड़े वर्गों का अपमान करने के लिए विपक्ष की आलोचना भी की।

भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे लोग अपने भ्रष्टाचार के उजागर होने से हताश हो गए हैं और उनकी सरकार के खिलाफ साजिश रच रहे हैं जो भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से मुक्त कराने के लिए कड़े कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नफरत से भरे ये लोग एक के बाद एक झूठ बोल रहे हैं। वे अपने भ्रष्ट कर्मों के उजागर होने पर बेचैन और हताश हो गए हैं। वे अब केवल एक ही रास्ता देख रहे हैं। वे खुलेआम मोदी तेरी कब्र खुदेगी कह रहे हैं। वे

**● लेकिन अति आत्मविश्वास से बचे कार्यकर्ता, विपक्ष पर साधा निशाना, कहा- बादशाही मानसिकता वाले ये लोग दूसरों के साथ, विशेष रूप से गरीबों और वंचितों के साथ गुलामों के जैसा व्यवहार करते थे**

मेरी कब्र खोदने की धमकी दे रहे हैं। मोदी ने 10 लाख से अधिक स्थानों पर उनके करीब 50 मिनट के संबोधन को सुनने वाले पार्टी सदस्यों को अति आत्मविश्वास के प्रति आगाह किया और कहा कि यह पहले से ही कहा जा चुका है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को कोई नहीं हरा सकता। उन्होंने कहा कि पहले से ही कहा जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को कोई नहीं हरा सकता लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को अति आत्मविश्वास की भावना से सचेत रहना होगा।' उन्होंने कहा, हमें दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी अति आत्मविश्वास का शिकार नहीं होना है। लोगों ने अभी से कहना शुरू कर दिया है कि 2024 में भाजपा को कोई नहीं हरा सकता। यह बात सही भी है लेकिन हमें एक भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते इस देश के हर नागरिक का दिल जीतना है। प्रधानमंत्री ने कहा,



भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी सदस्यों को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

हमें चुनाव जीतने तक सीमित नहीं रहना है। कोटि-कोटि जनों के दिलों को जीतना हमारा मकसद है।

कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि इनकी संस्कृति परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद की रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीतिक संस्कृति प्रत्एक देशवासी को साथ लेकर चलने की है। उन्होंने कहा कि गरीबों, आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों और महिलाओं सहित अन्य लोगों का समर्थन कमल की रक्षा करता रहेगा और इसे खिलने में मदद जारी रखेगा। कमल भाजपा का चुनाव चिह्न है। मोदी ने कहा कि बादशाही (सामंती) मानसिकता वाले ये लोग दूसरों के साथ, विशेष रूप से गरीबों और वंचितों के साथ गुलामों के जैसा व्यवहार करते थे, लेकिन इन लोगों को भाजपा ने 2014 से सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा, हमें हर चुनाव उसी तरह लड़ना है जैसे हम 80 के दशक से अभी तक लड़ते आए हैं। इस अवसर पर मोदी ने भगवान हनुमान और भाजपा के बीच समानताएं बताईं और कहा कि पार्टी नि:स्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि आत्म संदेह को खत्म करने के बाद भगवान हनुमान की तरह ही भारत अपनी क्षमता का एहसास कर रहा है। मोदी ने कहा, अगर हम भगवान हनुमान का पूरा जीवन देखें तो उनमें कर सकने वाला की प्रवृत्ति थी जिसकी वजह से उन्हें बड़ी सफलताएं हासिल हुईं। हनुमान जन्मोत्सव बृहस्पतिवार को मनाया जा रहा है। मोदी ने मुफ्त राशन योजना, स्वास्थ्य बीमा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि सामाजिक न्याय भाजपा के लिए आस्था का विषय है।

भारत को लोकतंत्र की जननी करार देते हुए मोदी ने कहा कि प्रारंभ से ही भाजपा की आस्था जनता के विवेक पर रही है एवं दिनों दिन वह आस्था और मजबूत होती जा रही है। उन्होंने कहा, भाजपा ने लोकतंत्र की कोख से जन्म लिया, भाजपा लोकतंत्र के अमृत से पोषित है और भाजपा देश के लोकतंत्र व उसके संविधान को मजबूत करते हुए समर्पण भाव से दिन-रात देश के लिए काम कर रही है। भाजपा को विकास, विश्वास और नए विचार का पर्याय बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय उनकी पार्टी की विचारधारा का आधार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में बहुत सारे दलों ने सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति का दिखावा किया और इन दलों के मुखिया अपने परिवार का भला करते रहे। मोदी ने कहा, उन्होंने समाज की कतई चिंता नहीं की जबकि भाजपा सामाजिक न्याय को जीती है, उसकी भावना का अक्षरश: पालन करती है। 80 करोड़ गरीबों को बिना भेदभाव मुफ्त राशन मिलना सामाजिक न्याय का ही प्रतिबिंब है। 50 करोड़ गरीबों को बिना भेदभाव 5,00,000 रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलना सामाजिक न्याय की ही सशक्त अभिव्यक्ति है।

# नीतिगत दरों में कोई परिवर्तन नहीं रेपो रेट 6.5 प्रतिशत पर कायम

**● रेपो रेट में बदलाव न होने से वाहन, मकान और अन्य ऋणों पर ब्याज दर में बढ़ोतरी के रुख पर लगाम लगेगी**

**एजेंसी ।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बृहस्पतिवार को अप्रत्याशित रूप से नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। आरबीआई के इस कदम से वाहन, मकान और अन्य ऋणों पर ब्याज दर में बढ़ोतरी के रुख पर लगाम लगेगी।

नीतिगत दर नहीं बढ़ाने का निर्णय बाजार की उम्मीद से ज्यादा है। बाजार और विशेषज्ञ यह उम्मीद कर रहे थे कि केंद्रीय बैंक रेपो दर में वृद्धि को रोकने से पहले ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की एक और वृद्धि करेगा। साथ ही केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को मामूली बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। वहीं चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति अनुमान को भी घटाकर 5.2 प्रतिशत



मुंबई में पत्रकार वार्ता में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और डिप्टी गवर्नर एम के जैन

किया गया है। पहले इसके 5.3 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया था। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, एमपीसी ने आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी को बरकरार रखने तथा उसे और गति देने के लिए आम सहमति से नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया है।

उन्होंने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा, मुद्रास्फीति को लक्ष्य के दायरे में लाने के लिए एमपीसी उदार रुख को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित करेगी। एमपीसी की बैठक सोमवार को शुरू हुई। मंगलवार को महावीर जयंती के मौके पर अवकाश था। यह चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इससे पहले, आरबीआई मुख्य रूप से मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है।

केंद्रीय बैंक नीतिगत दर के बारे में निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई दर पर गौर करता है। उसे मुद्रास्फीति दो से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रेपो दर यथावत रहने के साथ स्थाई जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 6.25 प्रतिशत, सीमांत स्थाई सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर 6.75 प्रतिशत पर (शेष पेज 9)

# भाजपा में शामिल हुए एके एंटनी के बेटे अनिल

**● पीयूष गोयल और वी मुरलीधरन की मौजूदगी में ली पार्टी की सदस्यता, कांग्रेस पर साधा निशाना**

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, राज्यसभा सदस्य व भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में अनिल एंटनी ने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा में शामिल होते ही एंटनी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि उनका धर्म राष्ट्र के लिए काम करना है ना कि एक परिवार के लिए काम करना। संस्कृत के प्रचलित श्लोक धर्मो रक्षति रक्षित: का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, आजकल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को लगता है कि उनका धर्म एक परिवार के लिए काम करना है। मेरा धर्म राष्ट्र के लिए काम करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल और वरिष्ठ भाजपा नेता वी. मुरलीधरन की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली।

## अनिल एंटनी ने पिता को दिया धोखा: कांग्रेस

**एजेंसी ।** त्रिस्सूर/तिरुवनंतपुर

**भारतीय** जनता पार्टी में शामिल होने के लिए अनिल के. एंटनी को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस ने उनकी आलोचना की और कहा कि उन्होंने मौंडी बृहस्पतिवार के दिन अपने पिता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए.के. एंटनी के साथ विश्वासघात किया है। वहीं केरल के मुख्यमंत्री रह चुके एंटनी ने विरोधी दल (भाजपा) में शामिल होने के अपने बेटे के फैसले के बाद नेहरू परिवार के प्रति अपनी बेशर्त निष्ठा होने की घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री एंटनी ने अपने बेटे के फैसले को गलत करार दिया और कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक कांग्रेस में बने रहेंगे। एंटनी ने संवाददाताओं से कहा, मैं भाजपा में शामिल होने के अनिल के फैसले से बेहद दुखी हूं। यह एक (शेष पेज 9)

## गृह मंत्रालय ने ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की

**भाषा ।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के कथित उल्लंघन के मामले में वैश्विक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ऑक्सफैम की भारतीय इकाई के कामकाज की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय ने पाया कि ऑक्सफैम इंडिया ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत होने के बावजूद विभिन्न संस्थाओं को विदेशी अंशदान भेजना जारी रखा। 29 सितंबर 2020 से लागू यह कानून इस तरह रकम के हस्तांतरण को प्रतिबंधित करता है। ऑक्सफैम इंडिया की प्रतिक्रिया अभी नहीं मिल पाई है। सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के दौरान कई ई-मेल पाए गए, जिनसे पता चला कि ऑक्सफैम इंडिया अन्य एफसीआरए-पंजीकृत संगठनों को धन भेजकर, (शेष पेज 9)

# दिल्ली में संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन हुआ आसान

**● किसी भी उप निबंधक ऑफिस में कराया जा सकेगा पंजीकरण, इसके लिए पूरी दिल्ली को एक जिला के रूप में किया जाएगा घोषित**

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**संपत्तियों** का रजिस्ट्रेशन दिल्ली में अब किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में कराया जा सकेगा। इसके लिए पूरी दिल्ली को एक जिला के रूप में घोषित किया जाएगा। इस कदम से भ्रष्टाचार और उत्पीड़न पर अंकुश लगेगा और सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में चक्कर लगाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। सभी उप निबंधक कार्यालयों के पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों के जद में होंगे।

जिसकी फुटेज सीधे सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को भेजी जाएगी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसकी मंजूरी दे दी है। उपराज्यपाल ने सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के मकसद से सतर्कताा विभाग द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की। उन्होंने उप-निबंधक कार्यालयों में भ्रष्टाचार और नागरिकों के उत्पीड़न को कम करने के मकसद से एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एलजी ने संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए पूरी दिल्ली को एक ही जिला घोषित करने के लिए कहा है। यह प्रयोग वर्ष 2015 में आंध्र प्रदेश में किया गया था जहां किसी भी सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में जाकर राज्य के किसी भी जिले में संपत्ति का पंजीकरण कराया जा सकता है। इस कदम से संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए नागरिकों को किसी एक निश्चित उप-निबंधक दफ्तर में जाने की जरूरत नहीं होगी बल्कि वह दिल्ली में (शेष पेज 9)

## भ्रष्टाचार के मामलों में ऑनलाइन शिकायतें दर्ज होंगी

**बैठक** में अधिकारियों ने उपराज्यपाल को जानकारी दी कि देश में पहली बार एक ऑनलाइन शिकायत सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है जिसके माध्यम से भ्रष्टाचार के मामलों में शिकायतें ऑनलाइन दर्ज की जा सकेंगी।

एनआईसी द्वारा विकसित किए जा रहे पोर्टल में शिकायत दर्ज करने वालों को अपनी शिकायतों के साथ फोटो, वीडियो, ऑडियो के साक्ष्य ऑनलाइन अपलोड करने का भी प्रावधान होगा। इस ऑनलाइन शिकायत पोर्टल के किसी भी दुरुपयोग से बचने के लिए, एलजी ने निर्देश दिया है कि अगर कोई शिकायतकर्ता किसी के खिलाफ शिकायत करना चाहता है तो उसे पंजीकरण के साथ शिकायत संबंधी साक्ष्य को भी अपलोड करना अनिवार्य होगा।

इसके अलावा शिकायतकर्ताओं, उपयोगकर्ताओं का आधार सत्यापन अनिवार्य करने के भी निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता को एक ई-शपथ पत्र पेश करना होगा कि शिकायत में मुहैया कराई गई सभी जानकारी तथ्यात्मक रूप से सही है। इस व्यवस्था में अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है ताकि जांच एजेंसियों के पास गलत, झूठी शिकायतें कम से कम आएं।

## उम्मीद है कि चीन भारतीय पत्रकारों की मौजूदगी को सुगम बनाए रखेगा: विदेश मंत्रालय

**भाषा ।** नई दिल्ली

**भारत** ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि चीनी प्रशासन अपने देश में भारतीय पत्रकारों की मौजूदगी को सुगम बनाना जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब चीन ने कुछ ही दिन पहले भारत के दो पत्रकारों के वीजा पर रोक लगाने का निर्णय किया है। बागची ने इस बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत में चीन के ऐसे कई पत्रकार हैं जिन्हें पत्रकारिता संबंधी कार्य करने के लिए भारतीय वीजा दिया गया है। उन्होंने कहा, इस नजरिए से हमें उनके (चीनी पत्रकारों के) रिपोर्टिंग करने में कोई कठिनाई नहीं दिखाई देती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जहां तक भारतीय पत्रकारों के चीन में काम करने का विषय है, हम उम्मीद करते हैं कि चीनी प्रशासन अपने देश में भारतीय पत्रकारों की मौजूदगी और वहां से रिपोर्टिंग करना सुगम बनाना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, हम इस संबंध में (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,832 | ↑ 143 |
| निफ्टी | 17,599 | ↑ 42 |
| सोना | 60,370 | ↓ 370 /10g |
| चांदी | 74,040 | ↑ 260 /kg |

## क्विक न्यूज

### अमित शाह आज उत्तर प्रदेश के दौरे पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की यात्रा करेंगे, जिस दौरान वह कौशाम्बी उत्सव-2023 का उद्घाटन करेंगे तथा आजमगढ़ में 4,567 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाह पहले कौशाम्बी जिला जाएंगे जहां, वह कौशाम्बी उत्सव 2023 का उद्घाटन करेंगे और ग्रामसभा फसैया में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। अधिकारियों के मुताबिक गृहमंत्री दोपहर में आजमगढ़ के नामदारपुर में हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी केंद्रीय गृह मंत्री के साथ इन कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

## सीएनजी, पाइपलाइन रसोई गैस की कीमत दस फीसदी घटेगी

**नई दिल्ली( पीएनएस )।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्राकृतिक गैस की कीमत तय करने के लिए नए फॉर्मूले को मंजूरी दी। इसके साथ ही सीएनजी और पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस की कीमतों पर अधिकतम सीमा भी तय की गई है, जिससे इनकी कीमतें 10 प्रतिशत तक घटेंगी। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि मंत्रिमंडल ने एपीएम गैस के लिए चार डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के आधार मूल्य को मंजूरी दी है और अधिकतम मूल्य 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रखने पर मुहर लगाई है। उन्होंने बताया कि एपीएम गैस के रूप में जानी जाने वाली पारंपरिक या पुराने क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस को अब अमेरिका, कनाडा और रूस जैसे अधिशेष देशों की तरह कच्चे तेल की कीमतों से जोड़ा जाएगा। पहले इनका मूल्य निर्धारण गैस कीमतों के आधार पर होता था।

# कनाडा में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़, भारत ने की निंदा-कार्रवाई की मांग

**● ओंटारियो पुलिस ने बताया घृणा से प्रेरित घटना, दीवारों पर हिंदू और भारत विरोधी नारे लिखे थे, दो संदिग्धों की तलाश**

**पीएनएस/एजेंसी ।** टोरंटो/नई दिल्ली

**कनाडा** के ओंटारियो प्रांत में अज्ञात लोगों ने एक प्रमुख हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की और उसकी दीवारों पर हिंदू विरोधी व भारत विरोधी नारे लिखे, जिसे पुलिस ने घृणा से प्रेरित घटना बताया है। वहीं भारत ने बृहस्पतिवार को ओंटारियो में हुई इस घटना की निंदा की तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि मामले को कनाडा के अधिकारियों के समक्ष उठाया गया। बागची ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और हम इसकी आलोचना करते हैं। मामला कनाडा अधिकारियों के समक्ष उठाया गया तथा जो अनुरोध हम पहले भी कर चुके हैं वही अनुरोध फिर किया गया है कि कृपया ऐसा करने वालों को पकड़िये और सुनिश्चित कीजिए की यह फिर न हो।

ओंटारियो के विंडसर शहर की पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने घटना की जांच शुरू कर दी है और दो संदिग्धों की तलाश कर रही है। कनाडा की राजधानी ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की है। उच्चायोग ने ट्वीट किया, हमने कनाडा के अधिकारियों से विंडसर में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे जाने के घृणित कृत्य से बारे में बात की है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। विंडसर पुलिस ने कहा कि अधिकारियों को (शेष पेज 9)

# सीबीएसई की 2024 की बोर्ड परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव

## बोर्ड का एमसीक्यू पर अधिक ध्यान, लघु और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का वेटेज घटाया

**● राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा में किया गया परिवर्तन**

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बृहस्पतिवार को वर्ष 2024 में होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं के पैटर्न (तरीका) में संशोधन की घोषणा की है। देशभर में सबसे अधिक स्कूलों की संबद्धता वाले सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा की नई प्रणाली के तहत मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव किया है।

जिसमें अधिक बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) शुरू करके और लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के भारांक (वेटेज) को कम किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस





मूल्यांकन योजना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की संस्तुतियों को ध्यान में रखते राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) में बदलाव किया गया है। इस प्रणाली के अंतर्गत लघु और दीर्घ प्रश्नों के वेटेज को कम किया जाएगा और एमसीक्यू प्रश्नों का वेटेज बढ़ाया गया है। हालांकि, बोर्ड परीक्षाओं में बोर्ड परीक्षाओं में बदलाव या सुधार पहली बार नहीं किया गया है। वर्ष 2009 में कक्षा 10 के लिए सतत और व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) की शुरुआत की गई थी, लेकिन 2017 में इसे रद्द कर दिया गया था। वहीं कोविड महामारी के दौरान कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं को भी विकल्प के तौर पर दो बार में विभाजित किया गया था, लेकिन इस वर्ष महत्वपूर्ण परीक्षाओं के लिए साल के अंत में परीक्षा को पुराने प्रारूप को फिर से शुरू किया गया।

सीबीएसई के अधिकारी ने कहा कि यह बदलाव सिर्फ 2023-24 शैक्षणिक सत्र तक ही सीमित हो सकता है क्योंकि अगले साल नए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) की शुरुआत के साथ बोर्ड परीक्षाओं में सुधार होने की संभावना है। सीबीएसई के निदेशक (अकादमिक) जोसेफ इमैनुएल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में 21वीं सदी की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए छात्रों की रचनात्मक और महत्वपूर्ण सोच क्षमताओं को विकसित करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए रट्टा मारने से आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड शैक्षणिक सत्र (शेष पेज 9)

# ग्रेनो प्राधिकरण ने लांच की औद्योगिक भूखंड योजना

## 1000 करोड़ रुपये का होगा निवेश, 10 हजार युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

● योजना के जरिए कुल 74 एकड़ लगभग 3 लाख वर्ग मीटर जमीन आवंटित की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 40 औद्योगिक भूखंड योजना लांच कर दी है। इस स्कीम के ब्रोशर बृहस्पतिवार से ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएंगे। बृहस्पतिवार से ही पंजीकरण भी करा सकते हैं।

इन 40 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब 502 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। भूखंडों के आवंटन से लगभग 1000 करोड़ रुपये का निवेश होने और 10 हजार युवाओं को रोजगार मिलने का अनुमान है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सभी विभागों को ग्लोबल इनवेस्टर समिट के दौरान हुए एमओयू को निवेश में कनवर्ट करने के लिए निवेशकों को भूखंड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देश पर ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक बार फिर 40 औद्योगिक भूखंडों की योजना लांच कर दी।

प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने बताया कि इस योजना के जरिए कुल 74 एकड़ लगभग 3 लाख वर्ग मीटर जमीन आवंटित की जाएगी। ये भूखंड सेक्टर ईकोटेक 16, ईकोटेक वन, सेक्टर ईकोटेक-11, इकोटेक-6, इकोटेक-थ्री और इकोटेक टू में स्थित हैं।

ये भूखंड 135 वर्ग मीटर से लेकर 1.01 लाख वर्ग मीटर एरिया तक हैं। बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर इस स्कीम के ब्रोशर उपलब्ध हो जाएंगे। इसे डाउनलोड किया जा सकता है। इन भूखंडों के लिए एसबीआई पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। 6 अप्रैल से ब्रोशर डाउनलोड करने व पंजीकरण शुल्क का भुगतान कर पंजीकरण कराने की सुविधआ शुरू हो गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 26 अप्रैल है। पंजीकरण शुल्क, ईएमडी अर्नेस्ट मनी डिपोजिट और प्रोसेसिंग फीस 28 अप्रैल तक जमा की जा सकती है। डॉक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल को शाम पांच बजे तक है। इन भूखंडों पर एक माह में ही पजेशन मिल जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी का कहना है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक निवेश के केंद्र के रूप में उभरा है। उद्यमियों की मांग व जरूरत को देखते हुए प्राधिकरण ने एक बार फिर से स्कीम लांच कर दी है। तय समयसीमा में प्लॉट पर पजेशन दे दिए जाएंगे। इससे निवेश के साथ ही हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

### डॉक्टर की पिटाई के मामले पुलिस ने पार्षद को पकड़ा तो लोगों ने छुड़ाया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने इलाके के पार्षद यशपाल पहलवान को बुधवार रात हिरासत में ले लिया। इसके विरोध में सैकड़ों लोग थाने पर पहुंच गए और धरना देकर बैठ गए। उन्होंने पुलिस के खिलाफ खूब नारे लगाए।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के हस्तक्षेप के बाद पार्षद को रात में ही रिहा कर दिया गया। जिसके बाद हंगामा शांत हो सका। दरअसल, सोमवार को स्पर्श हॉस्पिटल में रोहित नामक मरीज की मौत हो गई थी। रोहित किडनी में पथरी का ऑपरेशन कराने आया था। इसके बाद परिजनों ने मंगलवार सुबह डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर कई घंटे हंगामा किया। जब स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करने पहुंची तो भीड़ ने टीम में शामिल एक डॉक्टर की भी पिटाई कर दी। डॉक्टर ने कुछ लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## संक्षिप्त समाचार



नॉलेज पार्क पुलिस ने इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार।

### किसानों की समस्याओं लेकर डीएम से मिले रालोद नेता

**गाजियाबाद।** किसानों की समस्याओं को लेकर रालोद नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल डीएम आरके सिंह से मिला। डीएम और रालोद नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बैठक चली जिसमें रालोद नेताओं ने समाधान दिवस के दौरान किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना को प्रमुखता से उठाया। रालोद नेताओं ने कहा कि इस मामले में जांच कराकर आत्महत्या के लिए उकसाने वाले अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराया जाए। इस पर डीएम ने एक जांच समिति से मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश प्रवक्ता अजयवीर सिंह, जिलाध्यक्ष अमित त्यागी सरना, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, ओडी त्यागी, सतेन्द्र तोमर, रामभरोसे, अमरजीत सिंह बिट्टी आदि शामिल थे।

### हत्या के बाद पेड़ पर लटकाया था रवेंद्र का शव

**गाजियाबाद।** 22 मार्च को भोजपुर गांव में पेड़ पर लटके मिले रवेंद्र के शव के मामले में नया मोड़ आ गया है। रवेंद्र की मौत आत्महत्या नहीं, हत्या थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। भोजपुर पुलिस ने अपनी तरफ से अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने के कारण रवेंद्र की मौत की पुष्टि हुई है। हत्या करने के बाद शव को पेड़ पर लटकाया गया था। पुलिस को हत्या का शक करीबियों पर है। बता दें कि रवेंद्र मोदीनगर की एक कालोनी में सुरक्षाकर्मी थे। 19 मार्च को वे ड्यूटी पर गए थे। 22 मार्च को शव चचेरे भाई के खेत पर पेड़ से लटका मिला था।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने पर गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने धरपकड़ करते हुए 24 लोगों को पकड़ लिया और उन सभी को पकड़कर थाने ले आई। इनके खिलाफ धारा 290 के तहत कार्रवाई करते हुए आगे से कभी भी खुले में शराब का सेवन न करने की हिदायत दी। गौतम बुद्ध नगर में पुलिस आए दिन सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे लोगों के खिलाफ अभियान चला रही है। बावजूद इसके कुछ लोग खुले में जाम छलकाने से बाज नहीं आते हैं। ऐसा ही नजारा बीटा 2 थाना क्षेत्र में देखने को मिला। जहां पर सेक्टर अल्फा वन के कमर्शियल बेल्ट में काफी लोग खुले में ही शराब का सेवन कर रहे थे। जमकर मौज मस्ती कर रहे थे।

### गाजियाबाद में 11 दिन बाद लाश की शिनाख्त

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मसूरी इलाके में 26 मार्च को मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की 11 दिन बाद शिनाख्त हो गई है। मृतक मुरादनगर क्षेत्र का रहने वाला था और थोड़ी देर में आने की बात कहकर घर से निकला था। सबसे अहम बात ये है कि 11 दिन से लापता होने के बावजूद मृतक के परिजनों ने पुलिस को कोई सूचना तक नहीं दी। ऐसे में परिजन भी शक के घेरे में हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द वारदात का खुलासा किया जाएगा। मसूरी थाना क्षेत्र के मटियाला गांव के जंगल में 26 मार्च की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी मिली।

### बिजनेसमैन के घर नौकरानी कर रही थी चोरी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने घर में चोरी करने वाली एक सहायिका को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान व सोने और चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं। यह पिछले 6 महीने से अपने मालिक के घर में चोरी की घटना को अंजाम दे रही थी। रोजाना उस घर से चोरी करके ले जाती थी, जिसकी घरवालों को भनक तक नहीं लगी। एनआरआई सिटी में रहने वाले मयंक सहगल बिजनेसमैन हैं। सूरजपुर में उनकी एक कंपनी है। उनके घर एनआरआई सिटी में सीमा नाम की एक घरेलू सहायिका घर का कार्य कर रही थी। पिछले एक वर्ष से वह घर पर कार्य कर रही थी तो उसने सभी परिवार वालों का भरोसा भी जीत रखा था।

# गाजियाबाद नगर निगम में विकास कार्यों को लगेंगे पंख, मुख्यमंत्री योगी ने किया वर्चुअली उद्घाटन

● 300 टन गले कूड़े को बायो सीएनजी में बदल कर उसका उपयोग करने का कार्य भी शामिल, सौ करोड़ का आएगा खर्च

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



नगर निकाय चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रदेश के सभी नगर निकायों के विकास कार्यों का लखनऊ से ही ऑनलाइन उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। यह लाइव कार्यक्रम गाजियाबाद नगर निगम सभागार में भी लाइव दिखाया गया। गाजियाबाद नगर निगम में जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़, अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, अधिशासी अभियंता निर्माण एवं जलकल विभाग के जीएम आदि अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान सीएम योगी ने गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित कई सौ करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। जिन कार्यों का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है उनमें अवस्थापना निधि से 300 टन क्षमता गले कूड़े को बायो सीएनजी में बदल कर उसका उपयोग करने का कार्य भी शामिल है जिस पर करीब 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

गाजियाबाद सीवरेज योजना फेज.1 के तहत करीब 44 किलोमीटर तक सीवर लाइन डाली जाएगी। इस पर 108 करोड़ 54 लाख रुपया खर्च होगा। टीएचए में पेयजल पुनर्गठन योजना से करीब 37 करोड़ रुपये खर्च होगा।

टीएचए के लिए तीन रैनीवैल निर्माण कार्य करने और वॉटर सप्लाई के लिए पाइप डालने का कार्य किया जाना है। इस पर करीब 41 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं मोदीनगर में सीवर योजना के तहत 31 किलोमीटर सीवर लाइन डालने का कार्य किया जाना है।

# प्रेमी ने गोली मारकर की प्रेमिका की हत्या, खुद भी खाया जहर, गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● आरोपी से हथियार और कारतूस बरामद, पुलिस की जांच शुरू

नन्दग्राम थाना क्षेत्र के अंतर्गत घूकना मोड़ गली नंबर सात में रहने वाली युवती की हत्या उसके प्रेमी राहुल ने गोली मारकर कर दी। प्रेमिका की हत्या करने के बाद अपनी जान देने के लिये राहुल निवासी बुलंदशहर ने भी जहर खा लिया। सूचना मिलते ही नन्दग्राम थाना पुलिस के अलावा आला अफसर भी घटनास्थल पर पहुंच गये। मौके से पुलिस को पिस्टल, तमंचा व कारतूस मिले।

इस संदर्भ में डीसीपी नगर निपुण अग्रवाल ने बताया कि राहुल ने बेहोश होने से पहले पुलिस को बताया कि वह युवती की हत्या नहीं करना चाहता था। उसने यह भी बताया कि उसके पास से बरामद पिस्टल व तमंचा मृतका के भाईयों ने उसे यह कहकर दिये थे कि अगर उसने एक युवक, जो उनकी बहन को परेशान कर रहा था, की हत्या कर दी तो वह अपनी बहन की शादी उससे कर देंगे। अग्रवाल ने बताया कि बेहोश होने से पहले हत्याभियुक्त द्वारा बेहोश होने से पहले दिये गये बयान की सच्चाई जानने के लिये कई ऐंगल पर जांच शुरू कर दी है।

अग्रवाल ने बताया कि युवक जिस समय युवती के घर पहुंचा तब वह अपने मकान पर अकेली थी। उसके परिजन कहीं पर गये हुए थे।

उधरए युवती की मौत के बाद घटनास्थल वाले क्षेत्र में चल रही चर्चा में यह बात भी उभरकर सामने आ रही थी कि यह हत्या प्रेमी-प्रमिका के बीच तीसरे के आ जाने पर हुई।

# गौवंश संरक्षण नोडल अधिकारी ने लिया रखरखाव का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में गोवंश संरक्षण की नोडल अधिकारी व अपर आयुक्त वाणिज्यकर गौतमबुद्धनगर अदिति सिंह दौरे पर पहुंची। सबसे पहले उन्होंने तलहैटा स्थित गौशाला में सरंक्षित गोवंश की स्थिति जानी।

गौशाला में पशुओं की संख्याए उनके लिए चारा, उपचार, रखरखाव की जानकारी नोडल अधिकारी ने ली। सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नोडल अधिकारी को जिले में स्थित गौशालाओं की स्थिति के बारे में जानकारी दी। इसके उपरांत नोडल अधिकारी ने जिला मुख्यालय सभागार में बैठक ली।

उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किया जाए व योजना के मुताबिक पालन के लिए पशुओं को दिया जाए।

जिले के शहरी क्षेत्र में 12 स्थाई गौ आश्रय स्थल व दो बड़े गौ सरंक्षण केन्द्र हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सात अस्थाई आश्रय व एक कान्हा गौशाला है। जिले में अब तक 5640 निराश्रित गोवंश को सरंक्षित किया जा चुका है।

### 8वीं मंजिल से गिरकर विदेशी छात्र की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र की जेपी अमन सोसाइटी में एक हादसा हो गया। जहां 8वीं मंजिल से गिरकर एक विदेशी छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि जेपी अमन सोसायटी सेक्टर-151 से सूचना दी गई कि जाम्बिया का एक नागरिक ममाबा एम बवालिया जेपी अमन सोसायटी के टावर नंबर-15 के 8वें फ्लोर की बालकनी से नीचे गिर गया है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को जिम्स हॉस्पिटल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विभोर कुमार/ अनुराधा जसूजा/ LBGUR00004983636 | यूनिट नंबर जी-68, ग्राउंड फ्लोर, स्पैज पलाजो सेक्टर 69, गांव फाजिलपुर झरसा, हरियाणा, गुड़गांव/ अप्रैल 03, 2023 | मार्च 25, 2021 रु. 71,12,615/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | पाविक लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड/ विक्रम हाड़ा/ पूजा हाड़ा/ LBNOD00002354684 | यूनिट नंबर सी6-002, ग्राउंड फ्लोर, आइरियो द कॉरिडोर्स, सेक्टर 67ए, गुड़गांव/ अप्रैल 03, 2023 | अक्टूबर 30, 2017 रु. 79,95,631/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अप्रैल 06, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## सिविल वृत्त, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार

Websit: http://pwd.uk.gov.in Fax/Phone No.: 01334-221407 E-mail: seharpwduk@gmail.com

पत्रांक-971/06सी0-सि0वृ0/23 दिनांक 06/04/2023

**ई-निविदा सूचना (ई-टेन्डरिंग)**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधीक्षण अभियंता, सिविल वृत्त लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग (सिंगल बिड सिस्टम) के अन्तर्गत आईटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें **http://www.uktenders.gov.in** पर **दिनांक 11.04.2023** से उपलब्ध होगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹ लाख में) | निविदा प्रपत्र की मूल्य (₹) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मा०मु०मं०घो०सं० -1384/2021 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र भगवानपुर के ग्राम खुब्बनपुर में हाईवे से ग्राम खुब्बनपुर के अन्दर मार्ग का सी०सी० इण्टरलोकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य। | 1.90 | 4000.00 + 18% GST | 6 माह | 90 दिन | मार्ग कार्य हेतु 'सी' एवं उच्चतर में पंजीकृत |
| 2. | राज्य योजना वर्ष 2022-23 में मा०मु०मं०घो०सं० 599/2019 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के वि०स० क्षेत्र रूड़की के रूड़की शहर में डिवाइडरों पर रैलिंग लगाने का कार्य। | 2.76 | 4000.00 + 18% GST | 6 माह | 90 दिन | मार्ग कार्य हेतु 'सी' एवं उच्चतर में पंजीकृत |

नोटः- निविदादाता को निविदा अपलोड़ करने की अन्तिम तिथि एवं निर्धारित समय से पूर्व निम्नलिखित अभिलेख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा जिसके प्रस्तुत न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
1. निविदा प्रपत्र की लागत कॉलम 04 के अनुसार का डिमांड बैंक ड्राफ्ट, जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, रुड़की के नाम देय हो तथा ₹ 4000.00 एवं ₹ 720.00 दोनों बैंक ड्राफ्ट अलग-अलग दिये जायें।
2. निविदा की वैधता हेतु अन्डरटेकिंग जो ₹ 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर ₹ 1.00 के रैवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित 90 दिन वैधता की अवधि इंगित करते हुये प्रमाण पत्र।
3. निर्धारित धरोहर धनराशि, कॉलम- 3 के अनुसार जो कि अधीक्षण अभियन्ता, सिविल वृत्त, लो०नि०वि०, हरिद्वार के नाम बन्धक हो।
4. फर्म के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रति संलग्न करें।
5. निविदा की शर्तों को निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर सहित अभिलेखों एवं निविदा के साथ कार्यालय में जमा करना आवश्यक है।

अधीक्षण अभियन्ता
सिविल वृत्त, लो०नि०वि० हरिद्वार


### महिला को अगवा करने के प्रयास में की फायरिंग

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र की पांडव नगर स्थित एक सोसाइटी में आरोपितों ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए कार में अगवा करने का प्रयास किया। जब पीड़िता के भाई ने विरोध किया तो आरोपितों ने फायरिंग कर चेन लूट ली।

मामले में पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो कोर्ट के आदेश पर एफआइआर हुई है। इस दौरान आरोपितों ने कार पर अपशब्द लिख दिए। बहन ने विरोध किया तो आरोपितों ने उनके साथ छेड़छाड़ कर अगवा करने की कोशिश की।

# चंद मिनटों में कार के टायरों की करते थे चोरी

● एक अंतरराज्यीय गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने लग्जरी गाड़ियों को चोरी करने वाले चार बदमाशों को किया गिरफ्तार।

ये लोग 150 से ज्यादा घटनाओं को अंजाम दे चुके है। नोएडा में लग्जरी कारों के व्हील टायर चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के चार लोगों को कोतवाली सेक्टर-20 ने गिरफ्तार किया है। ये लोग अब तक 150 घटनाओं को अंजाम दे चुके है। महज पांच मिनट के अंदर टायर चोरी कर ये फरार हो जाते थे। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि राजू गुर्जर पुत्र प्रेम सिंह, ललित माथुर पुत्र कालीचरण माथुर, मनीष सिंह बिष्ट पुत्र दिगंबर सिंह बिष्ट, चन्द्र भूषण उर्फ शंभु को डीएलएफ मॉल के पास नाले से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 30 अलॉय व्हील टायर, घटना में प्रयोग की जा रही हुंडई एसेंट कार बरामद की है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि यह अन्तर्राज्यी टायर चोरों का गिरोह है।

इसका मास्टर माइंड राजू गुर्जर है। यह गिरोह दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र गाजियाबाद व नोएडा में सेक्टरों व कॉलोनियों में खड़ी कारों के व्हील चोरी करते है। ये काम गिरोह पिछले आठ सालों से कर रहा था।

गैंग सरगना राजू गुर्जर के खिलाफ दिल्ली में कार व्हील चोरी करने के करीब 32 मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरोह अपनी कार से दिल्ली व एनसीआर में आवासीय सेक्टरों व कॉलोनियों में रात के समय रेकी करते थे।

# पिछले पांच सालों में 157 अधिकारियों पर कार्रवाई

● कुल 19 मामले में जांच पूरी हुई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा प्राधिकरण में सीएजी, आयकर, विजिलेंस के अलावा भी नोएडा में विभागीय स्तर पर 41 जांच चल रही है। इससे अलग शासन स्तर पर 15 जांच की जा रही है।

ये आंकड़ा हाल ही में औद्योगिक विकास मंत्री के सामने नोएडा प्राधिकरण ने पेश किया था। इन जांच में अप्रैल 2021 से मार्च 2023 तक कुल 19 जांच पूरी की गई। जिसमें अधिकारियों को अटैच किया गया और निलंबन की कार्यवाही भी की गई। वर्तमान में ट्विन टावर से संबंधित जांच विजिलेंस और विभागीय स्तर पर ग्रेटरनोएडा के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव की ओर से की जा रही है। प्राधिकरण ने बताया कि पांच सालों में कार्य में उदासीनता और शिथिलता बरतने पर 157 अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। प्रतिकूल प्रविष्टि अधिकारियों के सर्विस बुक में चढ़ती है जो उनके प्रमोशन में बाधा डाल सकती है। इसके अलावा इस वर्ष में कुल 5 कर्मचारियों को निलंबित किया गया।

नोएडा में वर्तमान में ट्विन टावर की जांच प्रचलित है। ये जांच दो स्तर पर की जा रही है। पहली विजिलेंस लखनऊ की ओर से जिसमें 26 अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच करीब पूरी हो चुकी है। दूसरी विभागीय जांच।

इसमें प्राधिकरण के 11 लोग जिसमें अधिकारी व कर्मचारी दोनों शामिल है। इनकी जांच ओएसडी ग्रेटर नोएडा कर रहे है। ये रिपोर्ट 30 दिन में देनी है। 2017 में सत्ता बदलने के बाद शासन ने नोएडा प्राधिकरण में व्याप्त वित्तीय अनियमितताएं की जांच के लिए सीएजी को कहा था। उन्होंने करीब एक साल तक प्राधिकरण में जांच की और 400 पेज की एक रिपोर्ट तैयार की। जिसमें 30 हजार करोड़ रुपए के वित्तीय अनियमितता की बात सामने आई थी। रिपोर्ट में ग्रुप हाउसिंग, वाणिज्यिक, एफ एआर, भू.आवंटन व विकास परियोजनाओं में बरती गई अनियमितता को बताया गया था।

अनियमितता से संबंधित अधिकांश मामले 2004 से 2017 के बीच किए गए ग्रुप हाउसिंग आवंटन के दौरान के है। यह वह दौर था जब पूर्व की सरकारों ने बिल्डरों को लाभ देने के लिए अपनी नीतियों में बदलाव किया और कुल भूखंड की लागत का 10 प्रतिशत जमा कर भू.आवंटन किए गए। प्राधिकरण में घोटालों की सूची काफी लंबी है।

यहां भूमि आवंटन घोटाला, फार्म हाउस घोटाला, नोएडा स्टेडियम घोटाला, अंडर ग्राउंड केबलिंग, होटल आवंटन घोटाला, किसानों को अधिक मुआवजा देकर मुनाफाखोरी कमाना आदि तमाम कार्य किए गए। इन्ही सब में प्राधिकरण के फंड का बंदर बाट की गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 अप्रैल, 2023



# हनुमान जयंती पर जहांगीरपुरी में उमड़ा हुजूम

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सिर्फ 200 मीटर तक ही निकली शोभायात्रा

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सचिवालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में बजरंग बली की पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया



श्रद्धालुओं का हुजूम और खूब हुई फूलों की बारिश। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हनुमान जन्मोत्सव राजधानी दिल्ली में धूमधाम से मनाया गया और अलग-अलग इलाकों में शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सचिवालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में जाकर बजरंग बली की पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया।

वहीं, पिछले साल दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प होने से सुर्खियों में रहने वाले जहांगीरपुरी में इस बार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्रा निकली। इस यात्रा के दौरान इलाके में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा पड़ा। इसको लेकर दो दिन पहले से ही दिल्ली पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी थी। इसके मद्देनजर शोभायात्रा को सिर्फ 200 मीटर तक निकालने की अनुमति दी थी जिससे आयोजक इससे नाराज दिखाई दिए।

जहांगीरपुरी में गत वर्ष हनुमान जयंती के दिन शोभायात्रा निकली थी तो इसमें बवाल मचा गया था। कई दिनों तक इलाके में दंगे जैसे हालात बने रहें। इस बार शोभायात्रा के लिए जब हजारों की संख्या में वहां हुजूम उमड़ा तब पुलिस को भी व्यवस्था बनाने में पसीने छूटने लगे।

निर्धारित दूरी तक पुलिस ने बैरिकेडिंग की और बड़ी संख्या में अर्द्ध सैनिक बलों व स्थानीय पुलिस को तैयात किया।

इसके अलावा शोभायात्रा के दौरान असामाजिक तत्व किसी तरह की गड़बड़ी न फैला सके, इसलिए जगह-जगह पुलिस और सुरक्षा बल को तैनात कर दिया गया। ड्रोन से भी निगरानी की जाने लगी।

इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए जब भाजपा नेता कपिल मिश्रा पहुंचे तो रास्ते में पुलिस ने उन्हें रोक दिया। मिश्रा को पहले सिविल लाइन थाने ले जाया गया और वहां काफी देर तक बैठाया।

उसके बाद फिर उन्हें शोभायात्रा में शामिल होने की इजाजत दी। इस दौरान मिश्रा ने कहा कि पुलिस ने बेहतर इंतजाम किया है।



### शोभायात्रा के मार्ग को नहीं मिली अनुमति

*जहांगीरपुरी में विश्व हिंदू परिषद की श्री हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा का जो मार्ग तय किया गया था, पुलिस उस मार्ग पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी बल्कि दूसरे मार्ग पर शोभा यात्रा निकालने की अनुमति दी। वह भी मात्र 200 से 250 मीटर तक का ही है। आयोजक पुराने मार्ग पर ही शोभा यात्रा निकालना चाह रहे थे और उसी बात पर अड़े रहे लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। इस बीच स्पेशल सीपी देवेंद्र पाठक खुद जहांगीरपुरी की सड़कों पर अधिकारियों के साथ और पुलिस बल के साथ मार्चपास्ट किया ताकि लोगों में समन्वय बना रहे। शाम चार बजे आयोजकों ने निर्धारित दूरी तक शोभायात्रा निकाला और उसके बाद उसके समापन का ऐलान कर दिया।*



बजरंग बली की मूर्ति पर फूल अर्पित करते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

# धन शोधन मामले में सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज

- अदालत ने कहा, प्रभावशाली जैन कर सकते हैं सबूतों के साथ छेड़छाड़




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्एंद्र जैन की जमानत याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने जैन की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह प्रभावशाली व्यक्ति हैं और सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल 30 मई को उन्हें गिरफ्तार किया था और वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। जैन पर चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने मामले के सह-आरोपी वैभव जैन और अंकुश जैन की जमानत याचिका भी खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत के जमानत याचिका खारिज करने के फैसले में कोई भी अवैधता या कोई खामी नहीं है। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि सत्एंद्र जैन धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जमानत के लिए रखी गईं दो शर्तों को पूरा करने में विफल रहे। उच्च न्यायालय ने कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आय से अधिक संपत्ति (डीए) का मामला दर्ज किया है और सक्षम अदालत में मामला विचारणीय है।

अदालत ने कहा कि यह अदालत इन कार्यवाहियों की वैधता पर बात नहीं कर सकती। तथ्य बताते हैं कि आय से अधिक कुछ संपत्ति को छुपाया गया।

अदालत को प्रथम दृष्टया सामने आए तथ्यों को देखना होगा। व्यापक संभावनाएं हैं कि उनसे संबद्ध कंपनियां उनके (सत्येंद्र जैन) द्वारा नियंत्रित व प्रबंधित हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि विशेष अदालत का जमानत से इनकार करने का आदेश अनुचित नहीं है और पूरी तरह तर्कपूर्ण है। निचली अदालत के पिछले साल 17 नवंबर को सुनाए गए आदेश को तीनों आरोपियों ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने जांच एजेंसी और आप नेता के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद 21 मार्च को जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### दिल्ली पुलिस में एससी, एसटी के रिक्त 2078 पद जल्द भरें : रवि

***नई दिल्ली।*** *दिल्ली विधानसभा की अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण संबंधी समिति ने उप राज्यपाल वीके सक्सेना से दिल्ली पुलिस में उनके लिए आरक्षित 2,000 से अधिक पिछली रिक्तियों को भरने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया है।पैनल के अध्यक्ष विशेष रवि ने उप राज्यपाल को पत्र लिखा और बताया कि दिल्ली पुलिस में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए कुल 2,078 आरक्षित पद लंबे समय से खाली हैं।*

## हनुमान जन्मोत्सव : राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित हो श्री रामचरित मानस



- कलश यात्रा और यज्ञ के साथ शुरू हुआ पांच दिवसीय सनातन संस्कृति समागम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर छतरपुर हनुमान मंदिर परिसर में गुरुवार से श्री राम कर्मभूमि न्यास एवं नमो सद्भावना समिति के संयुक्त संयोजन में पांच दिवसीय सनातन संस्कृति समागम आरंभ हुआ। समागम में आयोजित धर्म संसद में साधु संतों ने एक स्वर में श्री रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने की मांग की।

इसके उपरांत धर्म संसद लगा। जिसमें साधु संतों ने कहा कि यू तो श्री रामचरित मानस राष्टीय ग्रंथ है ही, सरकार को भी इसे घोषित करना चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से अभियान चलता रहेगा। वैदिक मंत्रों के साथ धर्म संसद शुरू हुआ। कार्यक्रम का आरंभ महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालने के साथ हुई। इस दौरान यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नमो सद्भावना समिति के महासचिव मुरली कृष्ण ने बताया कि वायु अग्नि, पृथ्वी, जल, आकाश तत्व को ध्यान में रखकर पांच हवन कुंड बनाए गए हैं। इसमें श्रद्धालुओं ने यज्ञ का शुभारंभ किया। यज्ञशाला का नाम गणपति, आदित्य योगिनी महारुद्र, धनवंतरी यज्ञशाला दिया गया है।

समागम के संरक्षक केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे हैं। विषय प्रवेश श्रीराम कर्मभूमि न्यास के अध्यक्ष कृष्णकांतओझा ने की।

इस अवसर पर पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अनन्त, श्री श्री विभूषित स्वामी अवधूत बाबा अरुण गिरी महाराज, पर्यावरण बाबा ऋषिकेश, श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री त्रयम्बकेश्वर स्वामी चैतन्य महाराज, स्वामी करपात्रधाम, आचार्य रामसुदर्शन मिश्र आदि मौजूद थे।

## सिसोदिया की जमानत याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

- कोर्ट ने आबकारी मामले में सुनवाई के दौरान जारी किया नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से बृहस्पतिवार को जवाब मांगा। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सिसोदिया की याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर, उस पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति ने कहा कि नोटिस जारी करें। जवाब दाखिल किया जाए। सीबीआई ने अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को बनाने तथा उसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में कई दौर की पूछताछ के बाद 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। निचली अदालत ने 0सिसोदिया की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि वह प्रथम दृष्टया इस मामले में आपराधिक साजिश के सूत्रधार प्रतीत होते हैं।

## एमसीडी की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया तो दर्ज होगा केस

- स्कूल की दीवार तोड़कर जानवर बांधने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : शैली



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नगर निगम की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की अब खैर नहीं। एमसीडी के स्कूल की दीवार को तोड़कर जानवरों को बांधने का मामला सामने आने से खफा महापौर शैली ओबरॉय ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश दिए।

साथ ही कहा कि निगम की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ पूरी दिल्ली में कार्रवाई की जाएगी। शैली बृहस्पतिवार को विकासपुरी वार्ड का औचक निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को जेजे कॉलोनी का धोबीघाट का नए सिरे से निर्माण कराने और हस्तसाल के मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र में मौजूद सभी समस्याओं का निवारण करने का आदेश दिया।

शैली ओबराय गुरुवार को निगम अधिकारियों व स्थानीय पार्षद के साथ वार्ड 107 का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण रोकने के लिए अधिकारियों को पार्कों में गेट लगाने और टूटी दीवारों को बनाने का निर्देश दिया। इसके बाद वह हस्तसाल बाजार में स्थित मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र का भी दौरा किया। सेंटर के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सेंटर की बिल्डिंग के रेनोवेशन का काम किया जाना है। मेयर ने केंद्र की जर्जर स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाई जानी चाहिए। इससे संबंधित सभी लंबित मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाना चाहिए।

### ईडी ने तिहाड़ के तीन अधिकारियों पर पूरक आरोप पत्र दाखिल किए

**नई दिल्ली।** ईडी ने सुकेश चंद्रशेखर, बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस और अन्य की संलिप्तता वाले 200 करोड़ रुपए की कथित वसूली मामले में बृहस्पतिवार को दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल के तीन अधिकारियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया।

एजेंसी ने अपर सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक की अदालत में जेल अधिकारियों महेंद्र प्रसाद सुंद्रियान, सुंदर बोरा और धर्म सिंह मीणा के खिलाफ अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। न्यायाधीश ने सुनवाई के लिए 18 अप्रैल को सूचीबद्ध किया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि तीनों व्यक्ति धन शोधन के मामले में संलिप्त हैं।

## दिल्ली में कोरोना के 606 नए मामले सामने आए



- संक्रमण दर 16.98 प्रतिशत तक पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में कोरोना के मामले पिछले डेढ़ सप्ताह से लगातार बढ़ रहे हैं। इस एक सप्ताह में कोरोना की रफ्तार दो गुने से भी ज्यादा तेज हो चुकी है।

दिल्ली में चौबीस घंटे में कोरोना के 606 नए मामले सामने आए हैं और 340 मरीज ठीक भी हुए हैं। इस दौरान संक्रमण दर बढ़कर 16.98 फीसदी हो गई है। इस बीच एक संक्रमित मरीज की मौत हुई है लेकिन उसकी मौत का कारण कोविड-19 नहीं बल्कि अन्य बीमारी थी।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के नौ जिलों में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के मामले। वहीं अगर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के 11 में से नौ जिलों में साप्ताहिक संक्रमण दर 10 प्रतिशत से अधिक पहुंच चुकी है। इस वजह से इन जिलों में कोरोना के अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं. वहीं, दो जिलों में संक्रमण दर पांच प्रतिशत से अधिक है।

इसलिए इन जिलों में नए मामलों की संख्या कम रह रही है। यह रिपोर्ट 21 से 27 मार्च और 27 मार्च से दो अप्रैल तक दो सप्ताह के आंकड़ों के आधार पर है।

## संक्षिप्त समाचार



राहुल गांधी समर्थन में आत्मदाह का प्रयास करने वाले को ले जाती पुलिस।

### संसद भवन के पास आत्मदाह का प्रयास

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक व्यक्ति ने बृहस्पतिवार को यहां संसद भवन के पास आत्मदाह करने का प्रयास किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रोहिणी इलाके में रहने वाला राज कुमार शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगा रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी बताया कि उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अस्पताल ले जाने से पहले, शर्मा को देश को बचा लो का नारा लगाते सुना गया था। अधिकारी ने कहा कि आत्मदाह का प्रयास करने के कारणों का अब पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### स्वाथ्यकर्मी ने एलजी आवास तक निकाला मार्च




**नई दिल्ली।** नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस (एनपीएचए) के आह्वान पर सैकड़ों स्वास्थ्य कर्मचारियों ने 10 सूत्री मागों को लेकर एलजी हाऊस तक मार्च निकाला। विश्व स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर यह मार्च मोरी गेट से शुरू हुआ। नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस के अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि मार्च में शामिल सैकड़ों कर्मचारी अपने हाथों में मांग तख्ती लेकर चल रहे थे। जिन पर स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण रोकने, अनुबंधित कर्मचारियों को नियमित करने, लैब कैडर सहित सभी पैरामेडिकल कैडर का रिव्यू तथा समय बद्ध प्रमोशन की जाए। दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों की यूनियन के नेताओं मे उदित कुमार, गुलाब रब्बानी, एस पी यादव, पवन वर्मा, विकी कपूर, , सुधीर लोकनायक , डीडीयू से देवेंद्र कुमार,रामकरण, सुशील डीएचएस और वंदना डीजीएचएस विक्रम आदि ने संबोधित किया।

# राजधानी में विश्वस्तरीय और सबसे सस्ते चार्जिंग स्टेशन खुलेंगे

## अप्रैल के अंत तक 50 और जुलाई के अंत तक सभी सौ चार्जिंग स्टेशन बनकर हो जाएंगे तैयार

- उपभोक्ताओं को 3 रुपये से कम प्रति यूनिट की आएगी लागत : आतिशी




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन तेजी से बढ़ रहा है लेकिन ईवी वाहन खरीदीने में परेशानी लंबी दूरी के यात्रियों को होती क्योंकि देश भर में चार्जिंग स्टेशन की काफी कमी है।

इस समस्या को देखते हुए दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए 100 विश्व स्तरीय ईवी चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क स्थापित करेगी जहां तीन रुपये से भी कम प्रति यूनिट दर से वाहन चार्ज होंगे। केजरीवाल सरकार ने दावा किया है कि यह दर दुनिया भर में सबसे कम होगी। पीपीपी मॉडल पर अप्रैल के अंत तक 50 और जुलाई के अंत तक सभी सौ ईवी चार्जिंग स्टेशन बनकर हो तैयार जाएंगे। केजरीवाल सरकार की इस महत्वकांक्षी परियोजना के तहत दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों, बस डिपो समेत अन्य जगहों पर ये चार्जिंग स्टेशन स्टेशन स्थापित किए जायेंगे। बृहस्पतिवार को बिजली मंत्री आतिशी ने बिजली विभाग के अधिकारीयों के साथ इसकी समीक्षा की। बैठक में आतिशी ने अधिकारीयों को निर्देश दिए कि बिजली विभाग और डीटीएल सक्रियता के चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के सभी मुद्दों को तुरंत हल करें और अप्रैल से जुलाई के अंत तक समय सीमा का ध्यान रखते हुए सभी ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाकर तैयार करें।

बिजली मंत्री के अनुसार सरकार के प्रयासों से दिल्ली पिछले सालों में देश के ई वाहनों की राजधानी के रूप में उभरी है। इस दिशा में ईवी वाहनों के मूलभूत ढांचे को मजबूत बनाया जा रहा है जहाँ प्रति यूनिट चार्जिंग की लागत देश ही नहीं दुनिया में सबसे कम होगी और ईवी चार्जिंग के लिए प्रति यूनिट 3 रूपये से भी कम खर्चे करने होंगे।

### दिल्ली में बिक रही है सबसे अधिक ईवी

दिसम्बर 2022 में राजधानी में बिकने वाले कुल वाहनों में 16.7 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों की रही जो देश में सर्वाधिक है।

अब जब लोगों के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग इतनी तेजी से बढ़ रही है तो जरुरत को देखते हुए राज्य सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण तेजी से कर रही है ताकि लोगों को शहर भर में अपने आस-पास चार्जिंग स्टेशन मिल जाए और उन्हें चार्जिंग को लेकर किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इसके बाद आम लोग की रूझान ईवी की तरफ बढ़ेगा।

# कोविड को लेकर शुरू हुआ बैठकों का दौर, आमजन को दी बचाव की सलाह

## कोविड से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग व कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन है जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोविड** के बढ़ते केसों को लेकर फिर से बैठकों का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार को यहां लघु सचिवालय में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक में निर्देश जारी किए गए कि कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर नागरिक भी सतर्क हो जाएं। नागरिकों को सलाह दी गई है कि जिन स्थानों पर 100 या इससे अधिक लोग एकत्रित होते हैं, तो वहां पर मास्क अवश्य लगाए और कोविड उपयुक्त व्यवहार का बैठक में एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने जिला के विभिन्न अस्पतालों के मेडिकल सुपरिटेंडेंट व आईएमए के प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में अब कोविड के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। ऐसे में अपने स्टाफ का भी नियमित रूप से रैपिड एंटीजन टेस्ट अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि कोविड से जुड़ा डेटा स्वास्थ्य विभाग को भी नियमित रूप से उपलब्ध करवाया जाए।


गुरुग्राम में लघु सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

उन्होंने मलेरिया-डेंगू पर नियंत्रण से जुड़े उपायों की समीक्षा करते हुए कहा कि बीते दिनों जिला में बरसात के कारण डेंगू-मलेरिया के केस बढ़ने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिकों को आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया जाए और सप्ताह में एक दिन ड्राई डे भी मनाया जाए।

**लापरवाही करने वाले अस्पतालों को नहीं मिलेंगे लाइसेंस :** एडीसी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रतिरक्षण कार्यक्रम, मीजल-रूबेला व अन्य नियमित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई।

सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने कहा कि निजी अस्पतालों में प्रतिरक्षण को लेकर गंभीरता से कार्य होना चाहिए। राष्ट्रीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम में बीसीजी, हेपेटाइटिस बी की जीरो डोज अवश्य लगनी चाहिए और इसकी रिपोर्टिंग भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस भी अस्पताल में इस कार्य को लेकर लापरवाही मिलती है तो उन्हें अन्य सेवाओं के लिए लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे।

**टीकाकरण के रिकार्ड को डिजिटाइज करने के लिए यूविन पोर्टल :** एडीसी ने बैठक के दौरान कहा कि भारत सरकार के टीकाकरण के रिकॉर्ड को डिजिटाइज करने के लिए यूविन पोटर्ल आरंभ किया जाएगा। हरियाणा के पानीपत और फरीदाबाद में यह प्रयोग सफल हो चुका है।

अब इसे गुरुग्राम सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पीपीटी के जरिए जानकारी देते हुए बताया कि यूविन पोर्टल पर टीकाकरण के लिए ऑनलाइन स्लॉट भी बुक किया जा सकता है। इस पोर्टल पर पंजीकरण के लिए नागरिकों के टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध होगा।

# महिलाओं से दोस्ती कर धोखे से रुपये ऐंठने वाले नाइजीरियन समेत चार आरोपी गिरफ्तार

## सोशल मीडिया को माध्यम बनाकर महिलाओं से करते थे दोस्ती

## आरोपियों के पास से मोबाइल, डेबिट कार्ड, चेक बुक, पास बुक व नकदी बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोशल** मीडिया के माध्यम से महिलाओं से दोस्ती करके उनसे ठगी करने के मामलें में पुलिस ने फिर एक बार नाइजीरियन समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि इस तरह से ठगी के मामलों में नाइजीरियन की संलिप्तता जरूर मिलती है।

जानकारी के अनुसार 22 मार्च 2023 को एक महिला ने पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व में शिकायत दी थी। जिसमें कहा गया कि जनवरी 2023 में उसके पास एक इंस्टाग्राम आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। जिसमें


गुरुग्राम में महिलाओं से दोस्ती करके धोखाधड़ी से रुपये ऐंठने के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

उस व्यक्ति ने अपना परिचय यूके में डॉक्टर के रूप में दिया। फिर उनकी आपस मे बात होने लगी। एक दिन उस व्यक्ति ने कहा कि उसने उसके लिए गोल्ड और 20000 पाउंड भेजे हैं। महिला के मुताबिक 30 जनवरी 2023 को उसके पास एक लड़की का फोन आया। जिसने अपने आपको कोरियर कंपनी से बताते हुए कहा कि उसके नाम का गोल्ड और विदेशी मुद्रा आई हुई है। जिसको लेने के लिए उसे 55000 रुपये टैक्स देना होगा। उसके कहने अनुसार महिला ने 55000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद टैक्स के नाम पर 327920 और ट्रांसफर करवा लिए गए। इसके बाद उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उससे कुल 1600000 ठग लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू की।

गुरुवार को यहां पत्रकार वार्ता करके एसीपी अपराध प्रीतपाल, एसीबी साइबर क्राइम प्रियांशु दिवान ने बताया कि थाना साईबर अपराध पूर्व ने इस वारदात को अंजाम देने में शामिल एक नाइजीरिया सहित कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान चिबुके (नाइजीरियन), अमन, राहुल और संतोष कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी अमन, राहुल और संतोष कुमार को दिल्ली के मंडावली क्षेत्र से और नाइजीरियन नागरिक को दिल्ली में एक अन्य जगह से गिरफ्तार किया गया।

**नाइजीरियन को आठ साल पहले मुंबई से डिपोर्ट किया गया :** आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि नाइजीरियन आरोपी को आठ साल पहले मुंबई से डिपोर्ट किया गया था। अब फिर से सेनेगल पासपोर्ट/वीजा पर वापस भारत आया था। वह लगातार ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहा था। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में यह भी खुलासा किया कि वे लोग लड़कियों से सोशल मीडिया पर बातचीत करके उनको अपने विश्वास में लेकर पार्सल या गिफ्ट भेजने के नाम पर उनसे ठगी करते है। ये एक गिरोह के रूप में कार्य करते हैं। धोखाधड़ी करके आरोपी राहुल के बैंक खाता में रुपए ट्रांसफर करवाते थे। आरोपी अमन बैंक खाता से रुपये निकलवाकर आरोपी संतोष कुमार को दे देता था। संतोष इन ठगी के रुपयों को नाइजीरियन मूल के आरोपी चिबुके तक पहुंचा देता था। आरोपियों के पास से 25 मोबाइल, 65 डेबिट कार्ड, 34 चेक बुक, 12 पास बुक व नकदी बरामद की गई है। इससे पहले भी 3 अप्रैल 2023 को शादी ऐप को माध्यम बनाकर महिलाआं को अपने विश्वास में लेकर उनसे ठगी के केस में नाइजीरियाई मूल का व्यक्ति गिरफ्तार किया गया था।

# भारत को विश्व गुरू बनाने का भाजपा ने लिया है संकल्प

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर 5 लाख कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा का झंडा अपने घरों पर फहराने का एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल व पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल भी हिस्सा बने। उन्होंने अपने घर पर पार्टी का झंडा फहराकर सदा झंडे का सम्मान रखने, पार्टी के लिए निष्ठा के साथ काम करने का संकल्प लिया।


गुरुग्राम में अपने आवास पर भाजपा का झंडा फहराते नवीन गोयल व डा. डीपी गोयल।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा 6 अप्रैल 14 अप्रैल तक सामाजिक समरसता दिवस मना रही है। इसमें हम सब भाग लें। नवीन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय की भावना को आत्मसात कर भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारिक रूप से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर देवतुल्य कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व गुरू बनाने का जो सपना देखा है, उसे पूरा करने के लिए वे स्वयं और पूरा भारतीय जनता पार्टी जुटी हुई है।

### पीएम मोदी की नीति, कूटनीति हैं मजबूत: डा. डीपी गोयल

**डा. डीपी** गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी पूरे संकल्प के साथ एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा के साथ आगे बढ़ते रहें। अपने आत्मविश्वास व पुरुषार्थ के बल पर पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिस भारत देश को पिछले 70 साल में विदेशों में खुद को प्रस्तुत करने का अवसर नहीं मिलता था, आज भारत को वहां आमंत्रित किया जाता है।

# भारत की महिलाओं को आज भी बराबरी का हक नहीं: दीपिका चावला

## एसजीटी यूनिवर्सिटी में व्याख्यान देते हुए कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रसिद्ध** टेडक्स स्पीकर व फॉर्च्यूनर 100 की उपाध्यक्ष दीपिका चावला ने कहा कि आज भी महिलाओं को बराबरी का हक पूरी तरह से नहीं मिला। बात करें राजनीतिक क्षेत्र की तो सिर्फ 22 प्रतिशत महिलाएं ही इस क्षेत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 2020 की जेंडर रिपोर्ट की बात करें तो सिर्फ भारत ही टॉप-10 ऐसे देशों में आता है, जहां महिलाएं आज भी बराबरी के लिए लड़ रही हैं। यह बात उन्होंने गुरुवार को एसजीटी यूनिवर्सिटी में महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित व्याख्यानमाला में बोलते हुए कही।

दीपिका चावला ने कहा कि यदि महिलाएं इन 5 चीजें जैसे अपने लिए खड़े रहना, अपनी वेल्यू को पहचानना, अपने लिए कदम आगे बढ़ाना, पूछने की हिम्मत रखना, अपने लिए अपने आप से पूछना कि आप जिंदगी में आप क्या चाहते हैं, इस पर काम कर ले तो उन्हें जिंदगी में आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। अपनी पावरफुल स्पीच की दौरान दीपिका चावला ने कार्यक्रम मौजूद महिलाओं से उनकी जिंदगी से जुड़ी कहानियां सुनीं। महिलाओं ने


एसजीटी यूनिवर्सिटी में महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित व्याख्यानमाला में महिलाओं से रूबरू होती प्रसिद्ध टेडक्स स्पीकर दीपिका चावला।

बताया कि किस तरह से वो आगे बढ़ी और आज किस मुकाम पर हैं। जिसके बाद उन्होंने हर कहानी सुनाने वाली महिला को अपनी लिखी हुई किताब भेंट स्वरूप दीं।

फैकल्टी ऑफ बिहेवियरल साइंसेज से प्रोफेसर व एडवाइजर डॉ. वहीदा खान ने कहा कि एसजीटी यूनिवर्सिटी में 50 प्रतिशत महिलाएं, टीचिंग फैकल्टी, नॉन टीचिंग फैकल्टी और छात्राएं हैं। यूनिवर्सिटी में अनुकूलित वातावरण दिया जाता है, ताकि वो खुलकर काम कर सकें। यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के सेंट्रल कोआर्डिनेशन सेल द्वारा वूमेन लीडरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत शुरू की गई व्याख्यानमाला के तह हुआ। इस मौके पर ऑफिस ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स के डीन रजनीश वधवा व एसजीटी यूनिवर्सिटी के एडवाइजर राजीव गुलाटी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा का सेवा ही संगठन कार्य अब सतत प्रक्रिया बना : गार्गी कक्कड़

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने नए आयाम स्थापित किए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के नेतृत्व में गुरुग्राम भाजपा ने सभी 15 मंडलों के शक्ति केंद्र एवं बूथों पर पार्टी का झंडा लगाकर स्थापना दिवस को मनाया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अजीत यादव ने बताया कि इस दौरान जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ कृष्णा कॉलोनी शक्ति केंद्र के बूथ नंबर-158 पर पर रही उन्होंने सभी जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को पार्टी स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी स्थापना दिवस पर एक नारा-एक बार फिर मोदी सरकार, एक बार फिर भाजपा


गुरुग्राम में गुरुवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी का लाइव कार्यक्रम देखती भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

सरकार, के स्लोगन को दिल्ली के एक मंडल में एक दीवार पर लेखन कर शुरुआत की। इसी प्रकार देश भर में सभी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सभी जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष भी इस स्लोगन का दीवार पर लेखन करेंगे। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कितनी लंबी वैचारिक यात्रा भारतीय जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी ने की है। आज के दिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, कुशाभाऊ ठाकरे, अटल बिहारी बाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, राजमाता विजयराजे सिंधिया को याद करना जरूरी है, जिन्होंने पार्टी को यहां तक पहुंचाया है। जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि हमारे लिए गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पार्टी को उत्कर्ष की स्थिति में पहुंचाया। भाजपा देश के लोकतंत्र को देश के संविधान को मजबूत करते हुए समर्पण भाव से दिन-रात देश के लिए काम चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर सुभाष नगर से निकाली भव्य यात्रा


गुरुग्राम के सुभाष नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर यात्रा निकालते श्रद्धालु।

**गुरुग्राम।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर गुरुवार को यहां सुभाष नगर, गली नंबर-1 से श्रीबालाजी महाराज हनुमान जी की भव्य यात्रा निकाली गई। यात्रा सुभाष नगर से शुरू होकर न्यू रेलवे रोड से चिंतपूर्णी मंदिर सेक्टर-5 होते हुए हनुमान मंदिर गुड़गांव गांव पहुंची। यहीं पर यात्रा को विश्राम दिया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सेंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक सीताराम, सतपाल भक्त, राजकुमार प्रजापति, अनिल, रमेश यादव ने बताया कि शोभा यात्रा पंचमुखी हनुमानजी की झांकी के साथ श्रीराम हनुमान के जयकारे साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई। बच्चों ने बाल हनुमान के सुन्दर रूप धारण कर झांकी की शोभा बढ़ाई। साथ ही महिलाओं-युवाओं ने नाचते गाते हुए यात्रा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समाजसेवी नवीन गोयल, स्वास्तिक फाउंडेशन से राज सैनी बिसरवाल, बाली पंडित एव अन्य समाजसेवियों ने शिरकत की। यात्रा में शामिल सभी लोगों के हाथों में श्रीराम, हनुमान जी की तस्वीरों के ध्वज थे। ध्वज लहराते हुए श्रद्धालुओं ने रास्तेभर जयकारे लगाए।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में देव समाज स्कूल की टीम ने जीता मैच

**गुरुग्राम।** देव समाज विद्या निकेतन सी. सै. स्कूल में देव समाज कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 5 अप्रैल तक किया गया। स्कूल के 40वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में गुरुग्राम के 10 विद्यालयों माडूमल, ब्लू बेल्स मॉडल स्कूल, ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल, द्रोणा, ग्लोबल, मानव रचना, रॉयल ऑक, डीपीएसजी, प्रेसीडियम, देव समाज विद्या निकेतन सी. सै. की टीमों ने भाग लिया। मैच का शुभारम्भ माडूमल स्कूल व देव समाज स्कूल की टीमों के बीच हुआ। इस मैच में देव समाज की टीम विजयी रही। चार अप्रैल को देव समाज की टीम फाइनल में पहुंच गई। पांच अप्रैल को फाइनल मैच देव समाज व प्रेसीडियम स्कूल की टीमों के बीच हुआ। इस मैच में भी देव समाज की टीम विजयी रही। इस टूर्नामेंट के बेस्ट बेट्समैन सुमित राजवर रहे। बेस्टर फील्डर निश्चय, बेस्ट बॉलर अक्षय को चुना गया। ये सभी देव समाज स्कूल के ही छात्र हैं। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र फौजी ने विजेता टीम को 5100 रुपये व रन अप टीम को 2100 रुपये देकर पुरस्कृत किया। देव समाज स्कूल की तरफ से भी विजेता टीम को 11000 रुपये और रन अप टीम को 5100 रुपये रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जगदीश गाबा व उनकी धर्मपत्नी, प्रबंधक के. नटराजन एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण को मंजूरी

**सोहना।** हरियाणा शहरी निकाय विभाग के मुख्य प्रशासक ने शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के सौंदर्यीकरण को स्वीकृति प्रदान कर दी है। नगर परिषद ने उक्त प्रस्ताव को गुरुग्राम नगर निगम मुख्य अभियन्ता के पास तकनिकी स्वीकृति के लिए भेज दिया है। अप्रैल माह के आखिरी सप्ताह तक कार्य की शुरुआत के लिए टेंडर लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। शहर का हर्ट कहे जाने वाले शहीद भगत सिंह चौक का सौंदर्यीकरण किए जाने का रास्ता लगभग साफहो चुका है। नगर परिषद प्रशासन को हरियाणा शहरी निकाय विभाग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने चौक के सौंदर्यीकरण पर मोहर लगा दी है। नगर परिषद ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के बाद तकनिकी मुख्य अभियन्ता गुरुग्राम के पास प्रस्ताव का भेजा है। नगर परिषद के जेई डिगम्बर सिंह ने बताया कि उक्त चौक के सौंदर्यीकरण के लिए सरकार द्वारा पहले से ही एक करोड़ 95 लाख रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है। मुख्य अभियन्ता से जल्द ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। उन्होने बताया कि इस माह के आखिरी सप्ताह तक सौंदर्यीकरण के निर्माण कार्य का टेंडर लगाने की प्रक्रिया भी पूरी कर लेने की आशंका है। नप एक्सइएन विक्की सिंह ने कहा, शहर के बीचों बीच स्थिह शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में स्थानीय ही नहीं अपितु दूसरे शहर व महानगरों से आने वाले नागरिकों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बनेगा। ये चौक सजावट और शानशौकत शहर की प्रमुख्य धरोहरों में शामिल किया जाएगा। इस चौक की तैयार की गई ड्राइंग को यादगार बनाया गया है।

### सोहना के नागरिक अस्पताल में कोरोना के टेस्ट हुए शुरु

**सोहना।** स्थानीय नागरिक अस्पताल में कोविड जांच के लिए आरटीपीसीआर के टेस्ट शुरु कर दिए है। एक दिन में 25 से 30 नागरिक एक दिन में आरटीपीसीआर का टेस्ट करा रहे हैं। गुरुग्राम समेत एनसीआर क्षेत्र में कौराना की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए स्थानीय नागरिक अस्पताल में भी सावधानियां बरतनी शुरु हो गई है। क्षेत्र में कौरोना जांच के लिए नागरिक अस्पताल में फ्रि से टेस्ट प्रक्रिया शुरु कर दी है। अभी आरटीपीसीआर के टेस्ट शुरु किए गए है। डॉक्टरों की आदेश पर आरटीपीसीआर के टेस्ट शुरु किए गए है। विशेष रुप से दंत रोगियों को उक्त टेस्ट कराना बहुत ही जरुरी किया है। रोगियों को दूरियां बनाकर बैठने के लिए कहा जा रहा है। डॉक्टरों के बाहर बैंचों पर बैठने वाले आम नागरिकों को मास्क व दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए गए है। नगरिक अस्पताल में बुखार से पीड़ित आने वाले रोगियों का अलग से रिकार्ड तैयार किया जा रहा है। आपातकाल वार्ड में बुखार से पीड़ित आने वाले रोगी के लिए अलग से 4 बैड का वार्ड तैयार किया है। जिसके लिए आरटीपीसीआर का टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया है।

# फूड सप्लाई विभाग के इंस्पेक्टर समेत दो आरोपियों पर राशन गबन का मामला दर्ज

## करीब एक माह में सरकारी राशन की दुकान पर दूसरी बार लगा छापा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ता टीम ने खाइका में पूर्व में रहे डिपोधारक के गोदाम में छापा मारा। टीम को सरकारी राशन उपभोक्ताओं को वितरण से पहले ही गोदाम में 101 क्विंटल गेहूं कम पाया गया। खाद्य आपूर्ति विभाग के एएफ एसओ ने पूर्व डिपोधारक समेत विभाग के खंड इंस्पेक्टर पर सरकारी राशन गबन करने का आरोप लगाया है। सोहना शहर थाना पुलिस ने एएफएसओ की शिकायत पर नामजद दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

गुरुवार को सीएम उड़नदस्ता टीम में शामिल एसआई सुरेश कुमार, एसआई सतबीर, गुप्तचर विभाग से


गुरुवार को सीएम उड़नदस्ता टीम द्वारा नगर परिषद के गांव खाईका में सरकारी राशन के गोदाम पर मारा गया छापा।

एएसआई सुरेन्द्र यादव आदि ने मिलकर ड्यूटी मजिस्टेट लछीराम की मौजूदगी में नगर परिषद के गांव खाईका में सरकारी राशन के गोदाम में छापा मारा। छापा मारने के दौरान टीम द्वारा की गई राशन की जांच में 101 क्विंटल गेहूं कम पाया गया। जबकि राशन उपभोक्ताओं में वितरण किया जाना था। मौके पर पहुंचे खाद्य आपूर्ति विभाग के एएफ एसओ विजय कुमार ने बताया कि पूर्व खाईका गांव में सरकारी राशन वितरण करने वाले डिपोधारक योगेश कुमार के गोदाम से यह गेहूं गायब हुआ है। जिसमें विभाग के खंड इंस्पेक्टर उमेद सिंह की भी आरोपों के घेरे में है। जबकि विभाग का पूर्व में डिपोधारक रहा योगेश के खिलाफ पहले की एक मामला राशन गबन करने का 10 मार्च को दर्ज हुआ था। मामला सीएम उड़नदस्ता टीम के द्वारा की मारा गया था। उस समय में भी योगेश के गोदाम से 28 क्विंटल सरकारी गेहूं कम मिला था। जबकि तीन क्विंटल चीनी व साढ़े 5 क्विंटल बाजरा अधिक पाया गया था। एएफ


गांव खाईका में गोदाम में बिखरे सरकारी राशन को समेटते मजदूर।

एसओ ने बताया कि योगेश का लाइसेंस पूर्व में दर्ज हुआ मामले के बाद समाप्त कर दिया था।

खाद्य आपूर्ति विभाग के एएफएसओ द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर इंस्पेक्टर व पूर्व में डिपोधारक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जिसमें अन्य आरोपी भी संलिप्त होने की आशंका जताई जा रही है।

**अंकित कुमार, एसआई**
**(सहायक थाना प्रभारी शहर थाना)**

# किसानों को गेट पास कटवाने में आ रही है परेशानी, जरुरी कागजात लाने होंगे साथ

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** अनाज मंडी में बीतें तीन दिन में 4 किसानों द्वारा 58 क्विंटल गेहूं बिक्री के लिए लाया गया है, लेकिन गेहूं में नमी अधिक होने के कारण एक भी दाना सरकार के खाते में नहीं खरीदा गया है। वहीं किसानों द्वारा जरुरी कामगाज साथ न लाने से बिक्री के लिए टोकन कटवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदेश सरकार ने राज्य की सभी मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से शुरु कर दी थी। लेकिन बार-बार हुई बारिश ने गेहूं व सरसो की फसल को बरबाद कर दिया। बारिश के कारण गेहूं व सरसो की फसल कटाई किसान समय पर नहीं कर सके है। जिसके कारण किसान अपनी फसलों को बिक्री के लिए मंडी देरी से लेकर पहुंच रहा है। बीते तीन दिन में अनाज मंडी में मात्र 58 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है।

**गेट पास कटवाने में परेशानी:** किसान फसल बिक्री के दौरान अपने जरुरी कागजात साथ लेकर नहीं आ रहा है। जिसके कारण मंडी के गेट पर उसकी फसल को बिक्री करने की अनुमति लेने में घंटों खड़ा होना पड़ रहा है। जिससे अन्य किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


गुरुवार को सोहना अनाज मंडी में किसान द्वारा लाया गया गेहूं।

अभी तक 4 किसान ही गेहूं को सरकार के खाते में बेचने के लिए पहुंचे है। लेकिन हेफेड के इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि एक भी किसान द्वारा अपनी फसल बिक्री के लिए पहले से पंजीकरण नहीं कराया हुआ है। जिसके कारण ऐसे किसानों ने अपनी फसल को निजी कीमत पर बेचना पड़ा है।

**गेट पास के लिए जरुरी कागजात :** किसान को अपनी फसल को सरकारी समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए अपना फसल बिक्री के लिए किया गया पंजीकरण कागजात, अपना आधार कार्ड तथा जिस मोबाइल नंबर से फसल का पंजीकरण कराया है। वह मोबाइल नंबर टोकन कटाने में किसान की मदद करेगा। जिससे गेट पास के दौरान किसान के मोबाइल पर तुरन्त आने वाला ओटीपी नंबर टोकन गेट पर देना होगा। किसानों को फसल बिक्री में आ रही बारिकियों को परखा जा रहा है। ताकि किसानों का उनके प्रति पहले से जागरुक किया जा रहा है। जिससे अन्य किसानों को गेट पास कटवाने में परेशानी न हो।

**सुनीता देवी**
**सचिव मार्केट कमेटी सोहना**

# खामियों और लापरवाही से सड़क पर तीन माह 75 मौत

## तीन माह में तीन करोड़ के चालान काटे पर सड़कों की दशा पर नहीं दिया ध्यान

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में सड़कों पर बने गड्ढे और अन्य खामियों के कारण लोग आए दिन जान गंवा रहे हैं, लेकिन सड़कों की दशा में सुधार कराने की बजाए पुलिस चालान काट रही है। पिछले दिन महीने में शहर के विभिन्न हिस्सों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 75 लोग जान गंवा चुके हैं। वहीं पुलिस द्वारा इन तीन महीनों में सैंकड़ों चालान काट कर तीन करोड़ रुपये जुर्माना वसूला है।





जिले की सड़क और पुलों के गड्ढों के दृश्य।

**2437 हादसों में 998 मौतेः** नेशनल हाईवे, केजीपी एक्सप्रेस-वे और अंदरूनी सड़कों की बात की जाए, हाइवे पर कम और अंदुरूनी सड़कों पर अधिक हादसे हुए हैं। जिनका मुख्य कारण टूटी सड़कें रही है। वहीं पिछले चार साल तीन माह में करीब 2437 सड़क हादसों में 998 मौतें और 2066 घायल लोग हुए हैं। जिसमें वर्ष 2023 में जिले में जनवरी से मार्च तक करीब 165 सड़क हादसों में करीब 75 लोगों की मौत हुई है। वहीं करीब 135 लोग घायल हुए हैं। वर्ष 2019 में जिले में 689 हादसों में 264 मौत और 635 लोग घायल हुए। वर्ष 2020 में जिले में 489 सड़क हादसों में 195 मौत और 421 लोग घायल हुए। वर्ष 2021 में 505 सड़क दुर्घटनाओं में 211 लोगों की मौत और 423 लोग घायल हुए थे। वर्ष 2022 में 589 सड़क हादसों में 253 लोगों की मौत और 452 लोग घायल हो गए। इन आंकड़ों के मुताबिक हाइवे पर कम और अंदुरूनी सड़कों पर हादसे अधिक हुए हैं।

**तीन करोड़ के चालान :** जनवरी से मार्च माह में पुलिस द्वारा करीब तीन करोड़ रुपये के चालान काटे गए हैं। सरकार द्वारा जुर्माने की दर काफी ज्यादा बढ़ाए जाने से लोगों की जेब पर बोझ बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों का कहना है कि इतनी कीमत तो वाहनों की भी नहीं होती। उससे ज्यादा का चालान काट दिया जाता है। नागरिकों ने सड़कों की खामियों को दूर करने का सुझाव दिया है। सड़कों पर स्ट्रीट लाईटें चालू करवाये। टोल रोड़ का हालत भी सुधारे, उसके बाद चालान करवायें।

**हादसों में कमी का प्रयासः** रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एसके शर्मा ने कहा कि सड़क हादसों के पॉइंट चिन्हित कर उनमें कमी लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। सड़कों की खस्ता हालत के कारण थोड़ी परेशानी आ रही है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए लोग लगातार आगे आ रहे हैं।

# राजा नाहर सिंह के साथ 500 सैनिक भी हुए थे शहीद : ओपी धनखड़



हवन में आहुति देते हुए ओपी धनखड़, मूलचंद शर्मा, नरेन्द्र गुप्ता, सीमा त्रिखा, सीमा भारद्वाज, सत्यवीर डागर व अन्य गणमान्य लोग।



शहीद नाहर सिंह की प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सुरेन्द्र शर्मा बबली और भगत सिंह के प्रपौत्र सरदार यादवेंद्र सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आज** गर्व और गौरव का पर्व है। आज राजा नाहर सिंह की जयंती है। इसके अलावा हनुमान जन्मोत्सव है और भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है। भारत के भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि भी है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बल्लभगढ़ स्थित दशहरा ग्राउंड में राजा नाहर सिंह भूमि पूजन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने इस मौके पर शहीद राजा नाहर सिंह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि राजा नाहर सिंह के साथ दिल्ली में अंग्रेजी हकूमत ने गुलाब सिंह सैनी, भूरा बाल्मीकि सहित 500 सैनिकों का कत्ल किया था। केवल बीजेपी के कार्यकाल में ही राजा राजा नाहर सिंह के नाम से ऐतिहासिक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड पार्क का नाम सहित अनेक विकास कार्य राजा नाहर सिंह के नाम से करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा रानी की छतरी का जीर्णोद्धार करवाया गया है। राजा नाहर सिंह महल में भी राजा नाहर सिंह की प्रतिमा लगवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राजा नाहर सिंह की रियासत में पलवल बॉर्डर और दिल्ली बॉर्डर पर भी एक-एक मूर्ति राजा नाहर सिंह की स्थापित की जाए। इसके अलावा राजा नाहर सिंह की प्रतिमा में गरीब और अमीर सहित सभी का सहयोग लिया जाए। उन्होंने अपने ऐच्छिक कोष से 11,00,000 रुपए देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम मे विशिष्ठ अतिथि कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार मूलचंद शर्मा ने शिरकत की। यह कार्यक्रम गणमान्य संस्थाओं जिनमें जाट संस्था प्याली फरीदाबाद, राजा नाहर सिंह फाउंडेशन ट्रस्ट, राजा नाहर सिंह अभियान दिल्ली, जाट मित्र मंडल फरीदाबाद, राष्ट्रीय जाट एकता मंच तथा वीर शहीद सम्मान समिति, भारतीय जाट समाज बल्लभगढ़ द्वारा आयोजित किया गया।

**श्रद्धा सुमन किए अर्पितः** इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बल्लभगढ़ के शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्प अर्पित किए। इसके बाद राजा नाहर सिंह महल में आयोजित राजा नाहर सिंह की जयंती व भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल की पुण्यतिथि और हनुमान जयंती पर आयोजित हवन में आहुति भी डाली।

भूमि पूजन समारोह को विधायक दीपक मंगला, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व विधायक करण सिंह दलाल और सरदार भगत सिंह के प्रपौत्र सरदार यादवेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा सुरेन्द्र शर्मा बबली, जिला परिषद के चेयरमैन विजय सिंह, वाइस चेयरमैन धर्म चौधरी, मुनेश नरवाल, उषा शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों और विभिन्न पालों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भूमि पूजन समारोह के हवन में भाग लिया।

# बिल्डर के कारिंदों ने सोसायटी वासियों से की धक्का-मुक्की



सोसायटी निवासियों और पवन के बीच मामला सुलझाते पुलिसकर्मी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-75,** क्यू ब्लॉक सोसायटी के निवासियों और बीपीटीपी के कर्मचारियों बीच बीती रात धक्का-मुक्की और हंगामा हो गया। जिसकी शिकायत सोसायटी के निवासियों ने पुलिस को दी है। जिसमें उन्होंने धक्कामुक्की और महिलाओं से अभद्रता करने का आरोप पर लगाया है। पुलिस के आने पर मामला शांत हो गया। सोसायटी के निवासियों ने कहा कि वे सीपी और डीसीपी से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत करवाऐंगे।

बीपीटीपी सेक्टर-75 स्थित क्यू ब्लॉक के निवासी कविता, माया, अरूणिमा, रेखा, सुष्मिता, मिथलेश, पंकज, मनोज, प्रमोद सिंह, राजेश शर्मा, विनोद सहरावत और आरडब्ल्यूए की प्रधान सीमा भारद्वाज ने बताया कि वुमेन वेलफेयर एसोसिएशन ने पिछले सात माह से चोरी और अन्य समस्याओं को देखते हुए सुरक्षाकर्मी भी रखे हैं। जिनकी तनख्वाह वह पैसे एकत्रित करके स्वयं दे रहे है। मेंटिनेंस का चार्ज लेने के बाद भी बीपीटीपी द्वारा कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। जिसे देखते हुए कुछ लोगों ने मैंटिनेंस चार्ज देना बंद कर दिया। उन्होंने कोर्ट में केस डाल रखा है। कोर्ट केस को देखते हुए बीपीटीपी द्वारा गत दिवस सुरक्षाकर्मी भेज दिए गए। ऐसे में उन्हें मेल करके बताया गया कि सोसायटी में सुरक्षाकर्मी उन्होंने रखे हुए हैं। इसे लेकर बीपीटीपी के कर्मियों ने उनसे धक्का मुक्की की।

**यह दी शिकायतः** क्यू ब्लॉक के निवासियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब दस बजे कुछ गार्ड बीपीटीपी ने सोसायटी में भेज दिए। पूछताछ में पता चला कि उन्हें बीपीटीपी/बीपीएमएस ने भेजा है। उन्हें बताया कि हमारे पास गार्ड है, अब आवश्यकता नहीं है। निवासियों ने सुरक्षाकर्मियों को बताया कि पहली और पांच अप्रैल को इमेल के जरिये बीपीटीपी और बीपीएमएस को सारी स्थिति से अवगत करवा दिया था। आए हुए सुरक्षा कर्मियों ने साढ़े दस बजे अज्ञात लोगों को बुला लिया। जिन्होंने उनके साथ धक्का-मुक्की की। जिसमें शामिल पवन नामक व्यक्ति ने धक्का-मुक्की की करते हुए धमकी दी।

# विकास के लिए विधायक ने की पंचायत प्रतिनिधियों संग बैठक



तिगांव ब्लॉक के समिति सदस्यों के संग बैठक करते विधायक राजेश नागर।

**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने तिगांव ब्लॉक के सभी समिति सदस्यों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और सुझावों के बारे मे जानकारी ली। इस बैठक में अधिकांश समस्याएं सडकों के निर्माण के बारे में पता चली। जिन पर जल्द काम करने के लिए विधायक राजेश नागर ने उन्हें आश्वासन दिया।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलने का क्रम प्रारंभ किया है। इसके तहत हम उनसे प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं की जानकारी मांग रहे हैं, जिनके आधार पर जल्द से जल्द टेंडर करवाकर काम शुरू करवाए जाएंगे। इसके लिए हमें हमारे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भरपूर बजट देने की बात कही है। तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य के लिए सीएम साहब की ओर से कोई भी किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि आज ब्लॉक के सभी समिति सदस्यों के साथ मुलाकात कर पूरे क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी मिली है।

## एयर पिस्टल दिखाकर छात्रों से वसूली करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए तिगांव थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दलबीर व उनकी टीम ने एक आरोपी को हथियार के बल पर अवैध वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम इकबाल हुसैन है, जो फरीदाबाद की शिव दुर्गा विहार कॉलोनी का रहने वाला है और मंझावली के जेबी नॉलेज पार्क कॉलेज में बी टेक फर्स्ट ईयर में पढ़ता था और उसकी उम्र 22 वर्ष है। उसी कॉलेज के पढ़ने वाले अनुपम नाम के छात्र ने तिगांव थाने में शिकायत दी थी जिसमें उसने बताया कि आरोपी ने उसे पिस्तौल दिखाकर उससे 8650 रुपये ले लिए और उससे और पैसे की मांग कर रहा है।

# हनुमत जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अंतरराष्ट्रीय** हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की बल्लभगढ़ इकाई ने हनुमत जन्मोत्सव तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसका प्रारंभ संगीतमय सुंदरकाण्ड से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिव कुमार राघव, क्षेत्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में सतत फाउंडेशन की अध्यक्षता सीमा भारद्वाज उपस्थित रही।

जिन्होंने उपस्थित मातृ शक्ति से धर्म और संस्कृति की रक्षा हेतु अपने कुटुंब जनों में उच्च संस्कार रोपित करने का आह्वान किया। कन्या प्रणव आश्रम तिगांव संस्थापिका साध्वी मुक्तिप्रणा ने सभी को अपने आशीर्वचन प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय बजरंग दल के क्षेत्रीय महामंत्री आदरणीय मुनीश भारद्वाज ने ओजस्वी वक्तव्य देकर उपस्थित जनों में राष्ट्र रक्षा के संकल्प की ऊर्जा का संचार किया। जेनिथ हॉस्पिटल बल्लभगढ़ के संचालक डॉ जीके शर्मा ने सभी उपस्थित जनों से अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद से जुड़ने का आह्वान किया और सभी उपस्थित जनसमूह ओर अतिथियों को धन्यवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद फरीदाबाद के जिला महामंत्री दीपक मजूमदार ने किया।



हनुमत जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में मंच पर शामिल अतिथिगण।

कार्यक्रम में एडवोकेट मुकेश पत्रावत, अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद बल्लभगढ़ इकाई के अध्यक्ष रबीन बैरागी तथा उपाध्यक्ष चेतन भारद्वाज ने अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में वार्ड 41 प्रमुख हरिनारायण शर्मा, संरक्षक लाला गोविंद राम, समाज सेवी प्रहलाद गोयल, अनिल गोयल, गिरीश कौशिक, अवधेश, सुरेन्द्र, मेगजीत, पवन गौड़, जस्सी, सुमित, अमित शुभ आदि ने कार्यक्रम सफल बनाया।

# जीवा आयुर्वेद के सीईओ मधुसूदन को मिला पुरस्कार

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**जीवा** आयुर्वेद के सीईओ मधुसूदन चौहान को उनके असाधारण नेतृत्व और समग्र कल्याण उद्योग के विकास में योगदान के लिए बिजनेस वर्ल्ड बीडब्ल्यू वेलबीइंग 40 यू 40 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। चौहान के नेतृत्व के परिणामस्वरूप व्यक्तिगत, समग्र आयुर्वेदिक उपचार सेवाओं को डेटा और तकनीक-संचालित वितरण विधियों का उपयोग करके लाखों रोगियों तक पहुंचाया जा रहा है।

जीवा के अग्रणी टेलीमेडिसिन प्रयास 30 से अधिक देशों से प्रतिदिन 8,000 से अधिक रोगियों की सेवा करते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टरों के लिए निदान और एल्गोरिथम निर्णय समर्थन प्रणाली के लिए जीवा का मशीन लर्निंग आधारित प्रोटोकॉल का उपयोग इस बात का उदाहरण है कि कैसे आयुर्वेद तकनीक में नवीनतम प्रगति को



जीवा के सीईओ मधुसूदन चौहान पुरस्कार लेते हुए।

एकीकृत कर रहा है ताकि दुनिया भर में आयुर्वेद को वितरित किया जा सके। यह पुरस्कार असाधारण व्यक्तियों को सम्मानित करता है। जिन्होंने 40 वर्ष की आयु से पहले अपने संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, और भविष्य की पीढ़ियों को उत्कृष्टता का पीछा करने के लिए प्रेरित किया है।

इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, चौहान ने कहा, यह पुरस्कार भारत और विदेशों में जनता के लिए एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली बनाने की दिशा में जीवा आयुर्वेद के योगदान को मान्यता देता है। यह पुरस्कार प्रामाणिक, व्यक्तिगत आयुर्वेदिक उपचार को सभी के लिए आसानी से सुलभ बनाने के लिए पिछले 20 वर्षों में की गई हमारी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

महामारी के दौरान, जीवा आयुर्वेद ने साबित कर दिया कि दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा प्रणाली, जब आधुनिक तकनीक के साथ मजबूत होती है, तो स्वास्थ्य देखभाल के ऐसे परिणाम पैदा कर सकती है जो प्रगतिशील और भविष्यवादी हैं - केवल हस्तक्षेप और रोग प्रबंधन के बजाय मूल रूप से स्वास्थ्य सेवा को सस्ती और निवारक बनाते हैं। यह पुरस्कार युवा उद्यमियों को एक समानुभूति-आधारित और टिकाऊ स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में अथक रूप से काम करना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

बिजनेस वर्ल्ड बीडब्ल्यू वेलबीइंग 40-40 के दूसरे संस्करण में एक कठोर नामांकन और चयन प्रक्रिया का पालन किया गया, जिसमें जूरी ने शीर्ष 40 - 40 को चुना। जूरी में उद्योग के प्रसिद्ध नेता शामिल रहे, जैसे देवी मोहन, मोहनजी फाउंडेशन के वैश्विक राजदूत और एसीटी के वैश्विक अध्यक्ष, डॉ. बत्रा, हेल्थकेयर के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. मुकेश बत्रा, योगेश कोचर, योरवनलाइफ के संस्थापक, डॉ. ब्लॉसम कोचर, ब्लॉसम कोचर ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरपर्सन, और डॉ. अनुराग बत्रा, चेयरमैन, एडिटर-इन-चीफ, बिजनेसवर्ल्ड शामिल रहे।

# इनेलो ने मनाई ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर** वर्ष की तरह इस वर्ष भी किसानों के मसीहा एवं भारत के पूर्व उप प्रधानमंमंत्री ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर इण्डियन नेशनल लोकदल के विष्णु सूद व बसंत मुंधढ़ा ने सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में ताऊ देवीलाल की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मनाई।

इस अवसर पर इनेलो के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र चौहान ने कहा कि ताऊ देवीलाल ने सदैव किसानों तथा मजदूर वर्ग के उत्थान की सोच रखी और यही सोच इण्डियन नेशनल लोकदल ने भी हमेशा बरकरार रखी है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में सबसे अधिक शोषण हुआ है तो वह हुआ है किसानों, मजदूर व गरीब तबके का। आज हर वर्ग इस सरकार से दुखी है इसलिये हम सभी



ताऊ देवीलाल की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि देते इनेलो कार्यकर्ता।

को इस बात का प्रण करें कि हमने आगामी चुनावों में इनेलो का परचम हरियाणा भर में लहराना है और हरियाणा वासियों को खुशहाल शासन देना है। इस मौके पर जगजीत कौर पन्नू ने कहा कि ताऊ देवीलाल एक सुलझे हुए राजनेता थे और उन्होंने जो भी निर्णय लिया वह देश व प्रदेश के हित में लिया। आज देश-प्रदेश के जो हालात हैं वे किसी से छिपे नहीं हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## कोरोना के 21 पॉजिटिव मरीज मिले, 25 हुए ठीक

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना महामारी ने एक बार फिर पैर पसारने शुरू कर दिए है। जिले में आएदिन मामले बढ़ते जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को 21 नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है। जिससे जिले में एक्टिव केसो की संख्या का आंकड़ा जिले में 168 पर पहुंच गया है। जिले 161 मरीज होम आईसोलेशन में हैं और तीन मरीज अस्पताल में भर्ती है। वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि 25 मरीजों को विभाग ने स्वास्थ्य घोषित किया है। जिसमें अस्पताल में भर्ती पांच मरीज भी शामिल है। जिले में 24 घंटे में 378 सैम्पल जांच किए गए। वहीं जिले में 152 मरीजों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिसमें सरकारी अस्पतालों के 113 और निजी प्रयोगशालाओं के 39 सैम्पल शामिल है। विशेषज्ञों द्वारा कोरोना के बढ़ते मामलों का कारण लगातार हो रहा मौसम परिवर्तन बताया जा रहा है। लोग कोरोना नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में आए दिन कोरोना संक्रमितों की संख्या का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है।

## संगठन का नकली कार्ड लेकर घूम रहे युवक के खिलाफ दी शिकायत



**फरीदाबाद।** गो रक्षा संगठन लिव फॉर नेशन हरियाणा के प्रधान अनिल कौशिक के नेतृत्व में आज फरीदाबाद क्षेत्र एक दर्जन से अधिक गोरक्षकों ने थाना सारन प्रभारी राजेश बागड़ी से मुलाकात कर उन्हें लिखित शिकायत दी कि गांव गेलपुर पलवल निवासी एक युवक उनके संगठन का नकली कार्ड लेकर घूम रहा है। यह किसी भी अनैतिक कार्य को अंजाम देकर संगठन का नाम बदनाम कर सकता है। साथ ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच सकता है। जिस पर तुरन्त सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। थाना सारन प्रभारी राजेश बागड़ी ने गौ रक्षा संगठन लिव फॉर नेशन के अध्यक्ष अनिल कौशिक सहित सभी गोरक्षकों को आश्वासन दिया कि वह इस मामले की जांच कर जल्द से जल्द कार्यवाही करेगें। थाना प्रभारी से मुलाकात करने वालों में खेमचंद गोयल, सुन्दर, हरीचन्द पहलवान, कर्मवीर भड़ाना, सचिन, सुशील, आदेश कुमार, सुनील पांचाल, अक्षय कुमार पांडेय, अभिषेक गोस्वामी, विक्की, उमेश गुलाटी, बिजेंद्र सैनी, बलजीत कुमार, कृष्ण लोहिया, विरेन्द्र, सुधीर सैन आदि गोरक्षक शामिल रहे।

## डीसी विक्रम ने किया तहसील और अनाज मंडी का औचक निरीक्षण

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम ने बुधवार को उप-तहसील तिगांव, उप-तहसील मोहना और उप-तहसील दयालपुर का क्रमवार औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों तहसीलो में हो रही रजिस्ट्रियो तथा अन्य कामकाज की बारीकी से जांच की तथा वहां उपस्तिथ लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों का काम समयानुसार निपटान करें और इंटनेट व बिजली की सप्लाई में किसी प्रकार की कोई बांधा ना आए। तत्पश्चात उपायुक्त विक्रम सिंह ने तिगांव और मोहना अनाज मंडी का भी निरीक्षण कर वहां मौजूद अधिकारियों द्वारा नमी मापक यंत्र से गेहूं में नमी का स्तर जाना। मंडी के गेट पर किसानों के लिए गेट पास की उपलब्ध सुविधा की जांच की। अनाज मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा किसानों से गेहूं की आवक, झराई, बारदाना और ढुलाई संबंधी जानकारी भी ली। साथ ही अनाज मंडी के मार्केटिंग बोर्ड के कार्यालय में जाकर वहां का रिकॉर्ड की जांच की। इसके बाद मंडी का निरीक्षण किया और वहां पर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम ने व्यापारियों से अनाज मंडी में पेयजल सप्लाई, बिजली आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली और व्यापारियों से आन लाइन बिक्री और पूंजी की अदायगी की भी विस्तार पूर्वक जानकारी ली तथा व्यापारियों को आश्वासन दिया कि प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद व्यापारियों को दी जाएगी। इस अवसर पर एसीयूटी सोनू भट्ट, पीडबल्युडी एक्सईएन परदीप संधू सहित अन्य कई अधिकारीगण मौजूद थे।

## उपलब्धियों भरा रहा आईपीएस अग्रवाल का कार्यकाल : सीपी

**फरीदाबाद।** आईपीएस नीतीश कुमार अग्रवाल जोकि फरीदाबाद में डीसीपी हेडक्वार्टर के पद पर तैनात थे, उनका तबादला गुरुग्राम हो गया है। बतौर डीसीपी हेडक्वार्टर आईपीएस नीतीश कुमार अग्रवाल का कार्यालय बहुत ही बेहतरीन रहा और उन्होंने सामाजिक मुद्दों का समाधान करने के लिए अति महत्वपूर्ण कदम उठाए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। जिन्होंने ने नवंबर 2021 में फरीदाबाद में बतौर डीसीपी मुख्यालय के पद पर ज्वाइन किया था। करीब 16 महीनों के उनके कार्यकाल में फरीदाबाद पुलिस ने बहुत ही बेहतरीन कार्य किए। आईपीएस नीतीश कुमार अग्रवाल कुशल नेतृत्व के धनी हैं। उनके मार्गदर्शन में फरीदाबाद की यातायात पुलिस ने पिछले मानसून में यातायात में फंसे लोगों की बहुत अधिक मदद की थी और डीसीपी के प्रोत्साहन तथा मार्गदर्शन के बल पर ही ट्रैफिक पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी से कहीं अधिक बढ़कर आमजन की सेवा में लगे हुए थे। इसके साथ ही वह साइबर अपराध के नोडल अधिकारी भी रहे जिन्होंने साइबर अपराधों में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए साइबर पुलिस का मार्गदर्शन किया और साइबर पुलिस ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष के पहल 90 दिन में 52 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाने का कार्य किया है। साइबर पुलिस ने पिछले वर्ष से अब तक 19000 से अधिक साइबर मामलों का खुलासा किया है। जिसमें इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा इन्दर टैक्नालाजी इन्स्टीट्यूट



**फरीदाबाद।** छात्रों को हमारे यहां मोबाईल फोन रिपेयरिंग व लैपटॉप रिपेयरिंग कोर्स कराया जाता है। मोबाइल के क्षेत्र में आए दिन नए-नए प्रयोग हो रहे है। इन्दर टैक्नालाजी इन्स्टीट्यूट का मुख उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना है। हमारे इन्स्टीट्यूट में मोबाइल रिपेयरिंग कोर्स और अन्य डिप्लोमा कोर्स करवाए जाते हैं इसे करने में कोई दिक्कत नही आती हैं क्योंकि हमारे यहां कोर्स हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में करवाया जाता है। इसमें विद्यार्थियों को मोबाइल के कलपुर्जे बदलना उन्हें ठीक करना और उनका रखरखाव करना सिखाया जाता है। इन कोर्स को करने के लिए कोई आयु सीमा भी नहीं है। यहां आपको मार्केटिंग का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर निशा तॉमर का कहना है कि हमारे यहां नए तरह का मोबाइल जो मार्केट में आता है तो छात्रों को उसके बारे में प्रैक्टीकल व थ्यौरी दोनों प्रकार की जानकारी दी जाती है। मोबाईल व लैपटॉप रिपेयरिंग में आत्मनिर्भर बनें टैक्नालाजी के इस युग में मोबाईल व लैपटाप रिपेयरिंग कोर्स सबसे डिमांडिंग कोर्स साबित हो रहे है। ऐसे में अजरोंदा स्थित इंदर टैक्नालाजी इन्स्टीट्यूट (आईटीआई) में अत्याधुनिक तरीके से कम से कम फीस देकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल है दिल की बीमारी का मुख्य कारण : डॉ. सप्रा

**फरीदाबाद।** जब हृदय की नसों में कोलेस्ट्रॉल जमता है तो दिल की नसों में ब्लॉकेज होती है। जिसके कारण हार्ट अटैक जैसी बीमारियां होती हैं। इसलिए दिल की बीमारी होने का मुख्य कारण कोलेस्ट्रॉल ही माना जाता है। कोलेस्ट्रॉल के कई प्रकार होते हैं। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल-यह खराब कोलेस्ट्रॉल होता है जो दिल की नसों में जम जाता है जिससे दिल की नसों का रास्ता सिकुड़ जाता है। ऐसे में दिल को पर्याप्त मात्रा में खून नहीं मिल पाता। हृदय में पर्याप्त खून न पहुंच पाने के कारण सीने में दर्द होता है जिसे एंजाइना कहते हैं। खून का पूरा बहाव बंद हो जाने पर इमरजेंसी हो जाती है जिसे हार्ट अटैक कहा जाता है। यह बात मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल फरीदाबाद में कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर एवं सीनियर कंसल्टेंट डॉ. राकेश राय सप्रा ने कही। उन्होंने कहा कि खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कई कारण होते हैं जैसे- डायबिटीज़ और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां, सुस्त जीवनशैली, फैटी फूड का अत्यधिक सेवन, तले-भुने एवं भारी मसालेदार और बेकरी खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन भी कोलेस्ट्रॉल की मात्रा ज्यादा बढ़ाते हैं। व्यायाम कम करने के कारण से भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। लेकिन एक कोलेस्ट्रॉल अच्छी किस्म का भी होता है जिसे एचडीएल कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। यह दिल की नसों में कोलेस्ट्रॉल को जमने से रोकता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 अप्रैल, 2023



# डोनाल्ड ट्रंप
## परेशानियों में घिरे

**डोनाल्ड ट्रंप** इसलिए परेशानियों में घिरे हैं क्योंकि वे देशभक्त हैं और वाम-उदारवादी इस 'पाप' के लिए उनको क्षमा करने को तैयार नहीं हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयार्क अदालत में बिजनेस रिकार्डों में हेराफेरी के 34 आरोपों से इनकार करते हुए ठीक ही कहा है, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा कुछ अमेरिका में हो सकता है। मैंने केवल निर्भय होकर अपने राष्ट्र की रक्षा का काम किया है।' उनकी परेशानी का प्रमुख कारण पोर्न स्टार स्टार्मी डैनियल्स को खामोश रहने के लिए दिया जाने वाला 130,000 डालर का भुगतान है। यह भुगतान ट्रंप ने 2016 में अपने साथ स्टार्मी के संबंध उजागर न करने के लिए किया था। ट्रंप के खिलाफ बलात्कार या यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं है। उनके या उनकी टीम पर यह आरोप भी नहीं है कि उन्होंने सरकारी खजाने का लाभ उठाया अथवा उन्होंने या उनके परिवार या मित्रों ने उनके पद पर रहने के कारण कोई अनुबंध प्राप्त किया। सबसे बुरी बात है कि इस मामूली वित्तीय गड़बड़ी को उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों ने लाखों गुना बढ़ा कर इस तरह पेश किया जैसे कोई बहुत बड़ा अपराध हो गया हो। उन्होंने ट्रंप पर निशाना लगाने और उनको फंसाने के लिए इसका प्रयोग अवसर की तरह किया। इससे भी बुरी बात है कि उनको प्रेरणा व सहायता मुख्यधारा मीडिया के अनेक हिस्सों से मिली जिन्होंने शर्मनाक ढंग से पक्षपाती दृष्टिकोण अपना कर अपनी इज्जत मिट्टी में मिला ली थी। ट्रंप का ऐसे 'अपराध' के लिए अभियोजन हो रहा है तथा निशाने पर लेकर निन्दा का शिकार बनाया जा



रहा है जिसकी शिकायत उनकी पत्नी को छोड़ कर किसी अन्य को नहीं होनी चाहिए। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रति अनेकानेक प्रमाणों के बावजूद नरमी का व्यवहार हो रहा है कि उनके उच्च पद का अत्यधिक लाभ उनके भाई फ्रैंक व बेटे हंटर ने उठाया है। हालांकि, ट्रंप ने भारतीय शायर अकबर इलाहाबादी का नाम न सुना होगा, पर उनकी ये पंक्तियां पूर्व राष्ट्रपति की पीड़ा को सटीक रूप से व्यक्त करती हैं-'हम आह भी करते हैं तो हो जाते हैं बदनाम, वो कत्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होता।'

यह अमेरिका में इसलिए हो सकता है कि उसके प्रमुख विचारक खतरनाक 'पोस्टमार्डन' या 'नव-वामपंथी' विचारों से अत्यधिक प्रभावित रहे हैं। इन विचारों का व्यापक असर अकादमिक संस्थानों, मीडिया तथा जनता की राय बनाने वाले अन्य संस्थानों पर हुआ है। इसके साथ ही वहां अनेक लोग अफरातफरी व विनाश में 'विनाश के देवताओं' की तरह आनन्द उठाते हैं। इनमें खरबपति 'दानदाता' जार्ज सोरोस जैसे लोग शामिल हैं। उनका 'दान' अपने विश्वासों को आगे बढ़ाने के लिए होता है। वे उस हिंसक अराजकता पर अरबों डालर खर्च करते हैं जिसका अर्थ आदर्शों, मूल्यों व सभ्यता के मानकों को उलट कर उनके स्थान पर ऐसे वामपंथी विचार स्थापित करना है जो ऐतिहासिक रूप से निरर्थक सिद्ध हो चुके हैं। सोरोस के एक समर्थक आल्विन ब्रैग हैं जो मैनहटन के पहले अश्वेत जिला अटार्नी तथा डेमोक्रेटिक पार्टी के चरम-वामपंथी सिद्धान्तकार हैं। उनका अटूट विश्वास अमेरिका-विरोधी 'क्रिटिकल रेस थ्योरी' तथा 'सभ्यता-विरोधी' पुलिस को आबंटन घटाओ आंदोलन से है। जिम्मेदारी संभालने के कुछ ही दिन बाद ब्रैग ने स्पष्ट कर दिया था कि वे वेश्यावृत्ति, बिना अनुमति घुसपैठ, गिरफ्तारी के विरोध तथा अधिकांश दुर्व्यवहारों के खिलाफ अभियोजन नहीं चलाएंगे। जिला अटार्नी बनने के बाद उनके अधिकार क्षेत्र में हिंसक अपराधों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है क्योंकि वे हिंसक अपराधियों के प्रति नरम तथा कानून का पालन करने वाले नागरिकों के प्रति कठोर हैं। वे खासकर ट्रंप जैसे अपने वैचारिक विरोधियों के खिलाफ अत्यन्त कठोर हैं।

# घृणापूर्ण भाषण की काल्पनिक अवधारणा

यदि घृणापूर्ण भाषण की काल्पनिक अवधारणा को असली व उचित मान लिया जाए तो हमें शास्त्रीय पुस्तकों समेत अधिकांश पुस्तकों को जला देना पड़ेगा।



**रवि शंकर कपूर**
(लेखक, द पायनियर दिल्ली के स्थानीय संपादक हैं)



भारत में आजकल 'घृणापूर्ण भाषण' की काल्पनिक अवधारणा लोगों को परेशान कर रही है। इसे परिभाषित करने के कोई वस्तुनिष्ठ या सर्वव्यापी मानक नहीं हैं। दुनिया भर में राजनेताओं व अन्य व्यक्तियों पर घृणापूर्ण भाषण के आरोप लगते रहे हैं। यदि कोई किसी टिप्पणी को पसंद नहीं करता है तो अक्सर उसे 'घृणापूर्ण भाषण' का नाम देकर इसे आपराधिक बनाने की मांग होती है।

मेरियम-वेबस्टर के अनुसार 'घृणापूर्ण भाषण' का अर्थ 'विभिन्न प्रकार के अपराध हैं जो पीड़ित या एक समूह के सदस्य को लक्षित होते हैं।' यह आक्रमण या संपत्ति को नुकसान पहुंचाना तथा रंग, नस्ल, जेंडर या यौन उन्मुखीकरण के कारण हो सकता है। अमेरिकन कांग्रेस घृणा अपराध को 'किसी व्यक्ति या संपत्ति के खिलाफ आपराधिक कृत्य' के रूप में परिभाषित करती है जो 'पूर्ण या आंशिक रूप से किसी नस्ल, धर्म, विकलांगता, नस्ली मूल या यौन उन्मुखीकरण के प्रति पूर्वाग्रह के कारण हो।' लेकिन घृणा अपने आप में अपराध नहीं है। एफबीआई की वेबसाइट के अनुसार, अमेरिका का फेडरल ब्यूरो आफ इन्विस्टीगेशन भाषण की स्वतंत्रता व अन्य नागरिक स्वतंत्रताओं की रक्षा करता है। यहां दो बिंदु महत्वपूर्ण हैं। पहला, घृणापूर्ण भाषण को घृणा अपराध नहीं समझा जाना चाहिए। घृणापूर्ण भाषण चाहे जितना आक्रामक व असहज करने वाला हो, पर यह भाषण व अभिव्यक्ति का एक रूप है। उदार लोकतंत्र में हर प्रकार की अभिव्यक्ति को संरक्षण मिलना चाहिए। लेकिन घृणा अपराध परिभाषा से ही अपराध है और उससे कठोरता से निपटा जाना चाहिए। दूसरा, किसी लोकतंत्र में घृणा अपराध नहीं है और न होना चाहिए। सतही तौर पर यह विरोधाभासी लग सकता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के संविधान की उद्देशिका में न्याय, स्वतंत्रता व समानता या बंधुत्व को 'सुरक्षित रखने' की बात कही गई है। बिना घृणा को समाप्त किए या उस पर नियंत्रण के बंधुत्व को सुरक्षित कैसे रखा जा सकता है? लेकिन यह तर्क गलत व सर्वसत्तावादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने की संभावना वाला हो सकता है। प्रेम की तरह घृणा भी लोगों के दिल-दिमाग में होती है और जनता के दिल-दिमाग पर नियंत्रण सर्वसत्तावाद का पारिभाषिक आयाम है। उदारवादी राजनीति में विधायन का उद्देश्य व्यक्तियों के बीच कानून बनाना व अंतर-व्यक्ति व्यवहार का नियमन है, किसी व्यक्ति की भीतरी गत्यात्मकताओं पर नियंत्रण नहीं।

घृणा को अपराध बनाने का अर्थ 'विचार अपराध' को परिभाषित करना होगा और यह भी सर्वसत्तावादी प्रवृत्ति का एक अंग है। सौभाग्य से संविधान की उद्देशिका में सर्वसत्तावाद-विरोधी धारा मौजूद है क्योंकि यह 'व्यक्ति की गरिमा सुनिश्चित करने' की बात करता है। स्पष्ट है कि यदि राज्य कठोर नियंत्रण का निर्णय करता है तो व्यक्ति की गरिमा नष्ट हो जाएगी क्योंकि इसके लिए व्यक्ति के सर्वाधिक पवित्र क्षेत्र में हस्तक्षेप जरूरी हो जाएगा। संविधान में वर्णित अनुच्छेद 19 भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 25 चेतना की स्वतंत्रता को मूलाधिकार मानते हैं। दुर्भाग्य से भारत के सर्वोच्च न्याय विशेषज्ञ घृणापूर्ण भाषण को काल्पनिक अवधारणा नहीं मानते हैं। इसके परिणामस्वरूप वे इस पर नियंत्रण की आवश्यकता पर बहस करते रहते हैं। लेकिन इस अवधारणा के ही काल्पनिक होने के कारण यह किसी तरह संभव नहीं है।

इस प्रकार राजनीतिक विमर्श के गिरते मानकों की चिन्ता करने वाले सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश इसके लिए घृणापूर्ण भाषण को जिम्मेदार ठहराते हैं। पिछले सप्ताह जस्टिस के.एम. जोसेफ व जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा, 'घृणापूर्ण भाषण एक दुष्चक्र की तरह हैं। यदि एक व्यक्ति ऐसा करता है तो दूसरा इसे करेगा। संविधान निर्माण के समय ऐसे भाषण नहीं थे। अब बंधुत्व के विचार में दरारें दिख रही हैं। इस पर कुछ नियंत्रण होना चाहिए। राज्य द्वारा किसी प्रकार की व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए ताकि इस प्रकार के बयानों पर लगाम लग सके।' सर्वोच्च न्यायालय के इरादे प्रशंसनीय हैं, पर समस्या का उसका निदान विकृत राजनीतिक विमर्श के कारण बहुत सटीक नहीं है। सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने घृणापूर्ण भाषण की इस अवधारणा का प्रयोग सरकार की स्थिति बचाने के लिए किया। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे भाषण न केवल मुसलमानों व ईसाइयों, बल्कि हिंदुओं के खिलाफ भी होते हैं। उन्होंने एक महत्वपूर्ण बात की ओर भी संकेत किया। उन्होंने 'एक द्रमुक प्रवक्ता' का संदर्भ दिया जिसने कहा था, 'पेरियार ने जो कहा था उसे किया जाना चाहिए था। यदि आप समता चाहते हों तो सभी ब्राह्मणों को मार डालना चाहिए।' स्पष्ट रूप से इससे कुछ कड़वाहट फैली। जस्टिस जोसेफ ने बार-बार सोलिसिटर जनरल से पूछा कि क्या वे जानते हैं कि पेरियार कौन थे। मेहता ने कहा कि वे जानते हैं कि पेरियार कौन थे, लेकिन घृणापूर्ण भाषण को इसलिए उचित नहीं ठहराया जा सकता है कि उसे किसी महान व्यक्ति ने कहा है। इससे हम सर्वाधिक महत्वपूर्ण बिंदु पर पहुंचते हैं। अनेक महान पुरुषों व महिलाओं ने ऐसी बातें कही हैं जिनको घृणापूर्ण भाषण, ईशनिन्दा, अपमानजनक व गरीब-विरोधी, आदि कहा जा सकता है। प्लेटो ने कहा कि गुलामी एक प्राकृतिक स्थिति है। इस महान दार्शनिक को इसकी चिन्ता नहीं थी। उन्होंने लिखा, 'प्रकृति ने दिखाया है कि ज्यादा प्राप्त करना कम से बेहतर है, कमजोर की तुलना में ज्यादा शक्तिशली होना उचित है। अनेक प्रकार से वह दिखाती है कि यह बात मनुष्यों के साथ जानवरों तथा वास्तव में पूरे शहरों व नस्लों के लिए सही है। न्याय का अर्थ बेहतर लोगों का कमजोर लोगों पर शासन व उनसे ज्यादा प्राप्त करना है।' उनके शिष्य व एक अन्य महान दार्शनिक अरस्तू ने गुलामी को सही ठहराया। उनके अनुसार, 'लेकिन क्या प्रकृति किसी को गुलाम बनाना चाहती है और क्या उसके लिए ऐसी स्थिति स्वाभाविक या ठीक होगी अथवा क्या गुलामी प्रकृति का उल्लंघन है? तर्कों व तथ्यों के आधार पर इस सवाल का जवाब देना कठिन नहीं है।

किसी का शाशक और दूसरों का शासित होना न केवल आवश्यक, बल्कि व्यावहारिक है क्योंकि जन्म के समय से ही कुछ लोग आधीनता तथा दूसरे शासन के लिए निर्धारित हो जाते हैं।' क्या प्लेटो व अरस्तू की किताबों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए? इसके साथ ही पश्चिमी दर्शन में नीत्शे भी हैं। उनके कुछ शब्द हैं, 'तुम महिलाओं के पास जाते हो? उनको कोड़े मारना भूलो मत', 'पुरुषों को युद्ध की शिक्षा देनी चाहिए और महिलाओं को विजेताओं के मनोरंजन की, बाकी सब बेकार है', 'महिलाओं को खेल की वस्तु होना चाहिए', 'महिलाओं की सभी चीजों का एक समाधान है-गर्भावस्था।' नीत्शे जर्मन दार्शनिक शोपेनहावर को अपना शिक्षक मानते थे और उन्होंने भी महिलाओं के बारे में अनेक अशोभनीय टिप्पणियां की हैं। मैडम बोवेरी और आना करेनिना पर भी यदि आवारगर्दी नहीं तो अपने ग्लैमर से आकर्षित करने के आरोप लग सकते हैं। 'गान विध द विंड' उपन्यास और फिल्म की इसलिए आलोचना की जा सकती है कि ये अमेरिका के दक्षिण में व्याप्त गुलामी का वर्णन करते हैं। दांते की 'डिवाइन कामेडी' पैगंबर मुहम्मद का खराब चित्रण करती है।

भारत में भी महान लेखकों ने महिलाओं के बारे में कठोर टिप्पणियां की हैं। भारत की कुछ साहित्यिक रचनाओं पर ऐसे आदर्श प्रोत्साहित करने के आरोप लग सकते हैं जिनसे किसी समाज को नुकसान हो सकता है। अज्ञेय की 'शेखर: एक जीवनी' में अगम्यागमन संबंधों की छाया है। प्रेमचंद की 'निर्मला' में भी ऐसी छवियां मिलती हैं। विमल मित्र की रचना 'साहब, बीबी और गुलाम' पर एक महान हिंदी फिल्म बनी, लेकिन यह सामंतवाद के पतन, आवारागर्दी व अविश्वास के उल्लेखों से भरी है।

यू. आर. अनन्तमूर्ति के कन्नड़ उपन्यास 'संस्कार' में हिंदू परंपराओं का खोखलापन दिखाया गया है। बंकिम चंद्र चटर्जी का 'आनन्द मठ' मुसलमानों के प्रति कठोर दृष्टिकोण अपनाता है। राजनीतिक रूप से गलत बातें कहने वाले महान लेखकों की सूची काफी लंबी है। यदि घृणापूर्ण भाषण की काल्पनिक अवधारणा को असली और वैध मान लिया जाए तो इसका नतीजा शास्त्रीय रचनाओं समेत अधिकांश पुस्तकों पर प्रतिबंध हो सकता है।

# तकनीक प्रेरित आनलाइन शिक्षा की सीमाएं

> एडटेक को इस तरह विकसित किया जाना चाहिए कि वंचित समूहों के छात्रों को सरलता से इस तक पहुंच मिल सके।

**माला कुमारी**
(लेखिका एक स्तम्भकार हैं)



कोविड-19 के दौरान, यह इंटरनेट और एडटेक ही था जिसने दुनिया भर में शिक्षण को जारी रखने की अनुमति दी। साथ ही, इसकी अनुपलब्धता और दुर्गमता ने कई बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया है। कोविड-19 के बाद, एडटेक में अधिक निवेश के साथ, वंचित, वंचित समुदायों के बच्चों को पीछे छोड़ दिया गया है।

इस तेज़-तर्रार, एडटेक दुनिया में, पहली पीढ़ी के कई शिक्षार्थियों को इंटरनेट-आधारित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म जैसे ज़ूम और अटेंड क्लासेस को संचालित करना मुश्किल लगता है। इसके अलावा, इन निम्न-आय वाले परिवारों में कई स्मार्टफोन की कमी बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा से समान रूप से लाभान्वित करने के लिए एक और बाधा उत्पन्न करती है।

दिल्ली के उत्तम नगर की एक किशोरी ज्योति के परिवार में चार भाई-बहन और केवल एक स्मार्टफोन है। कोविड-19 के दौरान हुए संघर्ष को याद करते हुए उन्होंने बताया, हम सभी के लिए एक ही समय में ऑनलाइन कक्षाएं लेना बहुत मुश्किल था।

सेव द चिल्ड्रन फंड की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में इंटरनेट केवल आधी आबादी तक ही उपलब्ध है और स्कूलों के डिजिटल होने से 320 मिलियन छात्र प्रभावित हुए हैं। उत्तम नगर का एक 18 वर्षीय लड़का मोहन उनमें से एक था, जो डिजिटल डिवाइस और इंटरनेट कनेक्शन की कमी के कारण 12वीं कक्षा की परीक्षा के लिए पर्याप्त रूप से तैयारी नहीं कर सका। मैं एक आर्थिक रूप से स्थिर पृष्ठभूमि से नहीं आता हूं; मेरे परिवार और मैंने लॉकडाउन के दौरान बड़ी कठिनाइयों का सामना किया। हमारे लिए कोई भोजन नहीं था; इंटरनेट और एक




डिजिटल डिवाइस के बारे में सोचना हमारी प्राथमिकता नहीं थी। हालांकि, इसने मेरी शिक्षा और शिक्षा को प्रभावित किया। मैं अपने जीवन की इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए ठीक से तैयारी नहीं कर सका, मोहन ने कहा।

जैसे ही स्कूलों और कॉलेजों ने ऑनलाइन मोड में कक्षाएं संचालित करना शुरू किया, कुछ वंचित माता-पिता ने अपने बच्चों के लिए स्मार्टफोन खरीदने के लिए ऋण लेने का विकल्प चुना। फैक्ट्री में काम करने वाली और स्कूल जाने वाले बच्चे की मां उमा ने कहा, मैं चाहती थी कि मेरा बच्चा मेरी तरह अनपढ़ न रहे। मैंने उसे एक मोबाइल फोन खरीदने और यह सुनिश्चित करने के लिए पैसे उधार लिए कि वह अपनी शिक्षा पूरी कर सके। मैं चाहता हूं कि उसे एक अच्छी नौकरी मिले।

शिक्षकों का मानना है कि ऑनलाइन शिक्षा बच्चों के सामाजिक और व्यावहारिक विकास में बाधक है। हाल के एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि लगभग 43 प्रतिशत शिक्षक महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षण से संतुष्ट नहीं थे। जबकि छात्रों की कम ध्यान अवधि को ऑनलाइन शिक्षा की प्रमुख कमियों में से एक माना जाता है, उत्तम नगर की एक शिक्षिका आकांक्षा जैन ने अनुपस्थिति को एक अन्य चुनौती के रूप में पहचाना। आकांक्षा ने कहा, डिजिटल उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण अनुपस्थिति भी काफी आम थी।

जहां देश की राजधानी में रहने वाले छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं का सामना करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, वहीं कोई केवल कल्पना कर सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों ने किस स्तर की चुनौतियों का सामना किया होगा। वर्चुअल क्लासेस को इस धारणा के साथ फायदेमंद और सुविधाजनक माना जाता है कि हर छात्र की इंटरनेट तक पहुंच है। हकीकत में, हालांकि, भारत की 1.3 अरब आबादी में से केवल 600 मिलियन इंटरनेट से जुड़े हैं। इसके अलावा, घर में हर बच्चे को इंटरनेट और फोन तक समान पहुंच नहीं दी जाती है, खासकर लड़कियों को। इस प्रकार, यह उन भेदभावों के स्तर को इंगित करता है जिनका सामना बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए करना पड़ता है, जिससे डिजिटल विभाजन होता है।

हालांकि एडटेक तकनीक ने एक आवश्यक शिक्षण सहायता के रूप में काफी हद तक सहयोगात्मक कार्य किया है और छात्रों के लिए संसाधनों की उपलब्धता में वृद्धि की है, लेकिन यह समावेशी बनने में विफल रहा है। इसे इस तरह से विकसित किया जाना चाहिए कि वंचित समूहों के छात्र बिना किसी परेशानी के इसे प्राप्त कर सकें। इसके अलावा, शिक्षा प्राप्त करने के लिए उपयोग किए जाने वाले एप्लिकेशन विभिन्न सामाजिक समूहों में हर भाषा में उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

## आप की बात

### स्वास्थ्य का अधिकार

**आयुष्मान** हेल्थ योजना के बावजूद आज भी देश मैं नागरिकों की एक बड़ी संख्या स्वास्थ्य सेवाओं से बहुत दूर है। हाल ही में राजस्थान सरकार ने स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार बनाया है। भारत स्वास्थ्य सेवाओं पर विश्व की 165 राष्ट्रों की सूची में 156 नंबर पर है इसी से अंदाज लगा सकते हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति ज्यादा गंभीरता जरूरी है। हालांकि, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से अब दूर गांव तक सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवानी शुरू की हैं। विडंबना है कि डॉक्टर गांव में प्रैक्टिस करना पसंद नहीं करते! मजबूरन ग्रामीण जनों को झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाना पड़ता है। सरकार को शासकीय हॉस्पिटलों की स्थिति सुधारनी चाहिए। अस्पताल में डॉक्टरों व पूरा स्टाफ हर समय मौजूद रहे, मरीज को उसकी जरूरत की सभी दवाइयां तत्काल उपलब्ध करवाई जाएं। विडंबना है कि राजस्थान सरकार की योजना का निजी अस्पतालों के डाक्टर विरोध कर रहे हैं, पर स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार बनाने की अवधारणा पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की जरूरत है। केन्द्र सरकार तथा सभी राज्य सरकारों को राजस्थान की योजना बेहतर बना कर लागू करने के प्रयास करने चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### भाजपा की प्रगति

**भाजपा** ने 6 अप्रैल को अपना 43वां स्थापना दिवस मनाया। इतने वर्षों में जनसंघ से लेकर बीजेपी तक के सफर में पार्टी ने कई उतार-चढ़ाव देखे और कभी मात्र 2 सीटों पर रहने वाली पार्टी आज सदन में सबसे बड़ी पार्टी है। 43 वर्षों के दौरान कई भले बुरे और खट्टे मीठे दौर से पार्टी गुजरी है और हर आग में निखर कर निकली है। पहले अटल बिहारी वाजपेई और उसके बाद मोदी जी ने देश की जनता को दिखाया है कि सत्ता सिर्फ सुख पाने का जरिया नहीं है। यदि देश का सत्ता प्रमुख चाहे तो विश्व पटल पर देश का नाम चमका सकता है। हर सफलता के पीछे जमीनी कार्यकर्ताओं का सबसे बड़ा हाथ होता है। बीजेपी को आर एस एस के कार्यकर्ताओं का भी भरपूर सहयोग मिलता है। मगर यह बात जरूर दुखद है कि पद और सत्ता पाने वाले अनेक नेता जमीनी कार्यकर्ताओं को भूल जाते हैं और उनसे मिलना तक आम कार्यकर्ता के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। अत: सांसद, विधायक, मंत्रियों, आदि को अपने कार्यकर्ताओं से नियमित संवाद स्थापित रखना चाहिए और उनके द्वारा उठाई गई जन समस्याओं को गंभीरता से हल करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बिखरते परिवार

**आजकल** माता-पिता, बेटा-बेटी सब अलग-अलग रहते हैं। सामाजिक संबंधों का यह कैसा गिरता स्तर? देश की राजधानी दिल्ली के नजदीक स्थित नोएडा में बेटे, बहू व पति से दूर रह रही एक महिला घर में मृत पाई गई। 4 माह से बेटे ने मां की सुध तक नहीं ली तथा पति ने भी अपनी पत्नी के प्रति अपनी हर तरह की जिम्मेदारी को भुला दिया। आज के समय में पारिवारिक संबंधों में क्यों दरार आ रही है इस विषय में हमें सोचना चाहिए। एक जमाना था जब हम संयुक्त परिवार में रहते थे तब हर तरह के संबंध सुरक्षित रहते थे परंतु आज एकल परिवार की परंपरा से इस तरह की घटनायें अधिक होने लगी हैं। हमें हमारे देश की पुरातन परंपराओं की तरफ लौटना ही होगा एवं जहां हम संयुक्त परिवार की तरफ लौटें एवं माता पिता के प्रति व अपने परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें। साथ ही उन्हें अपने साथ रखने की बात पर लौटे। बिखरते परिवारों की सहायता के लिए सामाजिक सेवाओं के विस्तार तथा स्वयंसेवी भाव से काम करने वाले युवाओं-युवतियों की आवश्यकता भी है जो गरीब परिवारों की निस्वार्थ सहायता कर सकें।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### सड़क हादसे

**विश्व स्वास्थ्य संगठन** के मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मारे गए 10 लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। देश में वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश भर में 4.03 लाख सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के अलावा 3.71 लाख लोग घायल भी हुए थे। मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का राजमार्ग ढांचा 2024 तक अमेरिका के बराबर हो जाएगा। गडकरी ने उम्मीद जतायी कि 2025 तक सड़क दुर्घटनाएं और इसके कारण होने वाली मौतें 50 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी। उनके अनुसार, जानलेवा सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिये राज्यों को केन्द्रीय सड़क कोष के एक हिस्से का इस्तेमाल करना चाहिये।

– **रमेश सर्राफ,** झुंझुनू

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# सफाई मित्रों को सम्मानजनक मानदेय के लिए गठित होगा बोर्ड

## मुख्यमंत्री ने 8731 करोड़ की 2029 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

● सीएम बोले, 100 नगर पंचायतों को आकांक्षात्मक सिटी के रूप में किया जाएगा विकसित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा नगर निकाय वाला राज्य है। प्रदेश में 762 नगर निकाय हैं, जहां करीब 7 करोड़ की आबादी निवास करती है। आने वाले समय में यहां इलेक्शन होने वाले हैं, जहां चार करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता हैं। ऐसे में इन सभी के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए इज ऑफ लिविंग के तहत पिछले 6 वर्षों में ऐतिहासिक काम किया गया है और आगे भी यह युद्धस्तर पर जारी रहेगा। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को गोमती नगर विस्तार स्थित विशाखा सभागार में आयोजित 8731 करोड़ की लागत की 2029 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा रही है। पंस दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय के सिद्धान्त का अनुसरण करते हुए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में सामान्य नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 9 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सभी लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और खुशहाली लाने, ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा विकास के नये मार्ग पर अग्रसर करने के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार विकास पर धन को खर्च कर रही है। गरीबों को निशुल्क शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन, पेयजल की सुविधा तथा 15 करोड़ लोगों को मार्च 2020 से निशुल्क राशन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। अब तक शहरी क्षेत्र के गरीब लोगों को 17 लाख से अधिक आवास प्रदान किए जा चुके हैं, जिसमें ढाई लाख रुपए प्रति आवास उपलब्ध कराए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकाय प्रदेश में विकास के इस बदलाव की धुरी बने हैं। नगर विकास मंत्री, उनकी टीम और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नगर निकाय एक नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सर्विस प्रोवाइडर को हम अलग से पैसा दे रहे हैं लेकिन वह सफाई मित्रों को पैसा काट कर मानदेय देते हैं। ऐसे में उनको सम्मानजनक मानदेय देने और उन्हे मान सम्मान मिले इसके लिए राज्य स्तर पर एक बोर्ड गठित कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। खासकर सीवर आदि की सफाई करने वालों को अतिरिक्त मानदेय की व्यवस्था के साथ उनकी सुरक्षा की व्यवस्था सरकार सुनिश्चित करेगी।

### अपना और परिवार का उल्लू सीधा करने वाले किसी के हितैषी नहीं

**सीएम** योगी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना काल खंड में पूरे देश में जिस तरह जनमानस फ्री में टेस्ट, वैक्सीन, उपचार और राशन की सुविधा दी गई, उस सफल मॉडल की पूरी दुनिया सराहना कर रही है। ये उन सबकी आंखें खोलने वाला है जिन्होंने आजाद भारत को जाति, क्षेत्र, भाषा समेत तमाम वादों के आधार पर बांटा था। यह उन सभी की आंखों को खोलने वाला है कि जाति, मत और मजहब के नाम पर बांटने वाले लोग वास्तव में किसी के हितैषी नहीं होते हैं। इनका विकास से कोई लेना-देना नहीं होता। इनको गरीबों से कोई लेना-देना नहीं होता। ये केवल अपना और परिवार का उल्लू सीधा करना चाहते हैं और इसके लिए यह लोग हमेशा किसी ना किसी प्रकार का कोई ना कोई स्वांग रचते हैं।

# आज आजमगढ़ को 116 परियोजनाओं की सौगात देंगे अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी

● पूर्वांचल के पहले संगीत महाविद्यालय की रखेंगे नींव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पद्म** विभूषण और प्रसिद्ध ठुमरी गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र के आजमगढ़ जनपद स्थित पैतृक गांव हरिहरपुर में सात अप्रैल को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्वांचल के पहले संगीत महाविद्यालय की नींव रखेगें। इस दौरान करीब 218 करोड़ की 62 परियोजनाओं का लोकार्पण और 4349 करोड़ की 54 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

लंबे समय से समाजवादी पार्टी का गढ़ माने जाने वाले आजमगढ़ में वर्ष 2022 में हुए लोकसभा के उपचुनाव में भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव की जीत के बाद पार्टी काफी उत्साहित है। इस सीट को बरकरार रखने के लिए पार्टी जी जान से जुटी है। यही कारण है कि सरकार लगातार आजमगढ़ में विकास कार्यों को करा रही है। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के बाद अब विश्व विख्यात हरिहरपुर संगीत घराने की ऐतिहासिक विरासत को संजोने के लिए संगीत महाविद्यालय के रूप में जनपदवासियों को उपहार मिलने जा रहा है। हरिहरपुर के ही बगल में जनसभा स्थल से केन्द्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री करीब 218 करोड़ की 62 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इसमें प्रमुख रूप से विकास भवन के पास करीब साढ़े 22 करोड़ की लागत से तैयार हो चुके हरिऔध कला केन्द्र को भी जनता को समर्पित करेंगे। गृहमंत्री और मुख्यमंत्री हाल ही में 7.87 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुए मार्टीनगंज तहसील का नवीन भवन, पुलिस लाइन में 200 व्यक्तियों की क्षमता की बैरक, सरायमीर, मेहनाजपुर और निजामाबाद थाना में 40 क्षमता के हास्टल, बैरक और एक विवेचना कक्ष, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, थाना दीदारगंज, महराजगंज व पवई में 32 की क्षमता का हास्टल व बैरक के साथ एक विवेचना कक्ष, बृहद गौ संरक्षण केंद्र गदनपुर हिच्छनपट्टी, रासेपुर स्थित शिव स्थल का पर्यटन विकास आदि शामिल है। इसके साथ ही 4349 करोड़ की 54 परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। इसमें जल जीवन मिशन की 1358 पेयजल जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

# अडानी के मुद्दे पर अपना मुंह छिपाए घूम रही है भाजपा: बृजलाल खाबरी



**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि राहुल गांधी के सवालों से भाजपा भयभीत हो गई है और अडानी के मुद्दे पर अपना मुंह छिपाए घूम रही है। खाबरी बृहस्पतिवार को लखनऊ के शहीद स्मारक पर आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा राजधानी लखनऊ के शहीद स्मारक स्थल पर सत्याग्रह किया गया। सत्याग्रह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व व सेवादल प्रदेश संगठक डॉ. प्रमोद पांडेय की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान खाबरी ने कहा कि आज केन्द्र सरकार अनिर्णय की स्थिति में आ गयी है। भाजपा आज अपने स्थापना दिवस के दिन तमाम जुमले परोसती रही जबकि देश में भयंकर बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई, भुखमरी, सीमा की असुरक्षा, समाज में बढ़ती वैमनस्यता पर कुछ भी नहीं बोला यह उसकी जनविरोधी नीति और बेईमान नियत को परिलक्षित करता है। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल द्वारा पोस्ट कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी और अडानी के रिश्तों पर सवाल पूछा गया।

सवाल में अडानी की शेल कम्पनियों में लगे 20000 करोड़ रुपए किसके हैं और कहां से आए और विपक्ष द्वारा जेपीसी मांग पर मोदी भाजपा सरकार द्वारा अडानी का बचाव क्यों किया जा रहा है आदि प्रश्न शामिल हैं। उप्र कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है सड़क पर आवाज उठाने से रोका जा रहा है। घर में रहने नहीं दिया जा रहा है। सीबीआई द्वारा विपक्ष के नेताओं को डराया जा रहा है। कांग्रेस सेवादल लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए, अपने नेता राहुल गांधी के साथ खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा और सवाल पूछता रहेगा।

# ग्राम चौपालों के प्रति आ रहे हैं उत्साहजनक परिणाम: केशव

● प्रदेश में 17 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम चौपालों में एक लाख से अधिक मामलों का किया गया निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन तथा उनकी पहल पर प्रदेश में प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखण्ड की दो ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही ग्राम चौपालों के सुखद व सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं। अभी तक ग्राम चौपालों में 14 लाख से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की एजिसमें से एक लाख से ऊपर संदर्भों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

ग्राम चौपालों का आयोजन कर जहां लोगों की समस्याओं को सुना व सुलझाया जा रहा है, वहीं लाभार्थीपरक व सोशल सेक्टर की योजनाओं सहित अन्य विकास व निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत को समझा जा रहा है। यही नहीं चौपाल से पूर्व वहां संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों तथा ग्राम स्तरीय कर्मचारियों की उपस्थिति में ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्राम चौपालों के प्रति गांवों में बहुत ही उत्साह है और उनके उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा इसी तरह से प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपालों का आयोजन किया जाता रहेगा और ग्राम चौपालों में उच्च स्तर पर भी विभागीय अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं तथा जनप्रतिनिधियों को भी चौपालों में आमंत्रित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। मौर्य ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्रदेश सरकार उनकी चौखट पर ही सुलझा रही है। पंचायती राज व्यवस्था की मूल भावना को प्रतिबिंबित करती इस व्यवस्था के पीछे मंशा यह है कि विकास योजनाओं को सुदूर गांवों तक पहुंचाया जा सके और क्रियान्वयन से लेकर निगरानी तक की व्यवस्था गांव के स्तर पर हो सके। उप मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम चौपालों से वापस आने के बाद फीड बैक भी लिया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम चौपालों से पूर्व सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा ग्राम में चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण भी किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन चौपालों से विवादों के निस्तारण तो ही रहा है और कृषि, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने में मदद मिल रही है। चौपालों में उत्साह से गांव में ऐसा माहौल बन रहा है कि सरकार यकीनन गांव व गरीबों के द्वार पहुंच रही है। चौपाल से पूर्व गांव का निरीक्षण कर विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखना भी चौपालों के एजेंडे में रखा गया है, यही नहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं व लाभार्थीपरक योजनाओं का क्रियान्वयन भी धरातल पर देखना और क्रियान्वयन कराना भी चौपालों का मूल मकसद है। महिला सशक्तीकरण व ग्रामीण जनों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार सृजन के संबंध में भी मंथन इन ग्राम चौपालों मे किया जा रहा है ताकि सामुदायिक विकास संभव हो और गांव सुशासन व स्वशासन की ओर अग्रसर हो सकें। गांवों से युवा शक्ति के पलायन को रोककर उन्हें उनके कौशल और हुनर के अनुरूप रोजगार व काम दिलाना भी ग्राम चौपालों के मूल में है। मौर्य ने बताया कि पंचायत स्तर पर अच्छा कार्य करने जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों का ग्राम्य विकास विभाग जहां कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ा रहा हैं, वहीं ग्रामीणों, खासतौर से युवाओं में जनसेवा की भावना भी बलवती हो रही है।

# एडीशनल एसपी अनिरुद्ध सिंह हटाए गए, तीन आईपीएस व 16 पीपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने मेरठ के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (एडीशन एसपी)अनिरुद्ध कुमार को हटा दिया है। उनके सहित तीन आईपीएस अधिकारियों का बृहस्पतिवार को तबादला कर दिया गया। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के आठ और पुलिस उपाधीक्षक स्तर के आठ पीपीएस अधिकारियों का भी स्थानांतरण किया गया है।

गौरतलब है कि आईपीएस अधिकारी अनिरुद्ध सिंह का एक वीडियो 13 मार्च को वायरल हुआ था, जिसमें वह वीडियो कॉल पर किसी से 20 लाख रुपए की व्यवस्था करने के लिए कहते नजर आ रहे हैं। कथित वीडियो उस समय का बताया जा रहा है जब सिंह वाराणसी जिले में तैनात थे। राज्य सरकार के आदेश के अनुसार, 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी अनिरुद्ध कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ के पद पर स्थानांतरित किया गया है। सिंह का यह कथित वीडियो सामने आने के बाद जांच के आदेश दिए गए थे। गौरतलब है कि 36 सेकंड लंबे इस वीडियो में वाराणसी में तैनात अधिकारी को कथित तौर पर एक व्यवसाई से पैसे मांगते देखा जा सकता है। डीजीपी के आदेश पर वाराणसी के पुलिस आयुक्त द्वारा वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही थी। इस मामले को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एक ट्वीट कर उठाया था। स्थानांतरित किए गए अन्य दो आईपीएस अधिकारियों में वाराणसी कमिश्नरेट की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आरती सिंह, को अंकिता शर्मा की जगह कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में स्थानांतरित किया गया है जबकि शर्मा को आरती सिंह के पद पर वाराणसी कमिश्नरेट भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के जिन पीपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं उनमें अनिरुद्ध सिंह के स्थान पर बुलंदशहर के एएसपी क्राइम कमलेश बहादुर को मेरठ भेजा गया है। कमलेश बहादुर का पूर्व में 45वीं वाहिनी पीएसीए अलीगढ़ के लिए हुआ तबादला आदेश संशोधित किया गया है। एडीजी मेरठ जोन की स्टाफ अफसर एएसपी आलोक दुबे को मेरठ में छठवीं वाहिनी पीएसी का उप सेनानायक बनाया गया है। वहीं पीएसी मेरठ में तैनात अनिल कुमार-प्रथम को एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है। विशेष डीजी कानून-व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार के स्टाफ अफसर कृपाशंकर को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। उनके स्थान पर पावर कारपोरेशन में तैनात एएसपी पूर्णेंदु सिंह को विशेष डीजी का स्टाफ अफसर बनाया गया है। बिजनौर में तैनात एएसपी इंदु सिद्धार्थ को सतर्कता अधिष्ठान के मेरठ सेक्टर में तैनाती दी गयी है। महोबा में तैनात एएसपी राजेंद्र कुमार गौतम का एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा के स्टाफअफसर के पद पर पूर्व में हुआ तबादला आदेश संशोधित कर अब उन्हें अयोध्या में एएसपी यातायात एवं प्रोटोकॉल बनाया गया है।

# सत्ता में आने के बाद भाजपा ने बदला अपना चाल-चरित्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सत्ता में आई तो उसने अपना पुराना चाल चरित्र ही बदल दिया है। हत्या, लूट, बलात्कार और रंगदारी मांगने में ही भाजपाई नेताओं, मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर कार्यकर्ता तक इसमें जुटे हैं। मुख्यमंत्री अपराधियों को मिट्टी में मिलाने के हवाई दावे करते नहीं अघाते लेकिन अपने अपराधी मित्रों-साथियों की तरफ बुलडोजर भेजने की हिम्मत वे भी नहीं जुटा पा रहे हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं। प्रदेश अराजकता की दिशा में बढ़ रहा है।

अखिलेश ने कहा कि कौशाम्बी में भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री ने साथियों के साथ मिलकर मंझनपुर में एक रेस्त्रां संचालक को पीटने के साथ लूटपाट भी की। सोने की चेन और एक लाख नकद भाजपाई लूट ले गए। आगरा में भाजपा युवा मोर्चे के महानगर अध्यक्ष पर डकैती और एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ है। एक नायक सूबेदार पर हमले का भी आरोप है। सीतापुर में भाजपाई ब्लाक प्रमुख के भाई की गुंडागर्दी तो खुलेआम देखी गई। एम्बूलेंस के सामने अपनी गाड़ी न हटाने से मरीज की मौत हो गई। इस पर शर्म करने के बजाय वह सरेराह गालियां बकते रहे। मृतक के साथ आए तीमारदार को मिट्टी में मिला देने की धमकी देते रहे। बांदा में भाजपा युवा मोर्चा के नेता पर रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ है।

# 97 लाख से अधिक परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाने वाला राज्य बना यूपी

● नल कनेक्शन देने में राजस्थान को भी पछाड़ा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार ने हर घर नल योजना में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नल कनेक्शन देने के मामले में यूपी ने जहां राजस्थान को पछाड़ा है वहीं सबसे अधिक नल कनेक्शन देने में देशभर में वो तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। यूपी ने बृहस्पतिवार तक 97 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचा दिए हैं। इसके साथ ही जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से पांच करोड़ से अधिक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का लाभ मिलने लगा है। आंकड़ों के मुताबिक यूपी ने बृहस्पतिवार तक 9711717 से अधिक परिवारों तक टैप कनेक्शन पहुंचा दिए हैं। योजना से 58270302 से अधिक ग्रामीण लभान्वित हो रहे हैं जबकि राजस्थान में 3933140 टेप कनेक्शन दिए गए हैं। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के अनुसार यूपी के 36.59 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचाने का सरकार का संकल्प पूरा हो चुका है जबकि राजस्थान में 36.47 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचा है। यूपी में जहां प्रत्येक दिन लगभग 40 हजार से अधिक परिवारों को नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। वहीं राजस्थान में यह आंकड़ा 5 हजार से अधिक है। मुख्यमंत्री की ओर से हर घर जल योजना की निरंतर समीक्षा के फलस्वरूप बीते फरवरी माह में ही यूपी ने झारखंड और पश्चिम बंगाल को पछाड़ कर 81 लाख से अधिक परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाने की उपलब्धि हासिल की थी। अधिकारी के अनुसार भारत सरकार की जल जीवन मिशन योजना को योगी सरकार सबसे तीव्र गति से लक्ष्य की ओर पहुंचा रही है।

# अब उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2023 का आयोजन 15 जून को

**लखनऊ।** शासन स्तर पर गुरुवार को उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2023 की तिथियों बदलाव करते हुए प्रवेश परीक्षा की तिथि 15 जून निर्धारित की गयी है। परीक्षा तिथि के बढ़ने से अब 15 मई तक आवेदन होंगे और 30 जून को प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा से लेकर उसके परिणाम घोषित किए जाने आदि की जिम्मेदारी इस बार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को दी गई है। बता दें कि बीते पांच अप्रैल को आवेदन की अंतिम तारीख थी लेकिन अब अभ्यर्थी बिना विलंब शुल्क के आवेदन फार्म 15 मई तक भर सकेंगे। वहीं विलंब शुल्क के साथ आवेदन फार्म भरने की अंतिम तारीख 20 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि आवेदकों की आपत्तियों के निस्तारण की तिथि 24 मई तय की गई है जबकि 15 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। 30 जून को परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे और 10 जुलाई से काउंसलिंग प्रारंभ करने की तिथि घोषित की गई है।

# राज्यपाल ने दी गुड फ्राइडे पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रभु यीशु के बलिदान का पर्व गुड फ्राइडे पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि ईसाई धर्म में गुड फ्राइडे का विशेष महत्व है। इसी दिन ईसाइयों के आराध्य प्रभु यीशु ने मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। राज्यपाल ने कहा कि गुड फ्राइडे को हम भगवान मसीह की साहस और करुणा याद करते हैं। उन्होंने अपने जीवन को दूसरों की सेवा करने और समाज से अन्याय, दर्द और दु:ख को दूर करने के लिए समर्पित किया।

# चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने वाले संदिग्धों पर रखी जाए पैनी नजर

● राज्य निर्वाचन आयुक्त ने नगर निकाय चुनाव को लेकर 37 जिलों डीएम-एसपी के साथ की वीडियो कान्फ्रेंसिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारियों एवं पुलिस कप्तानों को निर्देश दिए कि अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की आवश्यकतानुसार वेबकास्टिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि निष्पक्ष चुनाव सम्पादित कराने में बाधा डालने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार कर उन पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करने वाले जमानत पर चल रहे अपराधियों की संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए आवश्यकतानुसार उनकी जमानत निरस्त कराने का न्यायालय से अनुरोध किए जाने पर गम्भीरता से विचार करें।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कार्यालय के सभागार में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 37 जनपदों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस कप्तानों (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों-पुलिस अधीक्षकों) से सम्बन्धित जनपदों के निर्वाचन कार्यों की प्रगति की जानकारी हासिल करने के दिए बैठक कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि शस्त्रों को जमा कराना एवं सत्यापन कराने की कार्यवाही प्राथमिकता से कराकर पूर्ण करा लें। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के दृष्टिकोण से कहा कि थानावार भी संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनकी कार्यशैली पर कड़ी नजर रखी जाए। मनोज कुमार ने यह भी निर्देश दिये कि सम्बन्धित जिलाधिकारी मतदान केन्द्रों एवं मतगणना स्थलों तथा बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम का निरीक्षण अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विकलांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैप एवं व्हील चेयर के साथ साथ आवश्यक सुविधाएं अवश्य उपलब्ध हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोविड संक्रमण के प्रभाव के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार मास्क साफ-सफाई एवं पर्याप्त अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करा ली जाए।

वीडियो कांफ्रेंसिंग में आज 37 जनपदों के जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों ने अपने जनपदों में नगर निकाय चुनाव की समस्त तैयारियों की जानकारी आयुक्त को उपलब्ध करायी। इसके अतिरिक्त बीते बुधवार को शेष जनपदों के जिलाधिकारियों व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों ने अपने जनपदों की प्रगति से अवगत कराया था।

# थानों व कार्यालयों को पेपरलेस किया जाय: डीजीपी

● डीजीपी ने कहा, सिस्टम ऐसा हो कि एफआईआर लिखाने वाले को घर बैठे ही ऑनलाइन मिलती रहे विवेचना की अपडेट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** डॉ. आरके विश्वकर्मा ने कहा है कि पुलिस के थानों व कार्यालयों को पेपरलेस कराया जाए व सभी कार्य कम्प्यूटर पर किए जाएं। थाने के सभी रजिस्टर कम्प्यूटर में स्वत: जनरेट हो जाएं। ऐसा सिस्टम विकसित किया जाए कि एफआईआर लिखाने वाले व्यक्ति/ पीड़ित को विवेचना की प्रगति जानने के लिये थाने व वरिष्ठ अधिकारियों से बार-बार न मिलना पड़े। उनको कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे विवेचना की अपडेट मिलती रहे और यदि वह विवेचना के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य या तथ्य विवेचक या वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाना चाहता हो, तो अपने मोबाइल से ही सीधे ऑनलाइन दर्ज करा सके। सिस्टम इस प्रकार का हो कि बिना उसके प्रार्थना पत्र के निस्तारण के न्यायालय में आरोप पत्र या अंतिम रिपोर्ट प्रेषित न हो पाए।

डीजीपी बृहस्पतिवार को स्टेट इम्पावर्ड कमेटी की पुलिस मुख्यालय में आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। गोष्ठी में विशेष पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार सहित मुख्यालय में नियुक्त पुलिस अफसर, एनआईसी लखनऊ की निदेशक एवं एनसीआरबी के सहायक निदेशक द्वारा हिस्सा लिया गया। डीजीपी ने कहा कि थानों के कार्यों की समीक्षा करने के लिए जनपदीय पुलिस अधीक्षको को थानों से आकड़े मांगने की आवश्यकता न हो बल्कि कम्प्यूटर में बटन दबाते ही सभी थानों की परफारमेंस रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक के कम्प्यूटर पर आ जाए, जिससे जिले में थानों की रैंकिंग देने का भी प्रविधान हो। गिरफ्तार होने वाले सभी अपराधियों के फिंगर प्रिंट्स लिए जाएं ताकि भविष्य में क्राइम सीन से फिंगर प्रिंट्स मिलने पर अपराधी की असानी से पहचान हो सके। फारेंसिंक लैब को अत्याधुनिक बनाया जाए व महिला अपराधों से सम्बन्धित साक्ष्य का प्राथमिकता पर परीक्षण किया जाए। गोष्ठी में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा हुई। उक्त गोष्ठी में मोहित अग्रवाल, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश द्वारा सीसीटीएनएस के अन्तर्गत किए गए विशेष कार्यों पर प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया गया कि गत तीन माह में सीसीटीएनएस में उत्तर प्रदेश को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हो रहा है जबकि पूर्व में उत्तर प्रदेश मासिक रैंकिंग में 10 या 11 वें स्थान पर रहता था। फिंगर प्रिंट फीडिंग में भी उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है। गत दिनों में पुलिस विभाग में कम्प्यूटरीकरण के लिए आरम्भ किए गए विभिन्न नए एप्लीकेशन/ साफ्टवेयर के बारे में अवगत कराया गया।

# गो-आश्रय स्थलों का हाल देखा

● नोडल अफसर को चाक-चौबंद और मुकम्मल मिलीं व्यवस्थाएं

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**गुरुवार** को जनपदीय नोडल अधिकारी अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उप्र (वरिष्ठ आईएएस) श्रीश चंद्र वर्मा ने अपने जनपद भ्रमण के दूसरे दिन अपर निदेशक (पशुपालन) डॉ पीएन सिंह के साथ ब्लॉक फूलबेहड, पलिया के विभिन्न गो आश्रय स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। नोडल अधिकारी ने स्थलीय भ्रमण करते हुए निराश्रित गोवंश संरक्षण, भरण.पोषण, भूसा संग्रहण, जनपद में किए कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण किया। नोडल ब्लॉक फूलबेहड़ की वृहद गो आश्रय स्थल बसेगापुर पहुंचे, जहां उन्होंने अभिनव प्रयोग के तहत विकसित नंदी शाला को देखा। प्रशासन के इस कांसेप्ट को सराहा। निरीक्षण में आश्रय स्थल में 491 नंदी को संरक्षित मिले। निर्देश दिए कि अन्य आश्रय स्थलों को भी इसी प्रकार विकसित करे, ताकि शेष मादा गोवंश का भी संरक्षण हो सके और शासन की मंशानुरूप आमजन को राहत मिल सके। नोडल अधिकारी ने तहसील व ब्लाक पलिया क्षेत्र अंतर्गत संचालित को नगरीय निकाय द्वारा संचालित गो आश्रय स्थल ढाका सहित गो आश्रय स्थल परसईया, बसंतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। निरीक्षण में गो आश्रय स्थलों में चाक-चौबंद एवं मुकम्मल पाई गई। निरीक्षण के दौरान अफसरों ने गोवंश की वास्तविक संख्या, सुपुर्दगी में दिये गये गोवंश की संख्या का अभिलेखों से मिलान करते हुए सत्यापन किया। प्रत्येक गौशाला में पानी, चारे एवं समुचित पशु चिकित्सीय सुविधाओं की स्थिति देखी, जो संतोषजनक मिली। नोडल अधिकारी ने गो आश्रय स्थल परसैया के निरीक्षण के दौरान पांच नवजात गोवंश देख न केवल प्रसन्नता जताई बल्कि उन्हें दुलारा। उन्होंने निर्देश दिए कि पशुपालन की टीम इनकी प्रॉपर मॉनिटरिंग करें। इस दौरान उन्होंने स्वयं गोवंश को चारा खिलाया। नोडल ने सरकार की प्राथमिकता में शामिल गोवंश के पालन पोषण पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सभी गोआश्रय स्थलों में पशुओं की अच्छी तरह से देखभाल की जाएं। साथ ही गोवंश के लिए हरा चारा, भूसा, पानी व चिकित्सा और अन्य प्रकार की सुविधाओं के और अधिक पुख्ता इंतजाम करें, जिससे गोवंश को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इस दौरान उन्होंने गोवंश की संख्या का रिकॉर्ड से सत्यापन भी किया। निरीक्षण के दौरान सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, बीडीओ अरुण सिंह, क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन

**शाहजहाँपुर।** अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 1 ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद शाहजहॉपुर के अजीजगंज चौहनापुर मदनापुर मार्गके चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन एवं विधानसभा ददरौल के सेतु/ मार्गों का शिलान्यास/लोकार्पण सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य की अध्यक्षता में जितिन प्रसाद, मंत्री, उप्र सरकार के कर कमलों द्वारा जेपीएस राठौर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता विभाग, उप्र सरकार एवं अन्य महानुभाव की गरिमामयी उपस्थिति में ग्राम सिमरिया सहसपुर एवं ववक्करपुर के बीच गरई नाला पर लघु सेतु निर्माण, ग्राम खमरिया पर्वतपुर के बीच गरई नाला पर लघु सेतु की लागत रू. 751.11 लाख, विशेष मरम्मत/नवीनीकरण के अंतर्गत 30 कार्य, पुर्ननिर्माण के 02 कार्य का शिलान्यास तथा वित्तीय वर्ष 2022-23में विशेष मरम्मत नवीनीकरण के अन्तर्गत 18 कार्य का लोकार्पण 8.4.2023 को किया जायेगा।

# 8754 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

● मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने वाले स्वच्छताकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है

**संवाददाता।** शाहजहांपुर।



**नगर** विकास विभाग, द्वारा प्रदेश स्तर पर आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नगर आयुक्त के निर्देशन में गॉधी भवन प्रेक्षागृह में किया गया। इसमें जन-सामान्य की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये नगर विकास विभाग द्वारा 8754 करोड़ रुपये की लागत से 2042 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में सर्वप्रथम समस्त लोगों को हनुमान जंयती की शुभकामनायें दीं एवं नगर निकायों में नागरिकों की सुविधाओं के स्तरोनयन, नगरों को साफ एवं सुसज्जित रखने तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु नगर विकास विभाग द्वारा अनेक महत्वपूर्ण चलाये जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने वाले स्वच्छताकर्मियों का महत्वपूर्ण सहयोग है, जिनके द्वारा नियमित प्रात: 5 बजे से सफाई का कार्य किया जाता है। इस कार्य के लिये सभी स्वच्छता कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी तथा स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत सुरक्षा सफाई किट प्रदान की गई।

# उत्साह के साथ निकाली गयी भव्य हनुमान शोभा यात्रा

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**नगर** में हनुमान जन्म उत्सव पर बड़े धूमधाम के साथ शोभायात्रा अस्तल मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण का भ्रमण किया, जिसमे बड़ी संख्या में पुरुष और महिला हनुमान भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए। नगर मे हनुमान जन्म उत्सव पर अस्थल मंदिर से शोभा यात्रा शुरू हुई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई बाजार गंज नत्थू चौराहा शुक्ला पुर भीतर मोहम्मदी होते हुए समाप्त हुई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष भक्तों ने शामिल होकर शोभा यात्रा की शोभा को बढ़ाया वही डीजे पर हनुमान और श्रीराम के भजन भी गाए जा रहे थे शोभायात्रा में खूबसूरत झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा व्यवस्थित रूप से नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई । शोभायात्रा में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा दुर्गा मेहरोत्रा रामजी रस्तोगी कार्तिक तिवारी रूपेश गुप्ता अतुल वाजपेयी, गोपाल मोहन रस्तोगी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी पुलिस बल के साथ प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर धीरज शुक्ला, कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर सहित महिला आरक्षी ने भी कमान संभाली।



## चार फरार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली।** अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद उसको अपनी बेटी बताकर शव का अंतिम संस्कार करने वाले ससुराल पक्ष के चार फरार अभियुक्तों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा। अलीगंज थाना क्षेत्र में गेनी तिराहा पर पुलिस ने आज बिशारतगंज थाने के नंदगांव निवासी रमेश पुत्र सुखलाल उसकी पत्नी आशा उर्फ खुशबू अलीगंज थाने के सुदनपुर निवासी भगवान दास पुत्र चेतराम और मीना पत्नी रामअवतार को गिरफ्तार कर लिया उनके विरुद्ध बिथरी चौनपुर थाने में विवाहिता की मौत के बाद फर्जी तरीके से ग्राम प्रधान के साथ लिखकर उसे अपनी बेटी बताने और अस्पताल से शव लेकर अंतिम संस्कार करने के आरोप में मृतका के मायके वालों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी तब पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार अलीगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले शिवा की पत्नी अलीना उर्फ अंशिका की इलाज के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई थी।

# यूपी बोर्ड ने साइबर ठगों को दी हिदायत

### पुलिस के सहयोग से शिकंजा कसने की तैयारी छात्रों को फोन करके नंबर बढ़ाने का दिया जा रहा प्रलोभन, शिकायत मिलने पर बोर्ड के सचिव ने पुलिस को दी जानकारी

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड ने विज्ञप्ति जारी कर छात्रों और अभिभावकों से सावधान रहने को कहा है। यूपी बोर्ड के सामने अब एक नई चुनौती आ गई है। यह चुनौती साइबर ठगों से निपटने की है। नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण मूल्यांकन कराने में सफल बोर्ड अब साइबर ठगों पर शिकंजा कसने जा रहा है। ऐसा पहली बार होगा जब बोर्ड ऐसे ठगों पर लगाम लगाएगा। परीक्षा और मूल्यांकन में दाल न गल पाने पर कथित माफिया अब फोन के माध्यम से छात्रों को नबंर बढ़ाने का प्रलोभन दे रहे हैं। यह साइबर ठग छात्रों का नंबर विभिन्न जरिए से लेकर फोन कर रहे हैं। छात्रों और अभिभावकों से धन की मांग करके नंबर बढ़ाने की बात की जा रही है। बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने इस बात की जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। गत वर्षों में भी बोर्ड को ऐसी शिकायत मिली थीं। तब इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराके कार्रवाई की गई थी। वैसे बोर्ड ने फौरी तौर पर इस संबंध में एक विज्ञप्ति छात्रों के हित में जारी कर के सभी को सावधान रहने को कहा है। साइबर ठगों के फोन की आने शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में दर्ज कराने की बात भी कही है। जालसाजों ने अब यूपी बोर्ड की छवि को खराब करने का एक नया रास्ता चुन लिया है। साइबर क्राइम के माध्यम से यह ठग यूपी बोर्ड के हाई स्कूल एवं इंटर के छात्रों को फोन करके नबंर बढ़ाने का लालच दे रहे हैं। अभिभावकों को फोन करके बताया जा रहा है कि इस बार सख्ती होने के वजह से आपके बेटे का नंबर कम है या वह फेल हो रहा है। पैसा मांगकर उसे पास कराने बात कही जा रही है। फोन के माध्यम से छात्रों और उनके अभिभावकों से खाता संख्या पूछा जा रहा है। ओटीपी मांगी जा रही है। एक खाता नंबर बता करके उसमें पैसे को ट्रांसफर करने की बात कही जा रही है। यूपी बोर्ड ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया है।

### प्रदेश के सभी डीआईओएस छात्रों को करेंगे जागरुक

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने गूगल मीट के माध्यम से प्रदेश के सभी डीआईओएस से कहा है कि साइबर ठगों के जाल में छात्र एवं अभिभावक ना फंसने पाए इसके लिए वह उन्हें जागरूक करें। इसके लिए वह तहसील एवं ग्राम स्तर पर प्रचार करें। उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों से कहा कि वह अपने कार्यालय में एक सेल बनाएं जहां छात्र इस बात की शिकायत दर्ज करा सकें।

# पुलिस ने पकड़ी 20 लीटर कच्ची शराब, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**संवाददाता।** निघासन-खीरी



**पुलिस** अधीक्षक गणेश साहा के निर्देशानुसार अवैध शराब के निष्कर्षण हुआ बिक्री के विरुद्ध संपूर्ण जनपद में जोरदार ढंग से चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत निघासन पुलिस बल द्वारा प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में कुशलगढ़ न्यूज़ बनाकर अभियुक्त पूरनलाल निवासी ग्राम चचरा पुरवा को निघासन पुलिस बल द्वारा परमोधापुर जाने वाली खड़ंजा मोड़ के पास से 8:00 बजे सुबह हिरासत में लिया गया। अभियुक्त की जामा तलाशी के दौरान एक प्लास्टिक की पिपिया में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए, साथ ही 150 लीटर लहान को मौके पर नष्ट किया गया। गौरतलब है कि पुलिस क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक के मार्गदर्शन में निघासन पुलिस अवैध शराब माफियाओं एवं विक्रेताओं के खिलाफ जबरदस्त गिरफ्तारी अभियान चला रही है। बीते 1 सप्ताह के दौरान निघासन पुलिस ने सैकड़ों लीटर शराब बरामद करते हुए आधा दर्जन से अधिक अभियुक्तों को जेल भिजवाने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई की वजह से अवैध शराब निर्माताओं एवं विक्रेताओं में दहशत व्याप्त है। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। उक्त गिरफ्तारी अभियान को सफल बनाने में चौकी प्रभारी ढखेरवा, सब इंस्पेक्टर बाबूराम, हेड कांस्टेबल जयचंद्र एराम बहादुर तथा कांस्टेबल नरेश गंगवार ने सराहनीय कार्य किया।

# अपर जिला जज ने शाहजहाँपुर कारागार का किया गहन निरीक्षण



**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**अपर** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पीयूष तिवारी द्वारा जिला कारागार शाहजहाँपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानत हो चुकी है परन्तु जमानतदार दाखिल न कर पाने के कारण कारागार में निरूद्ध हैं तथा जेल से रिहा नही हो सके हैं। उन बंदियों से उनकी जमानत के सम्बन्ध में सचिव द्वारा पूछा गया जिस पर अधिकांश बन्दियों द्वारा बताया गया कि उनके पास जमानतदार नही है। जिस पर सचिव महोदय ने कहा कि अगर आप कहीं से एक जमानतदार भी मुहैया करा देतें है तो एक जमानत की कार्यवाही के सम्बन्ध में पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाहजहाँपुर में प्रेषित कर सकते है। जिस पर सचिव महोदय द्वारा उस बन्दी की दूसरी जमानत को माफ कराने की लिये सम्बन्धित न्यायिक अधिकारी महोदय से अनुरोध पत्र प्रेषित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक मिजाजी लाल, डिप्टी जेलर डॉ राजेश कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहाँपुर के लिपिक मोहम्मद अफजल उपस्थित रहे।

# सिक्किम घूमने गए पिता पुत्री की बर्फ में दबकर मौत

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**बुधवार** को पूरा जिला उस समय शोक में डूब गया जब सिक्किम से एक मनहूस खबर आई एक हंसता खेलता परिवार पल भर में बिखर गया। सुकून के चंद पलों की तलाश में बड़े अरमान संजोकर सिक्किम घूमने गए। इस परिवार की अब वहां से दो लाशे वापस आ रही हैं। पूरा जिला इस घटना से शोकाकुल है। सीएमओ ऑफिस लखीमपुर खीरी में हेल्थ सुपरवाइजर के पद पर कार्य बाल सिंह जिनकी पहली पोस्टिंग रमिया बेहड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई थी। कुछ समय बाद मुख्यालय पर अटैच कर लिए गए थे। जो बेहद मिलनसार और जिंदादिल इंसान थे। अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकालकर वह अपनी पत्नी तथा मासूम बेटी के साथ फुर्सत के क्षणों में सिक्किम घूमने गए थे लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। एक ही पल में इस परिवार को ना जाने किसकी नजर लग गई। लैंडस्लाइड मे दबने से इस परिवार के मुखिया और उनकी मासूम बिटिया की दर्दनाक मौत हो गई। सारी खुशियां पलभर में ही बिखर गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम 5:30 पर लखनऊ एयरपोर्ट पर दोनों लाशें पहुंचेंगे। इस घटना से पूरे परिवार में तो मातम पसरा है। वहीं पूरे जिले का स्वास्थ्य विभाग बेहद गमजदा है।



# पत्रकारिता की समाज-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका: अनुराग अस्थाना

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



**प्रेस** फ्रीडम सेमीनार में वरिष्ठ पत्रकार अनुराग अस्थाना ने कहा कि एक आदर्श एवं लोकतांत्रिक समाज स्वतंत्र पत्रकारिता अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा छात्र छात्राओं में पत्रकारिता की भूमिका के प्रति जागरूकता अवश्य होनी चाहिए। स्थानीय सेंट थेरेसा कॉलेज में आयोजित प्रेस फ्रीडम सेमिनार का शुभारंभ फादर पॉल ड्सिूज़ा, मानवेन्द्र सिंह चौहान, हेड गर्ल अलफिया फरीद तथा उपस्थित पत्रकारों अमित मौर्या, वीपी सिंह तथा अनुराग अस्थाना द्वारा की गयी। इसके बाद विद्यार्थियों प्रेयर डांस प्रस्तुत किया। प्रेस फ्रीडम के अवसर पर बोलते हुए वररिष्ठ पत्रकार अनुराग अस्थाना ने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से हम सत्य और असत्य के मध्य भेद करना सीखने के साथ साथ समाज में व्यक्तियों की भूमिका, अधिकारों, कर्तव्यों के प्रति जागरूक होते हैं। एक स्वतंत्र समाज में स्वतंत्र प्रेस का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंनें कहा कि व्यक्ति में दो तरह की भावनाएं होतीं हैं, सहमति और असहमति। असहमति का व्यक्त होना अत्यंत आवश्यक है और इसे व्यक्त करने का माध्यम पत्रकारिता ही है। उन्होंनें कहा कि स्वतंत्र पत्रकारिता किसी लोकतंत्र का सेफ्टी वॉल्व है। यदि इस सेफ्टी वॉल्व को बंद कर दिया जाए तो लोकतंत्र पर तमाम तरह के संकट उत्पन्न हो जाएंगे। इसलिए छात्र छात्राओं ने स्वतंत्र सोच के विकास के लिए भी स्वतंत्र पत्रकारिता का होना आवश्यक है। छात्र छात्राओं ने इस अवसर पर पत्रकारों से कुछ प्रश्न भी किए जिनके उत्तर पत्रकारों ने दिए। इस अवसर पर फादर पॉल डिसूज़ा और स्कूल कोऑर्डिनेटर मानवेद्र सिंह चौहान ने भी अपन विचार व्यक्त किए।

# पुराने रोडवेज के सामने दुकानों पर चला बाबा का बुलडोजर

**संवाददाता।** बरेली



**पुराने** रोडवेज के सामने अजंता होटल के नीचे बनी दुकानों के आगे नगर निगम ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर बुलडोजर चलाया जिसमें अजंता होटल के नीचे मार्केट के आगे नाले पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया था । दर्जनों दुकानों के आगे बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया , कुछ व्यापारियों ने विरोध भी किया ।नावल्टी चौराहे से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया । इस दौरान नाले पर अबैध पक्के निर्माण को बुलडोजर चलाकर हटा दिया गया। अबैध निर्माण हटवाकर नाला के ऊपर का हिस्सा साफ कराया गया। इस दौरान व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई निष्पक्ष नहीं की जा रही है, बल्कि भेदभाव किया जा रहा है। नोकझोंक के बीच अतिक्रमण हटाने का काम चलता रहा । अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार व पुलिस के आला अधिकारियों से व्यापारियों की नोकझोंक भी हुई। अभियान चलाये जाने के दौरान निगम द्वारा दुकानदारों से अपील की है कि वे दोबारा अतिक्रमण न करे । अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार सिंह ने कहा कि पहले सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई थी कि वह अवैध अतिक्रमण ना करे, अपनी दुकानों की सीमा में ही रहे, इसके बाद ही अतिक्रमण को हटाया गया है। व्यापारियों का कहना है कि अतिक्रमण अभियान नावल्टी सिनेमा से शुरू न होकर अजंता होटल से चलाया गया, जबकि नावल्टी सिनेमा के नीचे दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है, उसे छोड़ दिया गया है। अतिक्रमण दुकानों के आगे का अतिक्रमण हटाकर नाला बनाया जाएगा।

## अवैध हथियार समेत दो युवक गिरफ्तार

**बरेली।** गश्त के दौरान पुलिस के मुखबिर की सूचना के बाद अवैध हथियारों के साथ सड़क पर जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया उसके पास से अवैध हथियार व कारतूस भी बरामद किए दोनों को पुलिस ने जेल भेजा ।बारादरी थाना क्षेत्र में संजय नगर में बीती रात गश्त के दौरान एसआई राम रतन सिंह अपनी टीम के साथ गस्त कर रहे थे इसी दौरान उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि दो युवक संजय नगर की तरफ आ रहे हैं और और उनके पास अवैध हथियार है तब राम रतन सिंह ने अपने एक टीम की मदद से सड़क पर आ रहे किला थाना क्षेत्र के कन्हैया टोला निवासी विशेष रस्तोगी पुत्र जगदीश रस्तोगी और उसके साथी बड़ा बाजार नींम की चढ़ाई निवासी सुमित कुमार पुत्र महेश कुमार को हिरासत में ले लिया तलाशी के दौरान उनके पास से पुलिस ने जापान में निर्मित एक पिस्टल कारतूस सहित एक मैगजीन और एक तमंचा व कारतूस बरामद किए पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया।

## क्विक न्यूज

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**संडीला(हरदोई)।** भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने और पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। नगर के बूथ सं0 152/153 पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेत्री संतोष अस्थाना ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा नीत सरकारों ने कल्याणकारी राजनीति अवधारणा को जमीन पर उतारा है तथा समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए योजनाएं शुरू की गई हैं। यही कारण है कि पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है और 2024 के आम चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सत्ता में आएगी। इसी अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लोकेश सैनी ने कहा कि भाजपा जन जन की पार्टी बन चुकी है और जन जन के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसी अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विशुनदयाल शुक्ला, अतुल तिवारी, रामरतन वर्मा, रिषभ खन्ना तथा आलोक अस्थाना आदि ने भी अपने विचार रखे।



### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**बरेली।** नौकरी दिलाने के नाम पर कई युवाओं से लाखों रुपए ठग लिए जिसकी शिकायत एसएसपी से की गई तब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। इज्जत नगर थाना क्षेत्र में बाईपास से भास्कर अस्पताल के पास स्थापित सत्यभान फाउंडेशन के कार्यालय में विभिन्न पदों पर तैनात कथित पदाधिकारियों द्वारा कुछ युवाओं को नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए ठग लिए गए अलीगढ़ के रविंद्र सिंह, मनोज चौधरी, बिजनौर निवासी टीकम सिंह, रामपुर निवासी भगवान दास, मुरादाबाद निवासी राजेश ने बताया कि ट्रस्ट के कथित पदाधिकारियों ने आवेदन लेते समय उनने वादा किया था कि उनको अलग-अलग पदों पर नौकरी दी जाएगी लेकिन इसके लिए उन्हें ट्रेनिंग लेनी होगी ट्रस्ट द्वारा सुरक्षा निधि के नाम पर प्रत्येक आवेदन करने वाले से 75-75 हजार रुपए लिए गए और रकम मिलने के बाद उनकी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी गई लेकिन 2 दिन की ट्रेनिंग के बाद भी ट्रस्ट के सदस्यों ने नौकरी दिलाने के नाम पर आनाकानी शुरू कर दी तब ट्रेनिंग ले रहे युवकों ने अपनी रकम वापस मांगी लेकिन ट्रस्ट कार्यालय में मौजूद कथित पदाधिकारियों ने उनको धक्के देकर बाहर निकाल दिया जिसकी शिकायत उन्होंने एसएसपीसी की और एसएसपी के निर्देश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई ।

### झूलते तारों की चिंगारी से लगी आग, 16 बीघे फसल जली

**संडीला(हरदोई)।** खेतों के बीच झूल रहे बिजली के तारों से उत्पन्न चिंगारियों से खेतों में पक कर तैयार हो रही 16 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोथावां प्रतापनगर मार्ग पर बेनीगंज पावर हाउस के पीछे स्थित नवनीत मिश्रा के खेतों से निकलने वाली हाई टेंशन लाइन तारों के टकराने से चिंगारियां निकलीं और आग लग गई। इस आग से लगभग 16 बीघे खेतों में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। अग्निकांड की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को काबू किया।

### तीन तलाक और हलाला जैसी कुरीतियों से बचना है तो हिन्दू लड़कों से शादी कर लो: साध्वी प्राची

**बरेली।** शहर में पहुंची साध्वी प्राची ने एक बार फिर मुस्लिम समुदाय की युवतियों को हिंदू युवकों से शादी करने की सलाह देकर विवाद खड़ा कर दिया है, यहि नही साध्वी ने मुस्लिम समुदाय में प्रचलित बुर्के से भी निजाद दिलाने की बात कह डाली, साध्वी प्राची यही नहीं रुकी उन्होंने राहुल गांधी को मंद बुद्धि बता डाला, साथ ही बागेश्वर बाबा का समर्थन करते हुए साई बाबा को भगवान न मानने का समर्थन किया है। बरेली पहुंची साध्वी प्राची ने मीडिया से बात करते हुए बड़ा बयान देते हुए मुस्लिम युवतियों से कहा हैं कि तीन तलाक और हलाला जैसी कुरुतियो से बचना चाहती है तो हिन्दू लडको से शादी कर लो। यही नहीं, साध्वी प्राची ने बुर्के पर विवाद खड़ा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में जहां तापमान 45 से 50 डिग्री गर्म हो जाता हैं हम लोग एसी में भी ठीक से नहीं बैठ पाते, ऐसे में मुस्लिम युवतियां कैसे काले बुर्के में रहती होंगी। उनकी पीड़ा हम समझ सकते है। हिंदू धर्म में ऐसी कोई पाबंदी नहीं है हिंदू लड़की से शादी करने पर उनको बुर्के से भी आजादी मिलेगी और उनको अधिक बच्चे भी पैदा नहीं करने होंगे। साध्वी प्राची ने राहुल गांधी को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि मै उस मंदबुद्धि बच्चे के लिए क्या कहूं , उसकी कांग्रेस ने ही ऐसे वकीलों को खड़ा कर दिया, जिसने राहुल गांधी को आज इस हाल में पहुंचा दिया। वही साध्वी प्राची ने बागेश्वर बाबा का समर्थन करते हुए कहा है कि साई बाबा एक फकीर हो सकता है संन्यासी हो सकता लेकिन भगवान नही।

### नि:शुल्क विद्युत चालित चाक बांटेगा उप्र माटी कला बोर्ड

**बरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अजय पाल ने बताया कि उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा पूरे प्रदेश में माटी कला टूल-किट्स वितरण योजना संचालित की जा रही है। कहा कि आधुनिक तकनीकी युक्त विद्युत चालित चाकों का नि:शुल्क वितरण माटीकला के कारीगरों /शिल्पियों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से किया जाएगा, चयनित लाभार्थियों को विभागीय मंडलीय प्रशिक्षण केन्द्र, शाहजहांपुर पर नवीन तकनीकी आधारित टूल-किट्स उपकरण संचालन का 03 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। लाभार्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जायेगा। कुम्हारी कला /शिल्पकारी का कार्य कर रहे ऐसे व्यक्ति जो माटी कला के परम्परागत कारीगर हों, परम्परागत कारीगर परिवार के शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थी हो, माटी कला के किसी विधा के प्रशिक्षित-प्रमाण-पत्र प्राप्त अभ्यर्थी हों, स्वत: रोजगार में रूचि रखने वाले अथवा परम्परागत कारीगर परिवार की महिला हों, लाभार्थी उ0प्र0 का मूल निवासी हो, आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष के मध्य हो, अभ्यर्थियों के उपलब्धता के आधार पर, शासकीय व्यवस्था के अनुरूप, आरक्षित वर्ग का आरक्षण सुनिश्चित किया जायेगा, लाभार्थियों का चयन, उनकी आर्थिक स्थिति, माटी कला का अनुभव, तकनीकी ज्ञान, विपणन योग्यता इत्यादि के आधार पर किया जायेगा। इच्छुक आवेदक टूल-किट्स (विद्युत चालित चाक) प्राप्त करने हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 35यू/4, रामपुर बाग, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

### ससुराल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**निघासन-खीरी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र झंडी चौकी अंतर्गत ग्राम भंगैय्या चाट निवासी ससुराल गए एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर आम के पेड़ से लटकता पाया गया ए परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है । जानकारी के अनुसार ग्राम भंगैय्या चाट मजरा पचपेड़ी निवासी युवक होली के अवसर पर आग तापने अपनी ससुराल सिंगाही धाना क्षेत्र के ग्राम सिंगहा खुर्द गया था ए तब से वह ससुराल में रह रहा था बीती 5 ध् 6 की रात वह अचानक गायब हो गया । खोजबीन के बाद युवक का शव ग्राम सिंगहा खुर्द के पूरब स्थित खेत में आम के पेड़ से लटकता मिला । परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर युवक की हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद युवक की मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा ।

# आस्था और उल्लास के साथ मनाई गई हनुमान जयंती

●मंदिरों में निर्बाध रूप से चला पूजा-पाठ, कीर्तन, दीप प्रज्वलन एवं प्रसाद वितरण



संवाददाता। चित्रकूट

**कामदगिरि** परिक्रमा मार्ग स्थित सुप्रसिद्ध बरहा के प्राचीन हनुमान मंदिर एवं बूढ़े हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सैकड़ों महिलाओं ने कीर्तन कर 11 सौ दीपों से मंदिर को जगमगाया। अखंड रामनाम संकीर्तन के साथ भक्तों को बूंदी और भांग का प्रसाद बांटा गया। गुरुवार को बरहा हनुमान मंदिर के पुजारी विजय तिवारी एवं बूढ़े हनुमान मंदिर के पुजारी रामदास महराज ने बताया कि कलयुग में हनुमान जी साक्षात देव हैं। तीर्थक्षेत्र में तो प्रभु की सेवा के लिए वह सदैव यहीं रहते हैं। हनुमान जयंती में बजरंगी सरकार की विशेष कृपा का लाभ भक्तों को मिलता है। गुरुवार को हनुमान जयंती पर सवेरे से देर रात्रि तक मंदिर में आयोजनों का दौर जारी रहा। वहीं सीतापुर क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने मंदिर में कीर्तन किया। अखंड रामनाम संकीर्तन से मंदिर का जर्रा-जर्रा राममय हो गया। शाम को 11 सौ दीप से मंदिर को सजाया गया। विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद आरती हुई। भक्तों को बूंदी और भांग का प्रसाद बांटा गया।

तुलसी जन्मस्थली राजापुर के अलावा ग्रामीण अंचलों के भिन्न-भिन्न हनुमान मंदिरों में भव्य हनुमान जन्मोत्सव व श्रद्धा भाव के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया। वहीं मन्दिरों को फूलों व गुब्बारों से खूब सजाया गया था और श्रीरामचरितमानस अखण्ड पाठ, हनुमान चालीसा, हनुमानाष्टक, हनुमान बाहु आदि संकट हरण ग्रंथों के बड़े श्रद्धा भाव से पाठ किए गए हैं तथा प्रातः से ही श्रद्धालु नर नारियों का मंदिर में दर्शनों के लिए तांता लगा रहा और बजरंग बली की जय जयकार से मन्दिर गूंज रहे थे।

## जिले भर में बड़े धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**फतेहपुर।** हनुमान जयंती का पर्व जनपद भर में धूमधाम से मनाया गया। शहर के मंदिरों की साज सज्जा कर सजाया गया। मंदिरों में सुंदर कांड का पाठ किया गया व भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों को पूड़ी सब्जी, हलवा, बूंदी के अलावा चना प्रसाद के रूप में ग्रहण कराया गया। गुरुवार को जनपद में हनुमान जयंती का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। पर्व को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा मन्दिरों के आस पास विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। हनुमान जयंती पर शहर की प्रमुख मन्दिरों को सजाया गया था। मुराइन टोला, ताम्बेश्वर मंदिर, पटेल नगर समेत अन्य जगहों पर स्थित हनुमान मंदिरों की साज सज्जा कर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इसके अलावा जगह जगह भक्तों द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। इसके अलावा जगह जगह भक्तों द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया।

## दिन भर चलते रहे धार्मिक कार्यक्रम, जयकारों से गूंजा वातावरण



**उरई, जालौन।** गुरुवार को हनुमान जयंती के मौके पर भक्तों का सैलाब मारुती नन्दन के दर्शनों को उमड़ा। पवनसुत के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से हवन पूजन किया तथा भगवान के दर्शन कर दरबार में मत्था टेका। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में भीड़-भाड़ नजर आयी। अखण्ड रामायण के पाठ किये गये। कई स्थानों पर भण्डारे हुये जिसमें प्रसाद ग्रहण करने वालों की कतार लगी रही। डीजे व लाउडस्पीकरों पर बज रहे भजनों ने चलते वातावरण में भक्ति की बयार बह रही थी। हनुमान जयन्ती के उपलक्ष्य में सुबह से ही पूजा पाठ की तैयारी शुरू हो गयी। भोर से ही भक्त भगवान बजरंगबली का पूजन करने के लिये मंदिरों की तरफ आ जा रहे थे। शहर के प्राचीन प्रसिद्ध ठड़ेश्वरी मंदिर में महंत सिद्धरामदास जी ने सुबह ही भगवान का सिन्दूर से अनुपम श्रृंगार किया साथ ही राम-सीता की अनुपम झांकी सजाई।

# भाजपानीत सरकार ने साकार किया दीनदयाल उपाध्याय का अन्त्योदय सपना : चंद्रप्रकाश खरे

## भाजपाईयों ने धूमधाम से मनाया पार्टी का 44वां स्थापना दिवस



संवाददाता। चित्रकूट

**भाजपा** के 44वें स्थापना दिवस पर जिले के 11 मंडलों के 850 बूथों पर हुए कार्यक्रम में जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में झंडा फ्हराया गया। मंडलों में मऊ में अशोक जाटव, चित्रवार में आनंद शुक्ल, मानिकपुर में अरविंद रलिहा, राजापुर में दिनेश तिवारी, सीतापुर ग्रामीण में रंजना उपाध्याय, बरगढ़ में सुशीला, पहाड़ी में सुशील द्विवेदी, शिवरामपुर में भैरो प्रसाद मिश्र, गोबरौल में गंगाधर मिश्र, चकौंध में दशरथ प्रजापति, बेराऊर में शिवशंकर सिंह, बनकट में रामरतन प्रजापति, प्रयागराज रोड में आनन्द त्रिपाठी बब्बू मुख्य अतिथि रहे। गुरुवार को जिला कार्यालय में जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल की मौजूदगी में शुभारम्भ में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने ध्वजारोहण कर किया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीवाल लेखन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि भाजपा किसानों की हितैषी सरकार है।

## धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस



**फर्रुखाबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 44 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत जनपद के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर झंडारोहण, संगोष्ठी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना गया। भाजपा जिला अध्यक्ष सहित पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने बूथों पर जाकर आयोजित कार्यक्रमों में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान मिठाई वितरण हुआ। फतेहगढ़ मंडल के बूथ संख्या 330 आवास विकास स्थितभाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम आरंभ होने से पूर्व पार्टी मुख्यालय परझंडारोहण एवं मिष्ठान वितरण हुआ। कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद योगी.मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए।

# पुलिस की मुस्तैदी के चलते, 24 घंटे में चोरी के माल सहित पकड़ा गया चोर



**जालौन,** उरई। काम करने गए दंपत्ति के सूने घर में घुसकर चोरों ने घर गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। साथ ही 24 घंटे के अंदर पुलिस ने एक चोर को पकड़कर चोरी का सामान भी बरामद किया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी गोलू पुत्र राजेंद्र ने पुलिस का बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मजदूरी के लिए गया था। बुधवार की शाम जब वह घर वापस आए तो देखा कि घर के ताले टूटे और दरवाजे खुले हैं। अंदर जाकर देखा तो घर गृहस्थी का सामान गायब था। पीड़ित ने बताया कि घर से फ्रिज, एलसीडी टीवी, गैस सिलिंडर समेत अन्य सामान चोरी हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। मामले का खुलासा करते हुए सीओ उमेश पांडेय ने बताया कि कोतवाल कुलदीप तिवारी, एसएसआई आनंद सिंह, चौकी प्रभारी अतुल राजपूत की टीम को सूचना मिली कि चुंगी नंबर 4 के पास एक व्यक्ति कार से चोरी का सामान लेकर बेचने के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आशीष उर्फ पुच्ची को रोककर उसकी कार की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें से फ्रिज व एलसीडी बरामद की। पुलिस कार व बरामद माल समेत आरोपी को कोतवाली ले आई।

# आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में यूपी में टाप पर रहा चित्रकूट जिले का पहाड़ी थाना

संवाददाता। पहाड़ी, चित्रकूट



**आईजीआरएस** शिकायत निस्तारण में चित्रकूट जिले का पहाडी थाना फिर यूपी में टाप रहा है। जिससे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आईजीआरएस जिसके माध्यम से हर पीड़ित ब्यक्ति स्त्री पुरुष कोई भी अपनी हर समस्या को सीधे उच्चाधिकारियों तक पहुंचा सकता है। सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से जिसकी समय समय पर जांच हो व पीड़ित से यह पूछा जाता है कि आप सम्बंधित अधिकारियों की कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में आईजीआरएस की शिकायतों को प्रमुखता से निस्तारण करने में प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र कुमार नागर के मार्गदर्शन व टीम भावना से आईजीआर एस हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार यादव, महिला कांस्टेबल स्वाति आदि ने आई हुई सभी शिकायतों का ईमानदारी व निष्ठा के साथ निस्तारण किया। जिसके परिणामस्वरूप पूरे उत्तर प्रदेश के 1734थानो में चित्रकूट जनपद का पहाड़ी थाना माह मार्च में आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र कुमार नागर ने कि आगे भी प्रयास जारी रहेगा। समय से शिकायतों का निस्तारण कर प्रथम स्थान बरकरार रखेंगे। इस उपलब्धि के लिए हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार व महिला कांस्टेबल स्वाति बधाई की पात्र है। साथ ही थाना पुलिस के सब इंस्पेक्टर राहुल पांडेय रविकांत राय परशुराम यादव आदि सभी का सहयोग रहा।

# लापता हुए बालक का शव 48 घंटे बाद मिला, मचा कोहराम



**मौदहा**, हमीरपुर। अपने खेत से घर जाते समय गायब हुए बालक का शव 48 घंटे बाद चंद्रावल नदी के पानी में तैरता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम छिमौली निवासी विजय(5) पुत्र रामकरण निषाद मंगलवार को अपने पिता के साथ कछार हार गया हुआ था। शाम को वह अपने घर लौटते समय अचानक गायब हो गया। विजय के पिता रामकरण ने विजय के रात तक घर न पहुंचने पर उसे आस-पड़ोस के अलावा गांव के बगल में बह रही चंद्रावल नदी में भी तलाशा लेकिन उसे निराशा हाथ लगी जिस पर उसने बुधवार को कोतवाली मौदहा में अपने पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज करा दिया। गुरुवार को सुबह चंद्रावल नदी के पानी में विजय के शव को उतराता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## क्विक न्यूज

### हनुमान जन्मोत्सव पर सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन

**फर्रुखाबाद।** हनुमान जन्मोत्सव समिति गुंजनबिहार कालोनी की ओर से हनुमान जयंती के अवसर पर मनसा देवी पार्क में ब्लाक बी में 5.15 बजे शाम से देर शाम तक गुंजनबिहार कालोनी में सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद आरती व प्रसाद वितरण किया गया। सुन्दर काण्ड पाठ में गुंजनबिहार कालोनी के वाशिन्दो ने बढ़चढ़-कर भाग लिया। इस आयोजक गणो में आलोक दुवे, विजय कुमार त्रिपाठी,कुंअर बहादुर,विजय सिंह यादव ळकी दुवे,आचार्य हरिशंकर मिश्रा जी,ड़ा. संजीब त्रिपाठी, विनय चौहान, संजू सिंह,ब्रजभानसिंह यादव,उपेन्द्र चतुर्वेदी,संजय श्रीवास्तव,विनय सिंह कुशवाह पत्रकार, श्रवण कुमैार मिश्रा, रमेश चन्द्र यादव आदि भक्त गण मौजूद रहे।

### गरीब के अंतिम संस्कार में डॉक्टर बनी सहारा

**फतेहपुर।** जनपद के जिला चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर ने गंभीर रूप से बीमार मरीज़ के इलाज के दौरान मृत्यु होने के बाद परिवार की अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद कर मानवता की बेशमीकमती मिसाल पेश की। ऐसा कभी-कभार ही देखनें को मिलता है। डॉक्टर के इस मानवीय रूप की हर कोई सराहना कर रहा है। शहर के पथरकटा चौराहा निवासी प्रेमा देवी 60 वर्ष कैंसर रोग से ग्रसित थी। गंभीर हालत में परिजनों ने उन्हें इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। मरीज़ की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सकों ने हैलट कानपुर के लिये रिफर कर दिया था। जहां से उन्हें एसपीजीआई लखनऊ ले जाने के लिये कहा गया। मरीज़ों के परिजन आर्थिक स्थिति को देखते हुए एक बार फिर से जिला चिकित्सालय ले आये जहां डॉक्टर अदिति श्रीवास्तव ने इलाज शुरू किया। पहले से ही गंभीर प्रेमा देवी का गुरुवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। मरीज की मौत होने के बाद अस्पताल कर्मियों के बार-बार कहने के बाद भी परिजन शव को नहीं ले जा रहे थे। शव के अंतिम संस्कार के लिये रुपये न होने की बात कहते हुए परिजनों की आंखों से आंसू छलक पड़े। परिजनों की व्यथा सुनकर माहौल भी गमगीन हो उठा। तभी धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर ने परिजनों को आठ हजार रुपये की आर्थिक मदद देकर अपना मानवीय रूप दिखाया।

### घाटमपुर में भी मिला कोरोना संक्रमित, मचा हड़कम्प

घाटमपुर। महानगर की तरह घाटमपुर क्षेत्र में कोरोना का कहर शुरु हो गया है, गुरुवार को सीएचसी की जॉच में मूसानगर रोड पर स्थित एक बैंक के स्टाप को कानपुर से लेकर आने वाला बैन चालक संक्रमित पाया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ कैलाश चंद्र ने बताया कि सीएचसी गेट पर आज 31 लोगों की जॉच की गयी जॉच में महानगर के स्वरुपनगर क्षेत्र का एक ब्यक्ति पाजिटिव पाया गया है। इस कारण लोगों में हड़कंप मच गया है। चिकित्सकों ने लोगों को संक्रमण से बचने के लिए हर संभव सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### दुराचार के दोषी को दस वर्ष की सजा, बीस हजार जुर्माना

**फतेहपुर।** बलात्कार के एक मामले में अनन्य पॉक्सो कोर्ट के जज मोहम्मद अहमद ने आरोपी को दस साल की सजा सुनाई। वहीं बीस हज़ार रुपये अर्थदंड देने का आदेश दिया है। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को देने का फैसला भी सुनाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र उत्तम ने बताया कि चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला 31 मई 2014 को घर में अकेले थी। सुबह 11 बजे गांव का युवक शिवाकांत अकेली महिला को देखकर घर में घुस गया और जबरन उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान महिला का भाई घर पहुंचा तो आरोपी मौके से भाग निकला। घटना के दूसरे दिन परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की। साक्ष्यों और पत्रावली के आधार पर अदालत ने आरोपी लर दोष सिद्ध करते हुए यह फैसला सुनाया है।

# क्षय रोगियों को लिया गोद, दी पोषण पोटली

●सीडीओ और हास्पिटल संचालकों ने किया पोषण पोटली का वितरण

●निक्षय योजना के तहत मरीज को मिलती है 500 रुपए पोषण राशि

संवाददाता। फतेहपुर

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हे पोषण पोटली वितरित की गई। इस दौरान टीबी मरीजों को बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। सीडीओ कार्यालय में सीडीओ सूरज पटेल ने मरीजों को पोषण पोटली दी। इसी प्रकार सीएमओ डॉ सुनील भारतीय, जिला क्षय अधिकारी शहाबुददीन, आरके हास्पिटल, चांदनी नर्सिंग होग, अनामिका नर्सिंग होम में मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारतीय ने कहा कि वर्ष 2025 तक जनपद समेत पूरे देश से क्षय रोग समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। अब हमारा प्रयास क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायतें बनाना है। जब इस रोग की समाप्ति के लिए समाज का हर व्यक्ति सहयोग करे। अधिकाधिक लोग निक्षय मित्र के रूप में क्षय रोगियों को गोद लें और उन्हें क्षय रोग से स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इसके मद्देनजर अब हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जा रहा है। इन दिवस पर तत्काल जांच और तत्काल इलाज शुरू करने की व्यवस्था है। इससे लोगों को काफी फायदा हो रहा है। डीटीओ ने बताया कि वर्तमान में जिला चिकित्सालय और जिले के 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी की जांच की सुविधा उपलब्ध है। किसी व्यक्ति में क्षय रोग की पुष्टि हो जाने पर मरीज को 500 रुपए पोषण राशि दी जाती है।

# नहीं शुरू हो सका नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर में गुरुवार को चलने वाला अतिक्रमण अभियान उप जिलाधिकारी की व्यस्तता के चलते खटाई में पड़ गया हालांकि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने जल्द ही नगर से अतिक्रमण हटाने का दावा किया है। नगर के मलिकुंआ चौराहे से लेकर देवी चौराहे तक मार्ग के दोनों ओर काबिज दुकानदारों ने नगर पालिका द्वारा निर्धारित कई की गई सीमा को लांघ कर अतिक्रमण कर रखा है जिसके चलते मार्ग सकरा होने से दिन भर जाम की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। इस समस्या को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में व्यापारियों की एक बैठक हुई थी।

# मनाया गया पोषण पखवाड़ा

**वाराणसी।** पोषण पखवाड़ा के दौरान बच्चों का वजन एवं लंबाई का मापन करते हुए पूरा विवरण पोषण ट्रैकर पर अपलोड करने के साथ ही पोषण पखवाड़े को पोषण उत्सव के रूप में मनाए जाने का लक्ष्य रखा गया था। पखवाड़े को सफ्ल बनाने के लिए भारत सरकार के 15 सदस्य विशेषज्ञ टीम जनपद में 26 मार्च को पहुंच गई और सबसे पहले 27 मार्च को विशेषज्ञ टीम द्वारा जनपद के बाल विकास परियोजना अधिकारीए सुपरवाइजर एवं ब्लॉक को ऑर्डिनेटर को मास्टरट्रेनर के रूप में एकदिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन 80 मास्टरट्रेनर द्वारा 28 मार्च को ब्लॉक स्तर पर 3690 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों का वजन एवं लंबाई मापने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉकस्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षक रूप में तैनाती प्रदान की गई जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके स पूरे जनपद के 3914 आंगनबाड़ी केंद्रों को 132 सेक्टर एवं 794 क्लस्टर में विभाजित किया गया। प्रत्येक सेक्टर पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर प्रभारी एवं क्लस्टर स्तर पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को क्लस्टर प्रभारी नियुक्त किया गया जिन की देखरेख में 29 से 31 मार्च के बीच 331282 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 329844 बच्चों का वजन किया गया।

# पेज एक का शेष

## नीतिगत दरों...

बरकरार है। दास ने कहा, हाल के जो महत्वपूर्ण आंकड़े हैं, वे वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में सुधार के संकेत देते हैं। लेकिन कुछ विकसित देशों में बैंक संकट को देखते हुए वित्तीय स्तर पर स्थिरता को लेकर चिंता से इसके नीचे जाने का जोखिम है। उन्होंने कहा कि सकल मुद्रास्फीति में नरमी आ रही है लेकिन यह अब भी केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से ऊपर है। आर्थिक वृद्धि का जिक्र करते हुए दास ने कहा, रबी फसल का उत्पादन 2022-23 में 6.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अनुकूल मांग स्थिति और नए कारोबार के लाभ के साथ पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स) विनिर्माण और पीएमआई सेवा में विस्तार जारी है। वाहनों की बिक्री, क्रेडिट कार्ड से खर्च फरवरी में मजबूत रहा...। उन्होंने कहा, हालांकि, वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए जोखिम भी बना हुआ है। दास ने कहा, इन सबको देखते हुए चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2023-24 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि देश की वास्तविक यानी स्थिर मूल्य पर जीडीपी वृद्धि दर 2022-23 में सात प्रतिशत रहने का अनुमान बना हुआ है। यह आर्थिक गतिविधियों में मजबूती को दर्शाता है। मुद्रास्फीति के बारे में गवर्नर ने कहा कि रबी फसल अच्छी रहने से खाद्य वस्तुओं के दाम में नरमी की उम्मीद है। हालांकि, हाल में देश के कुछ भागों में बेमौसम बारिश को देखते हुए उसके प्रभाव पर नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए तथा कच्चे तेल का सालाना औसत मूल्य 85 डॉलर प्रति बैरल रहने एवं मानसून सामान्य रहने के अनुमान के साथ मुद्रास्फीति 2023-24 में नरम होकर 5.2 प्रतिशत रहने की संभावना है। विकासात्मक और नियामकीय नीति के स्तर पर अन्य बातों के अलावा रिजर्व बैंक ने विभिन्न बैंकों में बिना दावे वाली जमा राशि का पता लगाने के लिए एक केंद्रीकृत पोर्टल शुरू करने का फैसला किया है। बैंकों में बड़ी मात्रा में ऐसे खाते हैं जिनमें जिनमें बरसों से कोई लेनदेन नहीं हुआ है।

## भाजपा में...

मोदी के कार्यों की सराहना करते हुए एंटनी ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है और इसमें योगदान देना उनका कर्तव्य है। अनिल ने इसी साल जनवरी महीने में कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। वह कांग्रेस की केरल इकाई के डिजिटल मीडिया विभाग के प्रमुख भी रह चुके हैं। भाजपा में अनिल का स्वागत करते हुए गोयल ने उन्हें एक जमीनी राजनीतिक कार्यकर्ता बताया और कहा कि वह इस बात से सहमत है कि भाजपा देश की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सतत विकास के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से भी वह सहमत हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने भाजपा में शामिल होने से पहले अपने पिता से सलाह ली थी, अनिल ने कहा, यह व्यक्तित्व के बारे में नहीं है, यह विचारों और विचारों के अंतर के बारे में है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि मैंने सही कदम उठाया है। मेरे पिता के लिए मेरा सम्मान पहले जैसा ही रहेगा।

## अनिल एंटनी...

गलत फैसला है। रक्षा मंत्री रह चुके एंटनी ने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ अपनी आवाज हमेशा बुलंद करते रहेंगे। इस बीच, केरल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. सुधाकरन ने कहा कि अनिल को पार्टी में कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी और इसलिए उन्होंने भाजपा का दामन थामा है और यह कांग्रेस के लिए चिंता का विषय नहीं है। सुधाकरन ने संवाददाताओं से कहा, आज (मौंडी बृहस्पतिवार) जूडस (इस्कैरियट) का दिन है जिसने 30 चांदी के सिक्कों के लिए ईशु मसीह को धोखा दिया। उस दिन ऐसी कई चीजें हुई होंगी। इसे (अनिल के भाजपा में शामिल होने को) भी एक ऐसी ही घटना के रूप में देखा जाना चाहिए। कांग्रेस नेता के बेटे के भाजपा में शामिल होने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केपीसीसी प्रमुख ने कहा कि यह मौंडी बृहस्पतिवार पर अनिल का अपने पिता को उपहार है। बाइबल के मुताबिक ईशू के 12 शिष्यों में से एक जूडस इस्कैरियट ने चांदी के 30 सिक्कों के लिए बुधवार के दिन अधिकारियों के साथ उन्हें धोखा देने के लिए एक समझौता किया था।

## गृह मंत्रालय...

या लाभकारी परामर्श मार्ग के माध्यम से एफसीआरए के प्रावधानों को दरकिनार करने की कथित तौर पर योजना बना रहा था। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण ने ऑक्सफैम इंडिया को विदेशी संगठनों या इकाइयों की विदेश नीति के एक संभावित साधन के रूप में उजागर किया, जिन्होंने वर्षों से संगठन को उदारतापूर्वक वित्त पोषित किया है। सूत्रों ने कहा कि सामाजिक गतिविधियों के लिए पंजीकृत ऑक्सफैम इंडिया ने कथित तौर पर कमीशन के रूप में अपने सहयोगियों और कर्मचारियों के माध्यम से सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) को धन भेजा। उन्होंने कहा कि इन निष्कर्षों के बाद, गृह मंत्रालय ने ऑक्सफैम इंडिया के कामकाज की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की। सूत्रों ने कहा कि ऑक्सफैम इंडिया के टीडीएस डेटा से भी यही परिलक्षित होता है, जो 2019-20 में सीपीआर को 12,71,188 रुपए के भुगतान को दर्शाता है। सूत्रों ने कहा कि ऑक्सफैम इंडिया ने लगभग 1.50 करोड़ रुपए का विदेशी अंशदान उन्हें निर्दिष्ट एफसीआरए खाते में प्राप्त करने के बजाए सीधे अपने विदेशी अंशदान उपयोग खाते में प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि इन निष्कर्षों के बाद गृह मंत्रालय ने ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की। आयकर विभाग ने सितंबर में एक मीडिया फाउंडेशन के अलावा सीपीआर और ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ उनके द्वारा प्राप्त धन में कथित एफसीआरए उल्लंघन से संबंधित जांच के तहत सर्वेक्षण किया। एक महीने के भीतर, ऑक्सफैम इंडिया ऐसा दूसरा गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) है जिसके खिलाफ गृह मंत्रालय ने एफसीआरए के कथित उल्लंघन के लिए सीबीआई जांच की सिफारिश की है। गृह मंत्रालय ने 20 मार्च को लेखक और मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर द्वारा स्थापित एक एनजीओ अमन बिरादरी के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की।

## दिल्ली में...

स्थित किसी भी सब रजिस्ट्रार कार्यालय में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस व्यवस्था से भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगने की उम्मीद है। इसके साथ ही किसी भूमि के स्टेटस को लेकर राजस्व विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले एनओसी को भी पूरी तरह ऑनलाइन किया जाएगा, जिसमें किसी भी मानवीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं होगी। यह पूरी तरह फेसलेस होगा। बैठक में एलजी ने यह भी निर्देश दिया कि ट्रेंड एंड टैक्स डिपार्टमेंट में फाइलों की स्क्रूटनी को भी पूरी तरह से फेसलेस बनाया जाए और सभी वजीफे, पेंशन, स्कॉलरशिप आदि का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड में डीबीटी के माध्यम से किया जाए। उपराज्यपाल ने भ्रष्टाचार से निपटने में दिल्ली पुलिस पुलिस और भ्रष्टाचार निरोधक शाखा समेत विभिन्न एजेंसियों के सहित विभिन्न एजेंसियों को तालमेल से काम करने को कहा। एलजी ने उप निबंधक कार्यालय, परिवहन विभाग, ट्रेड, टैक्स और एक्साइज ऑफिस सहित इस तरह के जनता से जुड़े दफ्तरों में दलालों पर लगाम और भ्रष्टाचार के खिलाफ पारदर्शिता लाने के लिए अधिकारियों को नियमित तौर पर औचक निरीक्षण और छापे मारने के भी दिशा-निर्देश दिए।

## उम्मीद है...

चीनी प्रशासन के सम्पर्क में हैं। बहरहाल, चीन ने अपने पत्रकारों की सुविधा को लेकर भारत से सहूलियत मांगी है हालांकि उसने दो भारतीय संवाददाताओं के वीजा पर रोक लगाने के हाल के कदम का बचाव किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार के सूचित किया कि समाचार पत्र द हिन्दू के चीन स्थित संवाददाता अनंत कृष्णन और बीजिंग स्थित प्रसार भारती संवाददाता अंशुमन मिश्रा के वीजा पर रोक लगाई जाती है जो अभी छुट्टी पर भारत में हैं और अगले आदेश तक लौट नहीं सकते। चीन द्वारा दो भारतीय पत्रकारों के वीजा को निलंबित करनेके बारे में पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि काफ समय से चीनी पत्रकारों के साथ भारत में भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है। चीनी प्रवक्ता ने दावा किया, 2017 में भारत ने चीनी पत्रकारों की वीजा अवधि को तीन माह से घटाकर एक माह कर दिया। भारत ने चीनी पत्रकारों को भारत में जाने की अनुमति मांगने वाले आवेदनों को नकार दिया।

## कनाडा में...

बुधवार को नफरत से प्रेरित कृत्य की खबर मिलने के बाद नॉर्थवे एवेन्यू के 1700 ब्लॉक में स्थित हिंदू मंदिर में भेजा गया था। पुलिस ने एक बयान में कहा, अधिकारियों ने इमारत की बाहरी दीवार पर लिखे हिंदू-विरोधी और भारत-विरोधी नारों पर कालिख पुती हुई पाई। बयान में कहा गया है कि विंडसर पुलिस मंदिर को विरूपित किए जाने को घृणा से प्रेरित घटना मानकर जांच कर रही है। जांच के दौरान अधिकारियों को एक वीडियो मिला है, जिसमें दो संदिग्ध रात 12 बजे के बाद क्षेत्र में दिख रहे हैं। वीडियो में, एक संदिग्ध इमारत की दीवार पर तोड़-फोड़ करता हुआ दिखाई देता है, जबकि दूसरा उसे ऐसा करते देख रहा है। जनवरी में, ब्रैम्पटन में गौरी शंकर मंदिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखे मिले थे, जिससे भारतीय समुदाय में आक्रोश फैल गया था। टोरंटो में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा था कि मंदिर को विरूपित किए जाने से कनाडा में भारतीय समुदाय की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है।

## सीबीएसई की...

2023-24 के लिए परीक्षा और मूल्यांकन प्रथाओं में योग्यता केंद्रित शिक्षा के मूल्यांकन को शामिल करने के लिए बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि अगले सत्र में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में अवधारणाओं के अनुप्रयोग पर अधिक प्रश्न होंगे। 10वीं कक्षा में, 50 प्रतिशत सवाल एमसीक्यू आधारित प्रश्न, स्रोत-आधारित एकीकृत प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के रूप में योग्यता-आधारित होंगे। पिछले शैक्षणिक सत्र में ऐसे प्रश्नों का वेटेज 40 प्रतिशत था। वस्तुनिष्ठ प्रश्न अब अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत भारांक के साथ बहुविकल्पीय होंगे। लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का भारांक पिछले वर्ष के 40 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह, कक्षा 12वीं में, 40 प्रतिशत प्रश्न एमसीक्यू प्रश्न, स्रोत-आधारित एकीकृत प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के रूप में योग्यता-आधारित होंगे। पिछले शैक्षणिक सत्र में ऐसे प्रश्नों का भारांक 30 प्रतिशत था। बारहवीं कक्षा में भी वस्तुनिष्ठ प्रश्न अब अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत भारांक के साथ बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का भारांक पिछले वर्ष के 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) का मसौदा एनईपी के अनुसार तैयार किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिए लिए विज्ञान, कला या मानविकी और वाणिज्य स्ट्रीम (धारा) चुनने की वर्तमान पद्यति में बदलाव करना है। एनसीएफ को अंतिम बार 2005 में संशोधित किया गया था। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुसार तैयार किए जा रहे एनसीएफ में यह भी कहा गया है कि दो प्रमुख पहलू हैं जो गणित के डर का कारण बनते हैं। एक विषय की प्रकृति और दूसरा इसे समाज में कैसे पढ़ाया जा रहा है और कैसे समझा जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, अंतिम चरण के मसौदे को जल्द ही सार्वजनिक करके हितधारकों से प्रतिक्रिया मांगी जाएगी और नई शैक्षिक व्यवस्था 2024 के शैक्षणिक सत्र से लागू की जाएगी।

# राष्ट्रपति शी रूस को समझाएं : मैक्रों

भाषा। बीजिंग



**फ्रांस के** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से अपील की है कि वह रूस को समझाएं और यूक्रेन में स्थाई शांति स्थापित करने में मदद करें। चिनफिंग ने पिछले महीने रूस की यात्रा की थी, जहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया था। मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के लिए चीनी समर्थन की ओर संकेत किया, जो किसी देश की क्षेत्रीय अखंडता और परमाणु समझौतों के लिए सम्मान का आह्वान करता है। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस ने यूक्रेन पर हमला करके इस चार्टर पर आधारित शांति एवं स्थिरता के लिए खतरा पैदा किया है। फरवरी, 2022 में रूस के हमले से पहले चिनफिंग सरकार ने रूस के साथ दोस्ती की कोई सीमा न होने की घोषणा की थी, हालांकि उसने (हमले पर) खुद को तटस्थ दिखाने का प्रयास किया। बीजिंग ने शांति वार्ता का आह्वान किया। मैक्रों ने कहा, मैं जानता हूं कि मैं इन दो सिद्धांतों के तहत आपको (चीन) भी शामिल कर सकता हूं, जिनका मैंने जिक्र किया है ताकि रूस को समझाया जा सके और सभी को वापस वार्ता की मेज पर लाया जा सके। उन्होंने कहा, हमें स्थाई शांति खोजने की जरूरत है। मेरा मानना है कि यह चीन के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण मुद्दा है, जितना कि फ्रांस और यूरोप के लिए है। वहीं, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, यूक्रेन संकट के मुद्दे पर चीन ने हमेशा एक निष्पक्ष रुख का पालन किया है। हम संकट के राजनीतिक समाधान और शांति वार्ता के पक्षधर रहे हैं।

## जापानी सेना का हेलीकॉप्टर लापता, समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका

**तोक्यो।** जापानी तटरक्षक ने कहा है कि थलसेना का एक हेलीकॉप्टर दक्षिणी जापान के द्वीप के पास से लापता हो गया है, जिस पर चालक दल के 10 सदस्य सवार थे। सेना ने आशंका जताई है कि हेलीकॉप्टर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर के कुछ हिस्से दिखने के बाद इसके दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका जताई गई है। ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के प्रमुख यसूनोरी मोरिशिता ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि एक अभियान के दौरान सेना के यूएच-60जेए ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का बृहस्पतिवार दोपहर को मियाको द्वीप के पास रडार से संपर्क टूट गया। उन्होंने बताया कि आसपास के क्षेत्र में ऐसा मलबा दिखाई दिया है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि ए हेलीकॉप्टर का हिस्सा है। क्योदो न्यूज की खबर के मुताबिक, जापानी तट रक्षक पोत को भी तेल के निशान मिले हैं जो लापता हेलीकॉप्टर से संबंधित हो सकते हैं।

# संयुक्त राष्ट्र में भारत सांख्यिकी आयोग, अन्य प्रमुख सहायक निकायों के लिए चुना गया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत को** अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में अभूतपूर्व समर्थन के साथ संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग का सदस्य चुना गया है। भारत की विश्व संगठन के सर्वोच्च सांख्यिकीय निकाय में दो दशक बाद वापसी हुई है। एशिया प्रशांत देशों की श्रेणी में एक अन्य सीट के लिए हुए चुनाव में दक्षिण कोरिया ने चीन को हरा दिया। गुप्त मतदान के बाद कोई परिणाम नहीं निकल पाने पर ड्रॉ के जरिए दक्षिण कोरिया को चुना गया। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग, मादक पदार्थ नियंत्रण संबंधी आयोग और संयुक्त राष्ट्र एचआईवीएड्स कार्यक्रम समन्वय बोर्ड के सदस्य के रूप में चुना। सांख्यिकीय आयोग की सदस्यता के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी मुकाबले में भारत ने गुप्त मतदान के दौरान 53 मतों में से 46 मत प्राप्त किए। एशिया प्रशांत देशों की श्रेणी की दो सीट के लिए भारत, दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात और चीन दावेदार थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ट्वीट किया, भारत एक जनवरी 2024 से शुरू होने वाले चार साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च सांख्यिकीय निकाय के लिए चुना गया।

### अफगान महिला कर्मचारियों को काम करने से रोकने का तालिबान का फैसला स्वीकार्य नहीं

**इस्लामाबाद।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि अफगान महिला कर्मचारियों को एजेंसी में काम करने से रोकने के तालिबान के फैसले को स्वीकार नहीं किया जा सकता और यह निर्णय महिलाओं के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। इसके एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र ने कहा था कि अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान ने उसे सूचित किया है कि वैश्विक निकाय के लिए अफगान महिलाओं के काम करने पर रोक लगा दी गई है। उससे पहले, संयुक्त राष्ट्र मिशन ने उसकी महिला कर्मचारियों को पूर्वी नांगरहार प्रांत में काम करने से रोकने की खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। तालिबान ने मानवीय सहायता के वितरण को बाधित करते हुए अफगान महिलाओं के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों के लिए काम करने पर भी रोक लगा दी है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने पर रोक नहीं थी। लेकिन तालिबान ने पुराने आदेश को इस सप्ताह बदल दिया। संयुक्त राष्ट्र मिशन ने बुधवार को कहा कि तालिबान के आदेश के अनुसार किसी भी अफगान महिला को अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने की अनुमति नहीं होगी और यह कदम प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

### खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आठ आतंकवादी ढेर, एक सैनिक भी मारा गया

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक आतंकवादी ठिकाने पर रात भर चलाए गए अभियान में आठ आतंकवादी मारे गए। कार्वाई में एक पाकिस्तानी सैनिक की भी मौत हो गई। समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक दक्षिण वजीरिस्तान जिले के शिनवारसाक इलाके में जानकारी के आधार पर एक अभियान (आईबीओ) चलाया गया, जिसमें सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। कार्वाई में एक सैनिक की भी मौत हो गई। बयान के अनुसार, सैनिकों ने प्रभावी ढंग से आतंकवादियों का मुकाबला किया। अभियान में दुर्दान्त आतंकवादी कमांडर जान मुहम्मद उर्फ चारघ सहित आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया।

### पंजाब चुनाव पर न्यायालय के फैसले के विरुद्ध प्रस्ताव पारित किया

**इस्लामाबा।** पाकिस्तान की संसद ने पंजाब विधानसभा चुनाव में देरी संबंधी मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को एक प्रस्ताव पारित किया तथा देश में न्यायपालिका और सरकार के बीच गहराते विवाद के बीच इस मुद्दे पर फैसले के लिए न्यायालय की एकपूर्ण पीठ की मांग की। प्रधान न्यायाधीश उमर अता बांदियाल की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्ईय पीठ ने मंगलवार को पंजाब विधानसभा के लिए चुनाव की नई तारीख 14 मई तय की है।

### रिचर्ड वर्मा विदेश विभाग में प्रबंधन व संसाधन मामलों के उपसचिव

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने विदेश विभाग में प्रबंधन व संसाधन मामलों के उपसचिव का कार्यभार संभाल लिया है और इस प्रकार वह विदेश विभाग में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय-अमेरिकी बन गए है। वर्मा ने बुधवार को विदेश विभाग में वरिष्ठ पद की शपथ लेने के बाद ट्वीट किया,विदेश विभाग में वापसी सम्मान की बात है। प्रबंधन व संसाधन मामलों के उपसचिव पद को अमेरिकी विदेश विभाग का मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) भी कहा जाता है। अमेरिकी सीनेट ने पिछले महीने कार्यकारी, वकील और राजनयिक वर्मा (54) की नियुक्ति की 26 के मुकाबले 67 मतो से मंजूरी दी थी। वर्मा 16 जनवरी 2015 से 20 जनवरी 2017 तक भारत में अमेरिकी राजदूत रहे और वह अभी मास्टरकार्ड में मुख्य कानूनी अधिकारी एवं वैश्विक सार्वजनिक नीति के प्रमुख थे। वर्मा ने ओबामा प्रशासन के दौरान विधाई मामलो के विभाग में भी काम किया था। इससे पहले, वह अमेरिकी सीनेटर हैरी रीड के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे।

### ब्रिटेन की गृह मंत्री ने पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी के लिए मुकाबला जीता

**लंदन।** ब्रिटेन की भारतवंशी गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने परिसीमन के बाद नए निर्वाचन क्षेत्र की उम्मीदवार के रूप में चुने जाने के लिए कंजरवेटिव पार्टी की अपनी सहयोगी सांसद को मुकाबले में हरा दिया है। वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ब्रेवरमैन (43) का बुधवार को पार्टी के आंतरिक मतदान में सहयोगी सांसद फ्लिक ड्रमंड के साथ आमना-सामना हुआ। अगले आम चुनाव में हैम्पशायर में फरेहम और वाटरलूविल के नए प्रस्तावित निर्वाचन क्षेत्र से कौन चुनाव लड़ेगा, इसके लिए पार्टी में मतदान हुआ। अगला चुनाव 2024 में होने की उम्मीद है। इंग्लैड के सीमा आयोग के तहत, दक्षिण-पूर्व इंग्लैड में ब्रेवरमैन की फरेहम सीट का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है और ड्रमंड की मेयन वैली को नई संसदीय सीमाओ के तहत खत्म किया जा रहा है।

# अमेरिकी-ताइवानी अधिकारियों की मुलाकात से भड़का चीन

### ● अमेरिका, चीन के विमानवाहक पोत इलाके में पहुंचे

भाषा। बीजिंग



**अमेरिकी प्रतिनिधि** सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी और ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन की वाशिंगटन में हुई बैठक पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इस बीच, चीन और अमेरिका ने अपनी-अपनी नौसेनाओं की ताकत का प्रदर्शन करने के लिए ताइवान जलडमरुमध्य में विमान वाहक पोतों को गुजारा है। यह जलमडरुमध्य ताइवान को चीन की मुख्य भूमि से अलग करता है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीनी नौसेना का बेड़ा विमान वाहक पोत शांडोंग के नेतृत्व में ताइवान के दक्षिण पूर्व जल क्षेत्र में पहुंचने से पहले बशी चैनल से गुजरा जो ताइवान को फिलीपीन से अलग करता है। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने बृहस्पतिवार को खबर दी कि चीन का विमानवाहक पोत पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र के अपने पहले अभियान पर निकल रहा है। ताइवान के रक्षा मंत्री चिऊ कुओ-चेंग ने बताया कि अमेरिका का विमानवाहक पोत यूएसएस निमित्ज ताइवान के पूर्वी तट से करीब 400 नॉटिकल मील दूर गुजर रहा है। उन्होंने कहा, हम निश्चित तौर पर नहीं कह सकते कि वह (निमित्ज) शांडोंग की वजह से वहां मौजूद है। लेकिन इन दोनों घटनाओं का कुछ जुड़ाव हो सकता है। चीन के आक्रामक रवैए के बावजूद अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी ने बुधवार को ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन की मेजबानी की और उन्हें अमेरिका का करीबी मित्र बताया। ताइवान की नेता के साथ अमेरिकी अधिकारी की यह दूसरी उच्च स्तरीय बैठक है। चीन सरकार का दावा है कि ताइवान उसके क्षेत्र का हिस्सा है, जबकि ताइवान की वर्तमान सरकार का कहना है कि यह स्वशासित द्वीप पहले से ही संप्रभु है और चीन का हिस्सा नहीं है। चीन ने आठ महीने पहले भी अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के दौरान अपने नौसेना बेड़े को जलमडरुमध्य में भेजा था और मिसाइल दागी थीं। चीन ने इसी तरह का शक्ति प्रदर्शन अमेरिका में केविन मैक्कार्थी की साई के साथ हुई मुलाकात के बाद किया है। इस बीच, चीन ताइवान के पूर्व राष्ट्रपति मा यिंग जोउ की मेजबानी कर रहा है जो बीजिंग समर्थक नेता माने जाते हैं। वह वर्ष 2008 से 2016 के बीच ताइवान के राष्ट्रपति थे। मा बुधवार को चीन की मुख्य भूमि की यात्रा के अंतिम पड़ाव के तहत बुधवार को शंघाई बंदरगाह पहुंचे। इस अवसर पर चीनी नौसेना ने स्वशासित द्वीप के नजदीक गश्त की शुरुआत की। चीन के विदेश मंत्रालय ने साई-मैक्कार्थी की बैठक की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका, ताइवान और अमेरिका के अधिकारियों के बीच मुलाकात और अमेरिका-ताइवान संबंधों को बढ़ाकर ताइवान के अलगाववादियों को मंच प्रदान कर रहा है। विदेश मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार सुबह जारी एक बयान में, चीन ने इस बैठक को लेकर कहा कि वह राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए दृढ़ और सशक्त कदम उठाएगा। चीन ने अमेरिका से गलत और खतरनाक रास्ते पर आगे नहीं बढ़ने का आग्रह किया। चीन के विदेश मंत्रालय ने जोर दिया कि उसकी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) हमेशा उच्च स्तरीय सतर्कता बरती है और देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने को लेकर तत्पर है। साथ ही ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास शांति व स्थिरता कायम रखने को लेकर प्रतिबद्ध है।

### उत्तर कोरिया ने सैन्य अभ्यास को लेकर कार्रवाई की चेतावनी दी

भाषा। सोल

**उत्तर कोरिया ने** उसके प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया के साथ अमेरिकी सेना के अभ्यास के विस्तार को लेकर आक्रामक कार्वाई की बृहस्पतिवार को चेतावनी दी। इस बीच उत्तर कोरिया के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के विशेष प्रतिनिधि उसके (उत्तर कोरिया के) बढ़ते परमाणु खतरे पर सहयोगियों के साथ वार्ता के लिए सोल (दक्षिण कोरिया की राजधानी) पहुंचे हैं। उत्तर कोरिया के बयान से एक दिन पहले ही अमेरिका ने कोरियाई प्राय:द्वीप में संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए परमाणु सक्षम बी 52 बम वर्षक भेजे हैं जो उत्तर कोरिया के विरूद्ध उन दोनों का नवीनतम शक्ति प्रदर्शन है। हाल के सप्ताह में उनके बीच शत्रुता बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास तथा उत्तर कोरिया द्वारा अपने हथियारों की जोर आजमाइश तेज हो गई है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच सैन्य अभ्यास तथा उन्नत अमेरिकी सैन्य हथियारों की तैनाती से कोरियाई प्रायद्वीप एक ऐसे बारूद की ढेर में तब्दील हो गया है।

### ग्यारह हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ रहे विमान में पायलट को सीट के नीचे दिखा जहरीला कोबरा

**जोहानिसबर्ग।** पायलटों को वैसे तो उड़ान के दौरान बुरी से बुरी स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है, लेकिन कॉकपिट में मौजूद सांप से निपटने का तो बिल्कुल नहीं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के पायलट रूडोल्फ इरासम्स ने इस स्थिति पर भी काबू पाने में सफलता हासिल की है।

### यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद में हिंसा जारी

**यरुशलम।** यरुशलम में बुधवार को लगातार दूसरी रात हिंसा जारी रही, जब फलस्तीनियों ने ओल्ड सिटी के संवेदनशील परिसर में स्थित अल-अक्सा मस्जिद में स्वयं को बंद कर लिया और इजराइली पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए बल प्रयोग किया। यरूशलम में तनाव के बीच गाजा पट्टी से बुधवार रात रॉकेट भी दागे गए। हिंसा की ए घटनाएं ऐसे समय में हुई हैं जब मुसलमान पवित्र रमजान महीना मना रहे हैं। वहीं यहूदी सप्ताह भर चलने वाले पासोवर त्योहार की तैयारियों में लगे हैं। पैलेस्टिनियन रेड क्रीसेंट ने बताया कि हिंसा की ताजा घटनाओं में कम से कम छह लोग घायल हुए हैं। मस्जिद परिसर का प्रबंधन करने वाले इस्लामिक वक्फ के अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए स्टन ग्रेनेड (अपेक्षाकृत कम घातक विस्फोटक उपकरण, जिसका उपयोग दंगे को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है) और रबड़ की गोलियां दागीं। इजराइली पुलिस ने कहा कि कानून तोड़ने वाले दर्जनों किशोरों ने अराजकता पैदा की, अधिकारियों पर पत्थर एवं अन्य वस्तुएं फेंकी और पुलिस को सुरक्षा, कानून और व्यवस्था बहाल करने के लिए कार्वाई करने पर मजबूर किया। वक्फ ने मस्जिद में रात भर नमाज करने का आह्वान किया था, जिसके मद्देनजर और अधिक फलस्तीनी मस्जिद में एकत्र हुए।पुलिस अधिकारियों को दर्जनों फलस्तीनियों को मस्जिद परिसर से बाहर ले जाते देखा गया।

### श्रीलंका की संसद में नए आतंकवाद निरोधक विधेयक को पेश करने में देरी होगी

**कोलंबो।** श्रीलंका के न्याय मंत्री विजयदास राजपक्षे ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि संसद में नए आतंकवाद निरोधक विधेयक को पेश करने में कुछ और देरी होगी, जो मौजूदा कठोर आतंकवाद निरोधक कानून की जगह लेगा। इससे एक दिन पहले अधिवक्ताओं के एक शक्तिशाली निकाय ने कहा था कि वह किसी भी कानून को चुनौती देने में संकोच नहीं करेगा, जो शासन को और नागरिकों की स्वतंत्रता को कमजोर करेगा। नया आतंकवाद निरोधक अधिनियम (एटीए) 1979 के बेहद कठोर और कुख्यात आतंकवाद की रोकथाम कानून (पीटीए) का स्थान लेगा। इससे पहले एक अप्रैल को श्रीलंकाई प्रधानमंत्री दिनेश गुनावर्धने ने संवाददाताओं को बताया था कि नया आतंकवाद निरोधक कानून इस महीने के अंत तक पेश किया जाएगा। हालांकि, कानून मंत्री ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस विधेयक को पेश करने में देरी हो सकती है, और इसे अप्रैल के आखिर में अथवा मई की शुरूआत तक पेश किया जा सकता है। श्रीलंका में बढ़ते तमिल अलगाववादी उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए एक अस्थाई उपाय के रूप में 1979 में लागू किए गए पीटीए को निरस्त करने के लिए श्रीलंका को अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करना पड़ा है।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the general public at large that M/s. Golden Travel Services R/o 139 A TAIMOOR NAGAR, New Delhi, Delhi-110025 is availing loan from Aditya Birla Finance Ltd. (STSL+) in respect of Entire Second Floor Without roof rights Property No. 139-A, 108 sq. yds., Taimoor Nagar, New Delhi-110065. 'said property'. Naresh Kumar Mahesh Kumar & Mr. Ramesh Kumar Ss/o Mr. Chander, are the owners of said property by virtue of Sale Deed dated 28.12.2021 executed by Mohammad Dilshad Quraishi, Hari Babu & Qaisar Hayat in their favour duly registered as Doc no. 6516 Book No. 1 Vol No. 1824 Page nos. 91-101 in SRO-V(1) New Delhi. Further Aditya Birla Finance Ltd. (STSL+) is intending to create a registered/ equitable mortgage over the said property. In case if any person/Financial Institute/ Bank /Authority/Board or any other entity have any objection/ contingent or vested interest over the said property, they may contact the undersigned within 7 days of this publication. It may be further noted that after lapse of aforesaid period no claim in any manner shall be entertained and same will be considered as waived or abandoned.

New Delhi 07.04.2023 Suparna Sinha Advocate (D/3825/2014) Office: Gadi & Associates D-148, LGF, Saket New Delhi-110017 +91-9873663181

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बसंत सिंह और श्री संत सिंह, उक्त संपत्ति property Plot of area measuring 100 Sq. Yards. i.e., 83.61 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 89 situated in Village Bhangel Begmapur, Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh, का बिक्री विलेख दिनांक 24.12.2004, पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 7446 के द्वारा मालिक थे। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० संत सिंह के विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती नोराश, श्री जीतेन्द्र भाटी को कोई आपत्ति नही है अगर श्री चितरंजन कुमार उपरोक्त संपत्ति को बंधक करें।

यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) SML_SMLSUPER
REG. NO. UP14HT7119- YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE 520052

2) SML_SMLSARTAJP
REG. NO. UP14HT7909-YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 436500

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 21.04.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR CONTACT : RAJESH ANTIL KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL-rajesh.antil@kotak.com

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) VOLVO EICHER - 10_59
REG. NO. DL1LAD0702-YOM -2020

2) MAHINDRA - CB_SUPRO_MINI_TRUCK REG. NO. UP37AT5565 YOM 2021

3) TATA 1512
REG. NO. DL1GE0402-YOM -2021

4) SML_SMLSARTAJ
REG. NO. UP15FT8645-YOM -2022

5) TATA ACE
REG. NO. DL1LAE6767-YOM-2021

6) TATA ACE
REG.NO. DL1LAE9457-YOM -2021

7) CB_TATA_ACE_GOLD
REG. NO.UP12BT8869-YOM -2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH In 5 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : ABHINAV LAL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 7798988481
EMAIL – abhinav.lal@kotak.com

## इमरान को पूर्व प्रधानमंत्री की हैसियत के मुताबिक सुरक्षा मुहैया कराई जाए : अदालत

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान में** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि इमरान खान को पूर्व प्रधानमंत्री के तौर पर उनकी हैसियत के अनुसार सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की, जिसमें आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह द्वारा कथित रूप से धमकी दिए जाने के बाद उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई थी। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ के बेहद करीबी माने जाने वाले सनाउल्लाह ने मार्च में कहा था कि जब सत्ताधारी पार्टी को लगता है कि उसका अस्तित्व खतरे में है तो वह अपने मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकती है।

### पाकिस्तानी अदालत ने आठ मामलों में इमरान खान की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने पिछले महीने न्यायिक परिसर में हुए दंगा सहित आठ मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान (70) की अंतरिम जमानत की अवधि बृहस्पतिवार को 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक की अध्यक्षता वाली इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की दो सदस्ईय पीठ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान की जमानत याचिका पर सुनवाई की।

## सऊदी अरब और ईरान अपने दूतावासों को पुनः खोलने एवं हवाई यात्रा सुगम बनाने पर सहमत

भाषा। बीजिंग



**सऊदी अरब** और ईरान अपनी-अपनी राजधानी और अन्य शहरों में राजनयिक मिशन को फिर से खोलने पर सहमत हो गए हैं। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।इस रिपोर्ट की तत्काल आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट के अनुसार समझौते में दोनों देशों के बीच उड़ानों को फिर से शुरू करने की संभावना का अध्ययन करने और दोनों देशों के नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने की भी बात की गई है। सऊदी अरब और ईरान लंबे समय से क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी रहे हैं लेकिन पिछले महीने चीन की मध्यस्थता के बाद वे सुलह की ओर बढ़ रहे हैं। अगर इस समझौते की पुष्टि हो जाती है तो यह दोनों देशों के बीच सात साल के तनाव के बाद सुलह की दिशा में एक अहम कदम होगा। इस सुलह की प्रक्रिया पिछले महीने शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच प्रारंभिक सुलह समझौता मार्च में चीन की मध्यस्था में हुआ था। माना जाता है कि यह समझौता चीन के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत होगी क्योंकि खाड़ी के अरब देश देख रहे हैं कि अमेरिका धीरे-धीरे मध्य पूर्व से हट रहा है। इस बीच राजनयिक यमन में युद्ध को भी समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। यमन के संघर्ष में ईरान और सऊदी अरब भी शामिल हैं। बृहस्पतिवार की सुबह, सऊदी अरब के सरकारी टीवी चैनल अल-एखबरिया ने प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद और उनके ईरानी समकक्ष, हुसैन अमीरबदोलहियान को हाथ मिलाते हुए और अगल-बगल बैठे हुए दिखाया।

# आपकी नाभि में छिपे हैं कई रहस्य

भाषा। मैरीलैंड



**यह हर किसी के** पास है, लेकिन आप इसके बारे में ज्यादा नहीं जानते। यहां जीवविज्ञानी सारा ल्यूपेन, जो मानव और तुलनात्मक पशु शरीर क्रिया विज्ञान पढ़ाती हैं, नाभि के अंदर और बाहर की व्याख्या कर रही हैं। मेरी नाभि क्यों है?आपकी नाभि चिकित्सकीय रूप से, वह स्थाई निशान है, जहां से आपकी गर्भनाल ने आपके संचार तंत्र को प्लेसेंटा से जोड़ा था, जब आप एक भ्रूण के रूप में गर्भ में थे। भ्रूण साँस नहीं लेते, न खाते हैं और न ही अपशिष्ट को शरीर से बाहर निकालते हैं, इसलिए प्लेसेंटा माँ को ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को उसके रक्तप्रवाह से भ्रूण तक पहुँचाने के लिए एक विनिमय स्थल प्रदान करता है, साथ ही साथ उसके शरीर से अपशिष्ट को निकालने के लिए इकट्ठा करता है।बच्चे के जन्म के बाद, चिकित्सक या अन्य परिचारक नाल को काट देता है और उस स्थान को बंद कर देता है, जो सूख जाता है और लगभग एक सप्ताह के बाद गिर जाता है, जिससे कनेक्शन का बिंदु – आपकी नाभि – शेष रह जाती है।यदि नाल को नहीं काटा जाता है, जैसी कि किसी समय किन्हीं स्थानों पर परंपरा रही है और कुछ अन्य स्थानों पर यह फिर से चलन में आ रहा है, यह बच्चे के जन्म के एक या दो घंटे के बाद बंद हो जाएगा, फिर स्वाभाविक रूप से जन्म के कुछ दिनों बाद अलग हो जाएगा। कुछ स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सकों को चिंता है कि इससे संक्रमण का जोखिम हो सकता है, क्योंकि गर्भनाल प्लेसेंटा से जुड़ी रहती है, जो एक बार मां के शरीर से बाहर आने के बाद एक मृत ऊतक होता है। अगर यह निशान है, तो यह समय के साथ गायब क्यों नहीं होता?यदि आपकी त्वचा की केवल बाहरी परतों को चोट लगती हैं, जैसे कटने या जलने पर, निशान जल्द ही पूरी तरह से गायब हो जाएगा, खासकर युवा लोगों में। और नवजात शिशु बहुत नाजुक होते हैं। लेकिन उन स्थितियों के विपरीत, नाभि में अधिक ऊतक परतें शामिल होती हैं – न केवल त्वचा बल्कि नीचे संयोजी ऊतक तक – इसलिए यह समझ में आता है कि यह ठीक होने के बाद आपके पेट की बाकी परत के साथ जुड़ता नहीं है। कुछ बहुत ही जटिल सर्जरी के बारे में क्या जो निशान नहीं छोड़ती हैं? डॉक्टर कई ऑपरेशन ऐसे तरीके से करते हैं जिससे निशान नहीं पड़ते, जो प्रकृति का तरीका नहीं है।

### कुछ लोगों की नाभि बाहर की तरफ क्यों होती है?

आपकी नाभि का आकार क्लैप के स्थान या आपके डॉक्टर द्वारा गर्भनाल को काटे जाने के स्थान से संबंधित नही है।बाहर की तरफ निकली हुई नाभि सामान्य मानव भिन्नता का एक उदाहरण है, जैसे कुछ लोगो के घुंघराले बाल या डिंपल होते है। जब गर्भनाल का सिरा उसके चारो ओर की त्वचा से बाहर निकलता है, तो आपके पास एक बाहरी भाग होता हैअ लगभग 10ऊ लोगो के पास ए है। किसी भी अवतल नाभि को इनी और उत्तल नाभि को बाहरी कहा जाता है। कभी-कभी बच्चे मे गर्भनाल हर्निया या किसी अन्य चिकित्सा समस्या के कारण बाहर हो सकती है, लेकिन इसमे से अधिकांश सिर्फ आपके जीनो के कारण होते है। अधिक उम्र मे गर्भावस्था के दौरान यह अस्थाई रूप से बाहर भी हो सकता है, जब बढ़ते भ्रूण से पेट का दबाव आपकी नाभि को फैलाता है और इसे बाहर धकेल सकता है।

### अमेरिकाः मिसौरी में बवंडर से पांच लोगों की मौत

**ग्लेन एलन ( अमेरिका )।** अमेरिका के दक्षिणपूर्वी मिसौरी में बुधवार को तड़के एक भीषण बवंडर आने से पांच लोगों की मौत हो गई और इससे व्यापक स्तर पर तबाही मची है। पिछले दो हफ्तों में आया यह तीसरा सबसे घातक तूफान था। मौसम वैज्ञानिकों ने खराब मौसम को लेकर आगाह किया है, क्योंकि इस साल की शुरुआत से ही यहां कई भयानक तूफान आ चुके हैं। मिसौरी में बुधवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे बवंडर आया और सेंट लुइस से लगभग 80 किलोमीटर दक्षिण में बोलिंगर काउंटी के एक ग्रामीण क्षेत्र से होकर गुजरा। इससे पेड़ उखड़ गए, मकान क्षतिग्रस्त हुए और इलाके में भारी तबाही मची। राज्य राजमार्ग गश्ती बल के अधीक्षक एरिक ओल्सन ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बवंडर संबंधी घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। ओल्सन ने बताया कि 12 संरचनाएं तबाह हो गईं और कई दर्जन संरचनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं।

# सीतारमण ने राहुल गांधी पर बोला हमला

**● कहा, अपने बयानों के लिए मांग चुके हैं दो बार माफी लेकिन कहते हैं माफी नहीं मांगूगा**

**भाषा।** बेंगलुरु

**केंद्रीय वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने अडाणी मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे आरोप लगाने की आदत हो गई है। सीतारमण ने यह भी कहा कि राहुल गांधी को दो बार लिखित में माफीनामा देना पड़ा था। वित्त मंत्री ने कहा, 2019 में राफेल विमान खरीद के दौरान आरोप लगाते हुए आप प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसे बयान दे रहे थे कि आपको उच्चतम न्यायालय में माफी मांगनी पड़ी। सीतारमण ने कहा, आज वह कह रहे हैं मैं गांधी हूं, सावरकर नहीं। क्या उन्हें पहले की दो माफी याद है? सीतारमण ने यहां भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, अगर राहुल गांधी वास्तव में सोचते हैं कि अडाणी को ये सब चीजें (अनुचित लाभ) दी गई हैं, तो यह सच नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा, मैं यह भी कहना चाहती हूं कि उन्हें प्रधानमंत्री के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने की आदत हो गई है। हम 2019 के चुनावों से पहले इसे देख चुके हैं, अब वह फिर से ऐसा कर रहे हैं। वह इन सब झूठे आरोपों से कोई सबक नहीं सीखते हैं। सीतारमण ने यह भी सवाल किया कि गांधी ने केरल सरकार द्वारा अडाणी को दिए गए अनुचित लाभ और राजस्थान में कंपनी की एक सौर ऊर्जा परियोजना के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई।

वित्त मंत्री ने कहा, यह (तत्कालीन) कांग्रेस सरकार (केरल में) थी, जिसने अडाणी को विझिंजम



बंदरगाह दिया था। यह किसी निविदा के आधार पर नहीं दिया गया था। अब वह (कांग्रेस) सरकार नहीं है, बल्कि माकपा नीत सरकार है। लेकिन उन्हें यह पूछने और मांग करने से किसने रोका कि केरल उस आदेश को रद्द कर दे? सीतारमण ने कहा, (कांग्रेस शासित) राजस्थान में अडाणी को समूची सौर ऊर्जा परियोजना दी गई है। राहुल गांधी को किसने रोक रखा है? उन्होंने अडाणी को छत्तीसगढ़ में भी परियोजनाएं मिलने का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारों से साठगांठ रखने वाले पूंजीपतियों को फायदा हुआ। सीतारमण ने कहा, मैं उन्हें (राहुल गांधी को) आदेश की प्रति फाड़ने और उन आदेशों को रद्द करने की चुनौती देती हूं। वह अडाणी के साथ राजस्थान के समझौते को क्यों नहीं खत्म कर कहते कि यहां सौर ऊर्जा नहीं है।

## पूर्वोत्तर को गंवा चुके थे नेहरूः वित्त मंत्री

**बेंगलुरु।** भारत-चीन सीमा पर चीनी कार्रवाई के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पूर्वोत्तर को गंवा दिया था। सीतारमण ने कहा कि 1962 में, पूरे पूर्वोत्तर को भाग्य के सहारे छोड़ दिया गया था और नेहरू ने इस क्षेत्र को गंवा दिया था। वित्त मंत्री ने कहा, हमने चीनियों को अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से रोक दिया है, हमारी कार्रवाई इसे बयां करता है। इसलिए वे (कांग्रेस) यह कहते रहते हैं कि ओह, प्रधानमंत्री बोलते नहीं हैं। मैं चाहती हूं कि वह (राहुल गांधी) पहले जांच करें कि उनके प्रथम प्रधानमंत्री, हमारे पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने क्या कहा था। वह पूर्वोत्तर को गंवा चुके थे। अगर आप अरुणाचल प्रदेश और असम के कुछ हिस्सों में जाएंगे, तो लोग खुद ही बताएंगे। अरुणाचल प्रदेश के लोग क्षेत्र में भारत के साथ डटे रहे और हर चीनी को वहां से भागना पड़ा था। कांग्रेस ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कई स्थानों का नाम बदलने पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई थी और आरोप लगाया था कि यह पड़ोसी देश को मोदी की ओर से दी गई क्लीन चिट और सीमा पर चीनी कार्वाइयों पर उनकी चुप्पी का परिणाम है।

# राष्ट्रपति मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर असम पहुंचीं



**गुवाहाटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को असम पहुंचीं, जहां वह कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों ने गोलाघाट जिले के बोकाखात में जनरल फील्ड हेलीपैड पर मुर्मू का स्वागत किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने ट्वीट किया, आदरणीय राष्ट्रपति जी, असम में आपका स्वागत है। हम आपकी उपस्थिति और आशीर्वाद पाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

राष्ट्रपति काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान गईं हैं जहां वह रात्रि विश्राम करेंगी। वह बागोरी में पार्क के पश्चिमी रेंज का दौरा करेंगी और फिर शाम को कोहोरा में केंद्रीय रेंज में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

राष्ट्रपति शुक्रवार को सुबह उद्यान में दो दिवसीय गज उत्सव-2023 का उद्घाटन करेंगी और बाद में गुवाहाटी में माउंट कंचनजंगा अभियान-2023 को झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। शुक्रवार को मुर्मू गौहाटी उच्च न्यायालय के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में भी हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू शनिवार को तेजपुर वायुसेना स्टेशन से सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी। फिर वह दिल्ली रवाना हो जाएंगी।

## अदालत ने दो नाबालिग पाकिस्तानी नागरिकों को भारतीय नागरिकता का निर्देश देने से इनकार किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने दो नाबालिग पाकिस्तानी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का अधिकारियों को निर्देश देने से इनकार कर दिया है। दो नाबालिग पाक नागरिकों ने अदालत से उन्हें नागरिकता प्रदान करने के लिए भारतीय अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया था। नाबालिगों ने अपनी मां के जरिए उच्च न्यायालय का रुख किया था जो एक भारतीय हैं। उनके पिता पाकिस्तानी हैं। दो नाबालिग, 17 वर्षीय एक लड़की तथा 14 वर्षीय एक लड़का दुबई में पैदा हुए थे और अब अपनी मां अमीना के साथ बेंगलुरु में रहते हैं। न्यायमूर्ति ने अपने फैसले में कहा कि उन्होंने अपना पाकिस्तानी पासपोर्ट जमा कराया है, लेकिन उस देश की नागरिकता नहीं छोड़ी है। पाक के कानून के मुताबिक वे 21 साल की उम्र के बाद ही अपनी नागरिकता छोड़ सकते हैं और ऐसे में उन्हें भारत की नागरिकता नहीं दी जा सकती।

# ट्विटर पर भिड़े रमेश और ज्योतिरादित्य

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच बृहस्पतिवार को ट्विटर पर उस वक्त वाकयुद्ध देखने को मिला जब रमेश ने ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि सिंधिया राजघराने ने झांसी की रानी के साथ विश्वासघात किया था। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रमेश पर पलटवार करते हुए कहा कि मराठे - सिंधिया, पेशवा और झांसी के नेवालकर अंग्रेजों के विरुद्ध एक साथ थे तथा ऐसे में कांग्रेस नेता को विभाजनकारी राजनीति बंद करनी चाहिए।

दिलचस्प बात यह है कि रमेश ने अपनी दावे के पक्ष में विनायक दामोदर सावरकर की पुस्तक का हवाला दिया तो सिंधिया ने अपने पक्ष में जवाहरलाल नेहरू की किताब के एक अंश का उल्लेख किया। रमेश ने सिंधिया पर कटाक्ष करते हुए कवित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की एक मशहूर रचना का एक अंश ट्वीट किया, अंग्रेज़ों के मित्र सिंधिया ने छोड़ी राजधानी थी, बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी,





खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी।

इसे रिट्वीट करते हुए सिंधिया ने कहा, कविताएं कम और इतिहास ज्यादा पढ़ें। जवाहरलाल नेहरू की किताब, ग्लिम्पसेज ऑफ वर्ल्ड हिस्ट्री में कहा गया है: इस प्रकार उन्होंने (मराठों ने) दिल्ली साम्राज्य को जीता। मराठा ब्रिटिश वर्चस्व को चुनौती देने के लिए बने रहे। लेकिन मराठा शक्ति ग्वालियर के महादजी सिंधिया की मृत्यु के बाद टुकड़े-टुकड़े हो गई।

इसके बाद रमेश ने एक और ट्वीट किया, इतिहास की कोई किताब उठा लीजिए। 1857 में झांसी की रानी के साथ गद्दारी के मुद्दे पर सभी इतिहासकार एकमत हैं। आपके नए भगवान सावरकर ने भी अपनी किताब 1857 का स्वातंत्र समर में रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे और अन्य लोगों के साथ सिंधिया की गद्दारी का जिक्र किया है। इतिहास आप पढ़िए। फिर सिंधिया ने कहा, कभी 1857 के वीर शहीद तात्या टोपे के वंशज पराग टोपे की खुद की लिखी किताब ऑपरेशन रेड लोटस पढ़िए। ज्ञात हो जाएगा कि किस प्रकार हम मराठे - सिंधिया, पेशवा और झांसी के नेवालकर अंग्रेजों के विरुद्ध एक साथ थे। मराठा आज भी एक हैं। कृपया यह विभाजनकारी राजनीति बंद करें।

# कोर्ट ने गैर दावे वाली जमा राशि से संबंधित याचिका पर जवाब मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय वित्त मंत्रालय से उस जनहित याचिका पर तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है जिसमें उन मृत बैंक जमाकर्ताओं के वैध उत्तराधिकारियों को सूचित करने को लेकर तंत्र बनाने का आग्रह किया गया है जिनके निष्क्रिय बैंक खाते में गैर दावे वाली धनराशि है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पार्दीवाला की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील की इस दलील पर गौर किया कि कारपोरेट कार्य मंत्रालय की ओर से जनहित याचिका पर जवाब दाखिल किया जा चुका है और वित्त मंत्रालय को कुछ समय दिया जा सकता है।

पीठ ने कहा, वित्त मंत्रालय को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया जाता है। पीठ एक पत्रकार सुचेता दलाल की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले अदालत ने दो केंद्रीय



मंत्रालयों, बाजार नियामक सेबी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किए थे। जनहित याचिका में केंद्र सरकार और अन्य को यह निर्देश देने का आग्रह किया गया है वे सरकारी कोष में जमा ऐसी गैर दावेवाली जमा राशि को जमाकर्ताओं के कानूनी उत्तराधिकारियों को प्रदान करना सुनिश्चित करें। याचिका में कहा गया है कि निष्क्रिय बैंक खातों में पड़ी गैर दावेवाली राशि को लेकर कानूनी उत्तराधिकारियों को सूचित करने के लिए एक तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है।

## बिना दावे वाली राशि का पता लगाने को पोर्टल शुरू करेगा रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न बैंकों में बिना दावे वाली जमा राशि का पता लगाने के लिए एक केंद्रीयकृत पोर्टल शुरू करने का फैसला किया है। बैंकों में बड़ी मात्रा में ऐसे खाते हैं जिनमें जिनमें बरसों से कोई लेनदेन नहीं हुआ है। फरवरी, 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने रिजर्व बैंक को करीब 35,000 करोड़ रुपए की ऐसी जमा स्थानांतरित की है, जिनमें पिछले 10 साल से कोई लेनदेन नहीं हुआ है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को चालू वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए कहा कि जमाकर्ताओं और लाभार्थियों की पहुंच को व्यापक करने और उसमें सुधार के लिए एक वेब पोर्टल बनाने का फैसला किया गया है। इसके जरिए विभिन्न बैंकों में जमा बिना दावे वाली राशि का पता लगाया जा सकेगा। सर्च के नतीजों को बेहतर करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) माध्यम का इस्तेमाल किया जाएगा। सबसे अधिक 8,086 करोड़ रुपए की बिना दावे वाली राशि भारतीय स्टेट बैंक में जमा है। इसके बाद पंजाब नेशनल बैंक में 5,340 करोड़ रुपए की बिना दावे वाली राशि है। केनरा बैंक में ऐसी जमा राशि 4,558 करोड़ रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) में 3,904 करोड़ रुपए है। बैंकों के पास जिस जमाराशि पर 10 साल तक कोई दावा नहीं किया जाता है उसे रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता (डीईए) कोष में स्थानांतरित कर दिया जाता है। दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक इस उद्देश्य के साथ काम करता है कि कोई भी नई जमा बिना दावे वाली राशि में नहीं आए। जो राशि बिना दावे के पड़ी है उसे उसके सही लाभार्थी को निर्धारित प्रक्रिया के जरिए दिया लौटाया जाए। दूसरे पहलू पर उन्होंने कहा कि बैंक बिना दावे वाली राशि की सूची अपनी वेबसाइट पर दिखाएंगे।

## सांप्रदायिक तनाव के बाद 700 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले में हल्द्वानी स्थित एक सार्वजनिक स्थान पर नमाजियों के वुजू करने को लेकर दो गुटों में हुए संघर्ष के बाद 700 से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। हल्द्वानी के भोटियापड़ाव क्षेत्र में सोमवार की शाम को दो समुदायों के बीच तनाव तब भड़का जब हिंदु संगठनों के कुछ लोगों ने आवास विकास कालोनी में चल रही मुस्लिम धार्मिक गतिविधियों पर आपत्ति जताई।

यद्यपि नमाज अधिवक्ता जफर सिद्दीकी के घर पर पढ़ी जा रही थी लेकिन नमाज पढ़ने से पहले वुजू के लिए नमाजियों द्वारा समीप ही स्थित एक सार्वजनिक भूखंड का इस्तेमाल किया जा रहा था और इसी को लेकर कुछ लोगों ने ऐतराज जताया। नमाज पढ़ने से पहले हाथ-पैर तथा मुंह धोया जाता है जिसे वुजू कहा जाता है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि एक हिंदु संगठन के कुछ सदस्यों के क्षेत्र में एकत्रित होने तथा उनके द्वारा इमाम शाहिद हुसैन को थप्पड़ मारे जाने से तनाव और बढ गया।

हुसैन ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद, सिद्दीकी ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। भोटियापड़ाव पुलिस थाने के थानाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे और पाया कि सिद्दीकी का मकान अवैध निर्माण है जिसके बाद उन्होंने उसे सील कर दिया। उन्होंने बताया कि संघर्षरत दोनों गुटों को पुलिस थाने लाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने 700-800 लोगों के खिलाफ बलवा तथा हिंसा में शामिल होने के लिए समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे पहले, एक महिला ने पुलिस में शिकायत दी थी कि उक्त खाली भूखंड का उपयोग अनधिकृत धार्मिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है जिससे सार्वजनिक जगह पर अशांति उत्पन्न हो रही है।

## ज्ञानवापी मामलाः रमजान के दौरान मस्जिद वाले इलाके में सील लगे रहने को लेकर न्यायालय में याचिका दायर

**नई दिल्ली।** अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद समिति ने रमजान महीने के दौरान वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वजूखाने में सील लगे रहने को लेकर बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 11 नवंबर को उस क्षेत्र की सुरक्षा अगले आदेश तक बढ़ा दी थी, जहां एक शिवलिंग पाए जाने का दावा किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष बृहस्पतिवार को इस मामले का उल्लेख किया गया। मस्जिद समिति की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रमजान के महीने का हवाला देते हुए मामले की जल्द सुनवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मस्जिद के अंदर एक क्षेत्र को सील करने के कारण वजूखाने का रास्ता भी बंद है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मामले पर 21 अप्रैल को सुनवाई की जाएगी।

# मुक्त, खुले, नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए जापान के दृष्टिकोण को साझा करता है भारत : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत मुक्त, खुले और नियमों पर आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर जापान के दृष्टिकोण को साझा करता है तथा इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों को अपने द्विपक्षीय सहयोग का दायरा बढ़ाना जारी रखना चाहिए। सिंह ने एक बैठक के दौरान जापान के रक्षा उपमंत्री ओका मसामी को यह जानकारी दी। ओका वर्तमान में मुख्य रूप से सातवें रक्षा नीति संवाद में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा पर हैं।

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के भारत दौरे के दो सप्ताह बाद बुधवार को यह संवाद हुआ। किशिदा ने अपने दौरे के दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत को जापान का अपरिहार्य भागीदार बताया। रक्षा नीति संवाद में, भारत और जापान समग्र रणनीतिक जुड़ाव को मजबूत करने के उद्देश्य के



तहत अंतरिक्ष और साइबर जैसे नए और उभरते क्षेत्र में अपने रक्षा सहयोग में विविधता लाने पर सहमत हुए।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह के साथ बैठक में ओका ने रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और बढ़ाने की जापान की इच्छा को दोहराया। मंत्रालय ने कहा, राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत मुक्त, खुले, सुरक्षित और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत के लिए जापान के दृष्टिकोण को साझा करता है और इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों को अपने द्विपक्षीय सहयोग के दायरे का विस्तार करना जारी रखना चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि ओका के साथ भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी भी थे, जिन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में सिंह के मजबूत और सकारात्मक नेतृत्व द्वारा प्रदान की गई प्रेरणा के लिए उनको धन्यवाद दिया।

## क्विक न्यूज

### सरकार को गेहूं की रिकॉर्ड पैदावार की उम्मीद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार को 2022-23 में रिकॉर्ड 11.21 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। गौरतलब है कि देश के कुछ हिस्सों में खराब मौसम से फसल को नुकसान के बावजूद सरकार को गेहूं की रिकॉर्ड पैदावार होने उम्मीद है। हालांकि, इससे फसल की गुणवत्ता कुछ हद तक प्रभावित हो सकती है। सरकार ने 2022-23 फसल वर्ष (जुलाई-जून) में 11.21 करोड़ टन का रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया है। कुछ राज्यों में गर्मी की लहर के कारण इससे पिछले वर्ष में गेहूं का उत्पादन मामूली रूप से घटकर 10.77 करोड़ टन रह गया था। चोपड़ा ने कहा, पिछले दो सप्ताह में खराब मौसम के कारण गेहूं की फसल को कुछ नुकसान हुआ है। सचिव ने कहा कि मध्य प्रदेश में गेहूं की खरीद के लिए गुणवत्ता मानकों में ढील दी गई है और केंद्र जल्द ही पंजाब और हरियाणा में गेहूं की खरीद के लिए गुणवत्ता मानकों में ढील देने पर विचार करेगा। सरकारी एजेंसी एफसीआई और राज्य एजेंसियां कई राज्यों में खरीद शुरू कर चुकी हैं। केंद्र ने सोमवार को कहा था कि प्रमुख उत्पादक राज्यों में हाल की बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल को लगभग 8-10 प्रतिशत नुकसान होने का अनुमान है। सरकार ने आगे कहा कि देर से बुवाई वाले क्षेत्रों में बेहतर उपज की संभावना से इसकी भरपाई हो सकती है।

### कांग्रेस सावरकर के मुद्दे को न उठाने पर सहमत हुईः चव्हाण

**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि उनकी पार्टी वी. डी. सावरकर के मुद्दे को नहीं उठाने पर सहमत हुई है क्योंकि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के तीन सहयोगी दिवंगत हिंदुत्व विचारक के संबंध में अलग-अलग विचार रखते हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा पिछले महीने एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चेतावनी देने के कुछ दिनों बाद उन्होंने एक साक्षात्कार में यह बयान दिया। ठाकरे ने कहा था कि सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि वह सावरकर को अपना आदर्श मानते हैं और इसलिए गांधी को उनका अपमान करने से बचना चाहिए। गांधी सावरकर पर जेल से बाहर निकलने के लिए अंग्रेजों से माफी मांगने का आरोप लगाते रहे हैं। इस मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में चव्हाण ने कहा कि कांग्रेस सावरकर के मुद्दे को नहीं उठाने पर सहमत हो गई है क्योंकि एमवीए सहयोगियों के बीच उनके बारे में अलग-अलग विचार है। एमवीए में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना शामिल हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके चव्हाण ने कहा, लोगों को स्वतंत्रता संग्राम की सच्चाई के बारे में फैसला करने दें। इसमें खेद जताने वाली कोई बात नहीं है। हम इस मुद्दे को नहीं उठाने पर सहमत हुए क्योंकि हमारे सहयोगी सावरकर पर अलग-अलग विचार रखते हैं।

### सरकार ने अखबारों, मीडिया संस्थानों को ऑनलाइन सट्टेबाजी संबंधी विज्ञापन को लेकर आगाह किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को मीडिया संस्थानों को सट्टेबाजी मंचों के विज्ञापनों को लेकर आगाह किया। मुख्यधारा के अंग्रेजी और हिंदी अखबारों में इस तरह की विज्ञापन सामग्री प्रकाशित होने के कुछ दिन बाद यह परामर्श जारी किया गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अंग्रेजी और हिंदी अखबारों में कथित तौर पर सट्टेबाजी की पेशकश करने वाली वेबसाइट के विज्ञापनों और प्रचार सामग्री को प्रकाशित करने के हालिया उदाहरणों को लेकर कड़ा ऐतराज जताया है। मंत्रालय ने एक परामर्श में मीडिया संस्थानों, मीडिया मंचों और ऑनलाइन विज्ञापन बिचौलियों को सट्टेबाजी मंचों के विज्ञापन या प्रचार सामग्री से परहेज करने की सलाह दी। अखबारों, टेलीविजन चैनल और ऑनलाइन समाचार प्रकाशकों सहित सभी मीडिया माध्यमों को सलाह जारी की गई है और ऐसे विशिष्ट उदाहरण पेश किए गए हैं, जहां हाल के दिनों में मीडिया में इस तरह के विज्ञापन दिखाई दिए हैं। मंत्रालय ने एक विशिष्ट सट्टेबाजी मंच द्वारा दर्शकों को अपनी वेबसाइट पर एक स्पोर्ट्स लीग देखने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी आपत्ति जताई, जो प्रथम दृष्टया कॉपीराइट अधिनियम, 1957 का उल्लंघन प्रतीत होता है।

# सेवा भारती का सेवा संगम आज से जयपुर में, भागवत संबोधित करेंगे

**भाषा।** जयपुर

**राष्ट्रीय सेवा भारती** का सेवा संगम सात अप्रैल से जयपुर में होना है जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत संबोधित करेंगे। संगम में देश भर से 800 से अधिक स्वैच्छिक सेवा संगठनों के करीब 3,000 प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। राष्ट्रीय सेवा भारती की महासचिव रेणु पाठक ने संवाददाताओं को बताया कि जामडोली के केशव विद्यापीठ में आयोजित तीन दिवसीय सेवा संगम के पहले दिन शुक्रवार को सरसंघचालक भागवत का संबोधन होगा। पीरामल समूह के चेयरमैन अजय पीरामल मुख्य अतिथि होंगे व संत बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज आशीर्वचन देंगे।

वहीं, सेवा भारती के सेवा कार्यों से जुड़ी प्रदर्शनी का उद्घाटन बृहस्पतिवार को विश्व जाग्रति मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु जी महाराज ने किया। सेवा संगम में देश भर से आए और शिक्षा, स्वास्थ्य और भारत को स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य कर रहे विभिन्न संगठनों ने अपने सेवा कार्यों को स्टॉलों पर प्रदर्शित किया।

पाठक ने बताया कि बीस साल से वंचित, पीड़ित, उपेक्षित और अभावग्रस्त बंधुओं के उत्थान में जुटे सेवा भारती का यह तीसरा महासंगम होगा। उन्होंने कहा, सेवा संगम में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सामाजिक विषयों पर विचार विमर्श होगा। सेवा संगम का मुख्य और निहित उद्देश्य सेवा भारती से जुड़े स्वैच्छिक संगठनों के सामूहिक प्रयासों के बीच तालमेल स्थापित करके एक सामंजस्यपूर्ण, सक्षम और आत्मनिर्भर समाज और समृद्ध भारत का निर्माण करना है। साथ ही स्वयंसेवकों, महिलाओं का उत्साहवर्धन करना और भारत को सुपोषित बनाना भी एक उद्देश्य है।

सेवा भारती का पहला सेवा संगम 2010 में बंगलूरू व दूसरा सेवा संगम 2015 में नई दिल्ली में हुआ था। तीसरे सेवा संगम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, उद्यमी नरसीराम कुलारिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश भैया जी जोशी, सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर, स्वामी माधवानन्द विश्व शान्ति परिषद के संस्थापक विश्वगुरु महामंडलेश्वर परमहंस स्वामी महेश्वरानन्द, विश्व जाग्रति मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु जी महाराज, राजसमंद से संसद सदस्य दिया कुमारी और उद्यमी अशोक बागला के उपस्थित रहने की संभावना है।

## 195 दिन में कोरोना के सर्वाधिक 5,335 दैनिक मामले आए सामने

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 5,335 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,39,054 हो गई है। पिछले 195 दिन में सामने आए ए सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 25,587 पर पहुंच गई है। देश में पिछले साल 23 सितंबर को संक्रमण के 5,383 दैनिक मामले सामने आए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से कर्नाटक तथा महाराष्ट्र में दो-दो और केरल तथा पंजाब में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,30,929 हो गई। संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में सात नाम और जोड़े हैं।

देश में अभी 25,587 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.6 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है। देश में संक्रमण की दैनिक दर 3.32 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 2.89 प्रतिशत है। अभी तक कुल 4,41,82,538 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

## मदरसे का शिक्षक ट्रेन में किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बृहस्पतिवार को ट्रेन में एक किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक मदरसा शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कल्याण रेलवे पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक मुकेश धागे के मुताबिक, पीड़िता पुणे से मुंबई जाने के लिए सिंघाड़ एक्सप्रेस में सफर कर रही थी, उसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर उसका वीडियो बनाया और तस्वीरें लीं तथा उसे अनुचित तरीके से छुआ भी। बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला 29 वर्षीय आरोपी मदरसे में शिक्षक है। मुकेश धागे ने बताया, किशोरी के शोर मचाने पर सहयात्रियों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। उस पर भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं। यह मामला कर्जत रेलवे पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया है क्योंकि जब यह घटना हुई तब ट्रेन उस पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में थी।

# ठाकुर-गुरबाज व स्पिनरों के दम पर जीता केकेआर

## ● रॉयल बेंगलोर को 81 रन से हराया

**भाषा।** कोलकाता



**कोलकाता नाइट** राइडर्स (केकेआर) ने रहमनुल्लाह गुरबाज (57 रन) और शार्दुल ठाकुर (68 रन) के अर्धशतकों के बाद स्पिनरों (नौ विकेट) की बदौलत गुरूवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 81 रन से हरा दिया। ठाकुर की रिंकु सिंह (46 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी से केकेआर ने सात विकेट पर 204 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर केकेआर ने अपने स्पिनर वरूण चक्रवर्ती (15 रन देकर चार विकेट), सुनील नारायण (16 रन देकर दो विकेट) और सुयश शर्मा (30 रन देकर तीन विकेट) की फिरकी में फंसाकर आरसीबी को कोई साझेदारी नहीं बनाने दी जिससे टीम 17.4 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। इम्पैक्ट प्लेयर सुयश शर्मा ने पदार्पण में प्रभावित किया। दिल्ली के इस लेग स्पिनर ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट झटके दिए जिससे 13वें ओवर में आरसीबी का स्कोर छह विकेट पर 86 रन था और वह बड़ी हार की कगार पर खड़ी थी और औपचारिकता ही बची थी। इससे पहले विराट कोहली (21 रन) और फाफ डुप्लेसी (23 रन) ने आरसीबी को अच्छी शुरूआत कराई। कोहली ने पहली ही गेंद को चौके के लिए पहुंचाया। लेकिन दोनों क्रमश: पांचवें और छठे ओवर में एक ही तरह से बोल्ड हो गए। नारायण ने कोहली के ऑफ स्टंप उखाड़े जिसका दर्शकों ने खूब जश्न मनाया। रहस्यमई स्पिनर चक्रवर्ती ने अपनी टीम को डुप्लेसी के रूप में एक और महत्वपूर्ण विकेट दिलाया। इससे पावरप्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 50 रन था। चक्रवर्ती ने अपनी फिरकी का जादू दिखाते हुए आठवें ओवर में ग्लेन मैक्सवेल (05) और हर्षल पटेल (00) को आउट कर आरसीबी की समस्या बढ़ा दी। शाहबाज अहमद फिर नारायण की गेंद को स्वीप करने कोशिश में आउट हो गए जिससे आरसीबी ने नौ ओवर में 61 रन पर पांच विकेट खो दिए थे। मैच में सिर्फ एक विकेट ही तेज गेंदबाज के नाम रहा, वो माइकल ब्रेसवेल (19 रन) का था जिन्हें ठाकुर ने आउट किया। वहीं केकेआर ठाकुर और रिंकु के बीच 47 गेंद में छठे विकेट के लिए शतकीय भागीदारी 200 रन के करीब पहुंचा जबकि 12वें ओवर में स्कोर पांच विकेट पर 89 रन था। ठाकुर ने संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए अपनी 29 गेंद की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े और आईपीएल में अपना पहला अर्धशतक लगाया। इन तीनों बल्लेबाजों के अलावा केकेआर का कोई भी खिलाड़ी दोहरे अंक तक नहीं पहुंचा। गुरबाज 44 गेंद का सामना किया जिसमें छह चौके और तीन छक्के जड़े थे। रिंकु ने भी ठाकुर का अच्छा साथ निभाते हुए 33 गेंद में दो चौके और तीन छक्के लगाए जिसमें 101 मीटर लंबा छक्का भी शामिल रहा। आरसीबी के लिए डेविड विली (एक मेडन, 16 रन देकर दो विकेट) और कर्ण शर्मा (26 रन देकर दो विकेट) ने एक ओवर में केकेआर को दोहरे झटके दिए लेकिन टीम के गेंदबाज ठाकुर की पारी पर लगाम नहीं कस सके। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद गुरबाज और वेंकटेश अय्यर (03) अपने घरेलू मैदान पर पारी का आगाज करने उतरे। बालीवुड स्टार और केकेआर के सह मालिक शाहरूख खान भी अपनी टीम के प्रोत्साहन के लिए खचाखच भरे ईडन गार्डन्स स्टेडियम में मौजूद थे।

### स्कोरबोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** गुरबाज का आकाशदीप बो कर्ण शर्मा 57, अय्यर बो विली 03,सिंह बो विली 00, राणा का कार्तिक बो ब्रेसवेल 01,रिंकू का कार्तिक बो हर्षल पटेल 46,रसेल का कोहली बो कर्ण शर्मा 00,ठाकुर का मैक्सवेल बो सिराज 68,नारायण नाबाद 00, यादव नाबाद 06,**अतिरिक्त :** 23,**कुल :** 20 ओवर में सात विकेट पर 204 रन,विकेट पतन : 1-26, 2-26, 3-47, 4-89, 5-89, 6-192, 7-198,**गेंदबाजी :** सिराज 4-0-44-1,विली 4-1-16-2,आकाशदीप 2-0-30-0,ब्रेसवेल 3-0-34-1, अहमद 1-0-6-0,शर्मा 3-0-26-2,पटेल 3-0-38-1

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** कोहली बो नारायण 21,डुप्लेसी बो वरुण चक्रवती 23, ब्रेसवेल का राणा बो ठाकुर 19,मैक्सवेल बो वरुण चक्रवर्ती 05, पटेल बो वरुण चक्रवर्ती 00,अहमद का ठाकुर बो नारायण 01, कार्तिक का वरुण चक्रवर्ती बो सुयश शर्मा 09,रावत का नारायण बो सुयश शर्मा 01, विली नाबाद 20, शर्मा का राणा बो सुयश शर्मा 01,आकाशदीप का एवं बो वरुण चक्रवर्ती 17,**अतिरिक्त :** 06,**कुल :** 17.4 ओवर में सभी आउट 123 रन, विकेट पतन : 1-44, 2-46, 3-54, 4--54, 5-61, 6-83, 7-84, 8-86, 9-96,**गेंदबाजी :** उमेश 2-0-17-0,टिम 2-0-25-0,नारायण 4-0-16-2,चक्रवर्ती 3.4-0-15-4, शर्मा 4-0-30-3,ठाकुर 2-0-15-1

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### रिचर्डसन की जगह मेरेडिथ मुंबई इंडियन्स टीम में



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियन्स ने गुरुवार को चोटिल तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन के विकल्प के तौर पर रिली मेरेडिथ को अपनी टीम में शामिल किया। रिचर्डसन की पैर की मांसपेशियों में चोट है और वह इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हो गए थे। उनके विकल्प के तौर पर टी में जगह बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मेरेडिथ ने पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और आठ विकेट चटकाए हैं। यह 26 वर्षीय तेज गेंदबाज इससे पहले आईपीएल में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियन्स की ओर से खेल चुका है। आईपीएल के अनुसार, वह डेढ़ करोड़ रुपए में मुंबई इंडियन्स से जुड़े हैं।

### बटलर की अंगुली में टांके लगे थे इसलिए अश्विन से पारी की शुरुआत कराई : सैमसन

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में बुधवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच रन की हार के बाद रविचंद्रन अश्विन से पारी का आगाज कराने के फैसले का बचाव किया। पंजाब ने कप्तान शिखर धवन (56 गेंद में 86 रन, नौ चौके, तीन छक्के) और प्रभसिमरन सिंह (34 गेंद में 60 रन, सात चौके, तीन छक्के) के बीच पहले विकेट की 90 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 197 रन बनाए। धवन ने जितेश शर्मा (27) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। इसके जवाब में नाथन एलिस (30 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने राजस्थान रॉयल्स की टीम शिमरोन हेटमायर (17 गेंद में 36 रन, तीन छक्के, एक चौका) और ध्रुव जुरेल (15 गेंद में नाबाद 32, दो छक्के, तीन चौके) के बीच सातवें विकेट के लिए 26 गेंद में 61 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 192 रन ही बना सकी। कप्तान संजू सैमसन (42) रॉयल्स की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे।

#### बीच के ओवरों में लय गड़बड़ाने से हारे



**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि बीच के ओवरों में लय गड़बड़ाने से उनकी टीम को इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के हाथों पांच रन से करीबी हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान रॉयल्स की टीम 198 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिर मे सात विकेट पर 192 रन ही बना पाई। सैमसन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने वास्तव मे अच्छी शुरूआत की थी। हमने पावर प्ले मे अच्छा खेल दिखाया था। बीच के ओवरों में हमे कुछ बाउंड्री की उम्मीद थी लेकिन उन्होने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। मुझे लगता है कि यहां पर हमारी लय थोड़ा गड़बड़ा गई थी।

### टॉप्ले कंधे की चोट के कारण आईपीएल से बाहर



**कोलकाता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले कंधा खिसकने के कारण गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हो गए। टॉप्ले को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के पहले घरेलू मैच के दौरान चोट लगी थी। आरसीबी के मुख्य कोच संजय बांगड़ ने यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टीम के मैच के दौरान कहा, टॉप्ले आईपीएल से बाहर हो गए हैं और स्वदेश लौट गए हैं। उनके विकल्प की घोषणा जल्द ही की जाएगी। बांगड़ ने साथ ही बताया कि श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा के 10 अप्रैल और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के 14 अप्रैल को टीम से जुड़ने की उम्मीद है। हेजलवुड चोट के कारण भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे।

### टकर का शतक, आयरलैंड ने वापसी की

**मीरपुर।** लोकरान टकर (108 रन) ने पदार्पण में शानदार शतक जड़ा जिससे आयरलैंड ने गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में वापसी की। तीसरे दिन सुबह आयरलैंड ने चार विकेट पर 27 रन से खेलना शुरू किया और पांचवां विकेट 51 रन पर गंवा दिया था। उस पर बांग्लादेश के मजबूत स्पिन आक्रमण के खिलाफ पारी से हार का खतरा मंडरा रहा था।

### सीधा प्रसारण नहीं होने से आईलीग क्लब नाखुश

**नई दिल्ली।** आईलीग के कई क्लब नाखुश है कि केरल में उनकी टीम की मौजूदगी वाले सुपर कप के क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों का सीधा प्रसारण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि प्रसारणकर्ता उनके साथ सौतेला बर्ताव कर रहा है। सुपर कप के मुकाबलों के प्रसारण से जुड़ा मामला अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का विपणन साझेदार एफएसडीएल देखता है जो इंडियन सुपर लीग का आयोजक भी है।

### कलिकेश ने एनआरएआई अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** रनिंदर सिंह के लंबी छुट्टी पर जाने के बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष का पदभार संभाला। खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के अध्यक्ष राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार 12 साल से अधिक समय तक पद पर नही रह सकते है जिसके बाद रनिंदर अवकाश पर चले गए थे। उन्हे सितंबर 2021 मे फिर से एनआरएआई का अध्यक्ष चुना गया था।

### बार्सिलोना को हराकर रियाल मैड्रिड कोपा कप के फाइनल में

**बार्सिलोना।** करीम बेंजेमा की एक और हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना को 4-0 से करारी शिकस्त देकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मे प्रवेश किया।यह 1963 मे 5-1 से जीत के बाद पहला अवसर है जबकि रियाल मैड्रिड ने बार्सिलोना को उसके घरेलू मैदान कैंप नोउ मे चार गोल के अंतर से हराया।

### सचिन के 50वें जन्मदिन पर नया तोहफा

**मुंबई।** सचिन की उपलब्धियों पर तनिष्क नया उत्पाद बनाया है। प्रतिभा और दुर्लभता का अनूठा मिलाप कई चमकदार नैनो.फ सेट्स के साथ बनाया गया कलेक्शन जो है ब्रिलियंट बाय डिज़ाइन। भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एकहिस्सा तनिष्क ने प्रस्तुत किया है शानदार सॉलिटेयर कलेक्शन -39यसेलेस्ट सचिन तेंदुलकर-रु39य। मास्टरब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के 50 वें जन्मवर्ष के दौरान उनके 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों का जश्न मनाते हुए उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए तनिष्क ने इस कलेक्शन को बहुत ही सावधान, सटीकता और परफेक्शन के साथ तैयार किया है। इस शानदार कलेक्शन के लॉन्च पर मार्केटिंग एंडरिटेल अरुण नारायण ने कहा जयतनिष्क सेलेस्ट का शुभारंभ हमारे लिए यक़ीनन यादगार रहेगा।

### इंडियन इलेवन फाइनल में

**लखनऊ।** इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब ने बृजेंद्र त्रिपाठी-63 व देवाशीष पाण्डेय 53 के अर्धशतक के बाद विराट जायसवाल 5 विकेट की गेंदबाजी से 18वीं बाबू बनारसी दास बी डिवीज़न क्रिकेट लीग के दूसरे सेमीफाइनल में सेंट्रल क्रिकेट क्लब को 25 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। डा.अखिलेश दास गुप्ता क्रिकेट स्टेडियम पर इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 6 विकेट पर 233 रन का विशाल स्कोर बनाया।

# घर में फिर जीत से जोश भरने उतरेगी लखनऊ जायंट्स

## ●सनराइजर्स हैदराबाद से मुकाबला आज







**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चेपक में** चेन्नई सुपरकिंग्स के हाथों हार का जख्म मिटाने के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम एक बार फिर घरेलू मैदान पर खेलने को तैयार है। केएल राहुल अटल बिहारी बाजपेई इकाना स्टेडियम में जीत से जोशभरने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद को हराने को बेताब है। उधर पहले मैच में करारी हार झेलने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम नए कप्तान एडन मार्कराम सहित दक्षिण अफ्रीका के अपने खिलाड़ियों की वापसी के बाद लखनऊ के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में नए सिरे से शुरूआत करने के लिए उतरेगी। मार्कराम की अनुपस्थिति में पहले मैच में भुवनेश्वर कुमार की अगुवाई में सनराइजर्स को राजस्थान रॉयल्स के हाथों 72 रन से करारी हार झेलनी पड़ी थी लेकिन अब अपने कप्तान सहित मार्को जॉनसेन और हेनरिक क्लासेन के टीम से जुड़ने से उसे मजबूती मिली है। सनराइजर्स 2021 में अंतिम और पिछले साल 10 टीमों के बीच आठवें स्थान पर रहा था। इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उसका दारोमदार मार्कराम के नेतृत्व कौशल पर टिका है। लेकिन पहले मैच में उसने निराशाजनक प्रदर्शन किया। राजस्थान रॉयल्स ने इस मैच में पावर प्ले में ही एक विकेट पर 85 रन बना दिए थे और फिर पांच विकेट पर 203 रन के स्कोर का बचाव करते हुए पहले छह ओवरों में दो विकेट पर केवल 30 रन दिए थे। ब्रायन लारा की कोचिंग वाली सनराइजर्स को अब विशेषकर पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मार्कराम के आने से उसकी बल्लेबाजी मजबूत हुई है जबकि जॉनसेन उसकी गेंदबाजी को पैनापन दे सकते हैं। पिछले मैच में टी नटराजन को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। अफगानिस्तान के फजलहक फारुकी ने दो विकेट लिए लेकिन इसके लिए उन्होंने 41 रन दिए। भुवनेश्वर कुमार भी अनुभवी होने के बावजूद प्रभावित नहीं कर पाए जबकि उमरान मलिक महंगे साबित हुए। स्पिन विभाग में वाशिंगटन सुंदर और आदिल राशिद भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। सनराइजर्स को अगर विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाना है तो इन दोनों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजी में मयंक अग्रवाल को छोड़कर दो अन्य भारतीय अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जो सनराइजर्स के लिए चिंता का विषय होगा। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसके लिए कप्तान केएल राहुल की फॉर्म चिंता का विषय है क्योंकि वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहे हैं। काइल मायर्स ने हालांकि पहले दोनों मैचों में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार नमूना पेश करके अर्धशतक जड़े थे। गेंदबाजों में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड और भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई ने अभी तक लखनऊकी तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है। अगर वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखते हैं तो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल खड़ी कर सकते हैं।

### कोविड के डर के कारण चीन में एशियाई खेलों से बाहर रह सकती हैं हंपी

नई दिल्ली। एशियाई खेलों में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी इस साल के आखिर में होने वाली महाद्वीपीय प्रतियोगिता से बाहर रह सकती हैं क्योंकि इनका आयोजन चीन में हो रहा है जहां से कथित तौर पर कोविड-19 का घातक वायरस निकला और 2020 में पूरी दुनिया में फैला।

### गोर्याचकिना ने फिडे महिला ग्रां प्री का तीसरा चरण जीता

**नई दिल्ली।** रूस की ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर यहां फिडे महिला ग्रां प्री शतरंज प्रतियोगिता के तीसरे चरण का खिताब जीता। खिताब के तीन दावेदारों गोर्याचकिना, कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबाएवा और चीन की झू जिनर ने बुधवार को अपनी अंतिम दौर की बाजियां ड्रा खेली।

# विलियमसन को करानी होगी सर्जरी

## ● वनडे विश्वकप से हो सकते है बाहर

**भाषा।** वेलिंगटन



**इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए चोटिल होने वाले न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को अपने दाहिने घुटने का ऑपरेशन करवाना होगा और उनका इस साल के आखिर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड लौट गए थे और मंगलवार को स्कैन से पुष्टि हुई कि उनके दाहिने घुटने के एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) में फ्रैक्चर है और उन्हें इसका ऑपरेशन करवाना होगा। विलियमसन अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस की तरफ से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो गए थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान के अनुसार दाहिने हाथ के इस बल्लेबाज का अगले तीन सप्ताह के अंदर ऑपरेशन किया जाएगा। विलियमसन ने यह खबर मिलने के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट और अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, पिछले दिनों मुझे बहुत सहयोग मिला और इसके लिए मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट और गुजरात टाइटंस का आभार व्यक्त करता हूं। यह स्वाभाविक है कि इस तरह की चोट लगने से मैं निराश हूं लेकिन मेरा ध्यान अभी सर्जरी और उसके बाद फिटनेस हासिल करने पर है। विलियमसन ने कहा, इसमें कुछ समय लगेगा लेकिन मैं जल्द से जल्द मैदान पर उतरने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करूंगा। इस तरह की चोट से उबरने और पूर्ण फिटनेस हासिल करने में काफी समय लग जाता है और इसे देखते हुए विलियमसन का अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे विश्वकप तक पूरी तरह फिट होना असंभव लगता है। विलियमसन ने कहा, मैं अगले कुछ महीनों में मुख्य कोच गैरी स्टीड और टीम का कैसे सहयोग कर सकता हूं इस पर ध्यान दे रहा हूं। न्यूजीलैंड के कोच स्टीड को भी लगता है कि विलियमसन का विश्वकप से पहले फिट होना मुश्किल लगता है। हमने उम्मीद नहीं छोड़ी है लेकिन अभी की स्थिति को देखते हुए यह असंभव लगता है। हमारी भावनाएं अभी केन के साथ हैं। यह उनके लिए मुश्किल समय है। यह ऐसी चोट नहीं है जिसकी आप उम्मीद कर रहे थे। यह वास्तव में करारा झटका है। विलियमसन ने दिसंबर 2022 में टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी लेकिन वह सीमित ओवरों के प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कप्तान हैं।

# खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करना चाहते हैं वुड



**लखनऊ।** इंग्लैंड और लखनऊसुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वुड साबित करना चाहते हैं कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं क्योंकि पांच साल पहले इस लुभावनी टी20 लीग में उनका पदार्पण निराशाजनक रहा था। वह लखनऊसुपर जायंट्स के लिए अभी तक पहले दो मैचों में आठ विकेट झटक चुके हैं लेकिन 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए उन्होंने चार ओवर फेंके लेकिन कोई विकेट नहीं झटक सके थे। वुड ने शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा, मुझे लगा था कि मेरा काम पूरा नहीं हुआ था जो यहां आकर खेलने और खुद को (आईपीएल के) बड़े मंच पर साबित करने का था। मैं विश्व कप फाइनल्स (50 ओवर और टी20 दोनों) में इंग्लैंड के लिए खेल चुका हूं लेकिन इस बार मैंने खुद को बेहतर तरीके से साबित करने की कोशिश की है जिसमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेल रहे हैं। वुड ने कहा, मैं यह साबित करने की कोशिश करूंगा कि मैं इस स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कर सकता हूं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं उस समय चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने के लिए तैयार था। मैंने एक मैच खेला और इसी में खराब प्रदर्शन रहा।

### शमीम खान ने दिन का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला, तीसरे दौर में बढ़त बनाई

**नोएडा।** अनुभवी गोल्फर शमीम खान ने हवा भरे हालात का डटकर सामना करते हुए गुरूवार को यहां एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि के दिल्ली-एनसीआर ओपन के तीसरे दौर में चार अंडर 68 के कार्ड से दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। दिल्ली के शमीम (35, 69, 68) ने कुल आठ अंडर 172 के स्कोर से चार पायदान के फायदे से एक शॉट की बढ़त बना ली है।

### ड्रेसिंग रूम में मजाक अब स्वीकार्य नहीं: ईसीबी

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा है कि ड्रेसिंग रूम के मजाक को अब स्वीकार्य व्यवहार नहीं बल्कि इसे अपशब्द माना जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीमों को भी फिर से निर्धारित करना होगा कि उनके ड्रेसिंग रूम में स्वीकार्य व्यवहार क्या है और क्या नहीं। उन्होंने इस साल फरवरी में ईसीबी के मुख्य कार्यकारी का पद संभाला था।

# भारत फीफा रैंकिंग में 101 वें पायदान पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय पुरुष** फुटबॉल टीम हाल में संपन्न त्रिकोणीय टूर्नामेंट में म्यामां और किर्गिस्तान पर जीत की बदौलत नवीनतम फीफा रैंकिंग में गुरुवार को पांच स्थान के फायदे से 101वें स्थान पर पहुंच गई। पिछले महीने म्यामां और किर्गिस्तान के खिलाफ क्रमश: 1-0 और 2-0 की जीत की बदौलत भारत ने 8.57 रेटिंग अंक हासिल किए और पांच स्थान की छलांग लगाने में सफल रहा। भारत पिछली रैंकिंग में 106वें स्थान पर था। यह साल की पहली रैंकिंग है। पिछली रैंकिंग पिछले साल 22 दिसंबर को जारी की गई थी। भारत न्यूजीलैंड से एक स्थान पीछे और कीनिया से एक स्थान आगे है। इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में खेलने वाली भारतीय टीम के 1200.66 अंक हैं और वह एशिया के 46 देशों के बीच 19वें पायदान पर है। भारत की सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग 94 है जो उसने 1996 में हासिल की थी। विश्व चैंपियन अर्जेन्टीना एक स्थान के फायदे से विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। इसके बाद शीर्ष 10 में फ्रांस, ब्राजील, बेल्जियम, इंग्लैंड, नीदरलैंड, क्रोएशिया, इटली, पुर्तगाल और स्पेन का नंबर आता है। एशियाई देशों में जापान शीर्ष पर है।

### छह साल में पहली बार शीर्ष पर पहुंचा अर्जेंटीना

**ज्यूरिख।** विश्व कप विजेता अर्जेंटीना छह साल मे पहली बार गुरुवार को फीफा विश्व रैंकिंग मे चोटी पर पहुंचने मे कामयाब रहा। अर्जेंटीना ने पिछले महीने दो मैत्री मैचो मे जीत दर्ज की थी जिससे वह ब्राजील को हटाकर चोटी पर पहुंचने मे सफल रहा। ब्राजील को मोरक्को से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया। विश्व कप के फाइनल मे अर्जेंटीना से हारने वाला फ्रांस एक पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफायर्स के लगातार मैचों में नीदरलैंड और आयरलैंड को हराया था। बेल्जियम पहले की तरह चौथे जबकि इंग्लैंड पांचवें स्थान पर है। इसके बाद नीदरलैंड, क्रोएशिया, इटली, पुर्तगाल और स्पेन का नंबर आता है।

### किर्गिस्तान के खिलाफ जीत के बाद भारत को एक और ठोस प्रदर्शन की उम्मीद

**बिश्केक।** एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर के पहले दौर के मुकाबले में किर्गिस्तान के खिलाफ 5-0 की बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां मेजबान टीम के खिलाफ होने वाले दूसरे चरण के मुकाबले में लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। साल के शुरुआती तीन महीने में पांच निराशाजनक नतीजों के बाद थॉमस डेनर्बी के मार्गदर्शन में खेलने वाली भारतीय टीम ने ग्रुप जी के दो चरण के मुकाबले के पहले मैच में मंगलवार को डोलेन उमरजाकोव स्टेडियम में किर्गिस्तान को हराकर जीत की राह पर वापसी की।

### निशिमोटो को हराकर राजावत क्वार्टर फाइनल में

**ओरलियंस (फ्रांस)।** भारत के प्रियांशु राजावत ने शीर्ष वरीय जापान के केंटा निशिमोटो के खिलाफ गुरुवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज करते हुए ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने पिछले रविवार को मैड्रिड स्पेन मास्टर्स का खिताब जीतने वाले दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी निशिमोटो को 21-8 21-16 से हराया।

### शीर्ष वरीय पेगुला और पूर्व चैंपियन कीज चार्ल्सटन ओपन के अगले दौर में

**चार्ल्सटन (अमेरिका)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पूर्व चैंपियन मैडिसन कीज ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में आसान जीत दर्ज की। विश्व में तीसरे नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने 65 मिनट तक चले मैच में रूस की एना ब्लिंकोवा को 6-2 6-0 से हराया। अमेरिका की ही एक अन्य खिलाड़ी और यहां 2019 में खिताब जीतने वाली कीज ने भी अच्छा खेला।

# रामकुमार आईटीएफ फ्यूचर्स टूर्नामेंट के अंतिम आठ में

**भाषा।** चेन्नई



**दूसरे वरीय रामकुमार** रामनाथन ने गुरुवार को यहां चार अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ बीआर आदित्यान मेमोरियल आईटीएफ पुरुष फ्यूचर्स टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रामकुमार ने कजाखस्तान के ग्रिगोरी लोमाकिन को प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6-0, 6-2 से हराया। वह अंतिम आठ के मुकाबले में हमवतन भारतीय खिलाड़ी आठवें वरीय के पूनाचा से भिड़ेंगे जिन्होंने करण सिंह को 6-3, 6-4 से हराया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में चौथे वरीय सिद्धार्थ रावत, सातवें वरीय मनीष सुरेश कुमार और तीसरे वरीय दिग्विजय सिंह भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहे। यूक्रेन के शीर्ष वरीय व्लादिस्लाव ओर्लोव ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उनके प्रतिद्वंद्वी सर्बिया के बोरिस बुतुलिजा जब तीसरे सेट में 1-3 से पीछे चल रहे थे तो मुकाबले से हट गए। पुरुष युगल में परीक्षित सोमानी और मनीष कुमार की जोड़ी को पहला सेट 6-0 से जीतने के बावजूद यूक्रेन के व्लादिस्लाव ओर्लोव और अमेरिक के पैट्रिक टोमान के खिलाफ 6-0, 4-6, 8-10 से शिकस्त झेलनी पड़ी। नितिन कुमार सिन्हा और विष्णु वर्धन की तीसरी वरीय जोड़ी के अलावा साई कार्तिक रेड्डी और टी मचेरिया की जोड़ी भी सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही।